ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● आश्विन कृष्ण पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 12 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 249 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

आमिर खान फिल्म 'सितारे जमीन पर' से करेंगे ... पेज 10 पर



## गागर में सागर

### राज्य सूचना आयोग के पूर्व आयुक्तों के भत्ते में 4200 रुपये प्रतिमाह की बढ़ोतरी




**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड सूचना आयोग से रिटायर मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त को मिलने वाले भत्ते एवं सेवा शर्त में संशोधन किया है। केंद्रीय सूचना आयोग की तर्ज पर राज्य के पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त को आवास के लिए 1500 रुपये का (टेलीफोन-मोबाइल) कॉल की सुविधा थी, उसे बढ़ाकर 4200 रुपये प्लस टैक्स प्रतिमाह किया गया है। इसमें अब ब्रॉडबैंड, इंटरनेट इत्यादि शब्द भी जोड़ दिए गये हैं। पहले ये शब्द नहीं थे। इसके अलावा घरेलू सहायता के लिए संविदा पर हेल्पर को नियुक्त करने की सुविधा भी बढ़ी है। इन हेल्पर को रखने के लिए न्यूनतम वेज 18,000 रुपये मासिक प्लस डीए के साथ भुगतान किया जायेगा। इस खर्च का भुगतान राज्य सरकार करेगी। इस संबंध में बुधवार को कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### हाईकोर्ट में शराब टेंडर की जांच के लिए दायर पीआईएल पर सुनवाई

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में थोक शराब के लिए जारी टेंडर में गड़बड़ी की जांच को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा व जस्टिस आनंद सेन की अदालत में इस जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस संबंध में याचिकाकर्ता उमेश कुमार ने याचिका दाखिल की है। अब इस मामले में दो जनवरी को सुनवाई होगी। साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता को भी सरकार के जवाब पर प्रति उत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पक्ष रख रहे वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि इस मामले में सरकार ने जुलाई में जवाब दाखिल कर दिया है। इस पर अदालत ने कहा कि सरकार की ओर से कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है। सिर्फ याचिकाकर्ता की ओर से 12 मई को एक शपथ पत्र दाखिल किया गया है। अदालत ने फिर से सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि याचिकाकर्ता और उनके वकील पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। ऐसे में उक्त याचिका पर सुनवाई नहीं की जानी चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने अदालत को बताया कि इस मामले में उनके सहायक अधिवक्ता के चचेरे भाई को धनबाद पुलिस ने बिना कारण उठा लिया था और 45 घंटे थाने में रखा। ऐसा सत्ता पक्ष के एक विधायक के कहने पर किया गया।

### पति ने पत्नी की कुदाल से काटकर की हत्या, गिरफ्तार

**दुमका।** जिले के जामा प्रखंड अंतर्गत चिकनियां पंचायत के जरजोखा में पति दिनेश किस्कू ने मंगलवार रात पत्नी मालोती सोरेन (40) को कुदाल से काटकर हत्या कर दी। बुधवार को घटना की सूचना मिलने बुधवार को जामा थाना पुलिस पहुंचकर आरोपित पति को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिये दुमका भेज दिया है। मृतका के भाई मानेशल सोरेन के बयान पर कांड संख्या 95/23 के तहत भादवि की धारा 302 में मामला दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि पति-पत्नी में अक्सर शराब की नशे में थे। इसी बीच किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया और गुस्से में पति ने पत्नी की कुदाल से काटकर हत्या कर दी।

### आईसीसी वर्ल्ड कप 2023

भारत - 273/2 (35 ओवर)

अफगानिस्तान - 272/8 (50 ओवर)

**आज का मैच**

ऑस्ट्रेलिया बनाम द. अफ्रीका लखनऊ (2 बजे से)

# मुख्यमंत्री आज खिलाड़ियों को करेंगे सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षकों को खेलगांव में प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित करेंगे। सम्मान राशि पाने वालों में ओलम्पिक खेलों सहित विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले एवं प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त करनेवाले खिलाड़ी तथा इनके प्रशिक्षक शामिल हैं। मुख्यमंत्री द्वारा इस समारोह में 19 खेलों के लिए 222 खिलाड़ियों के बीच 4,46.20,000 रुपये एवं 15 खेलों के 52 प्रशिक्षकों के बीच 48,30,000 रुपये की सम्मान राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी।

पुरस्कार पाने वालों में सबसे अधिक फुटबॉल के 55 खिलाड़ी, हॉकी के 39, वूशु के 24, आर्चरी के 23, तायकांडो के 17, रेसलिंग के 13, लॉन बॉल के 11, एथलीट के 11 अन्य अन्य खेलों के कुल 222 खिलाड़ी शामिल हैं।



### सरकार ने खिलाड़ी सम्मान राशि में की बढ़ोतरी

**मुख्यमंत्री** के निर्देश पर झारखंड खेल नीति-2022 के तहत राज्य के वैसे खिलाड़ी जिन्होंने राष्ट्रीय, अन्तरराष्ट्रीय और ओलम्पिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त खेलों में पदक प्राप्त किया हो अथवा भागीदारी की हो, उन्हें मिलने वाली सम्मान राशि (नकद पुरस्कार राशि) को बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। अब खिलाड़ियों को कम से कम 50 हजार से अधिकतम पांच करोड़ और प्रशिक्षकों को कम से कम 50 हजार से अधिकतम 25 लाख की खिलाड़ी सम्मान राशि का प्रावधान किया गया है। इस संबंध में झारखंड खिलाड़ी सम्मान राशि उपलब्ध कराने संबंधी मार्ग निर्देशिका 2022 भी निर्गत कर इन्हें मिलने वाली सम्मान राशि में वृद्धि की गई ताकि खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत हो और उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा भी मिल सके।

# पुलिस कांस्टेबल की संदेहास्पद मौत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला बल में पदस्थापित कांस्टेबल अभिषेक कुमार की संदेहास्पद परिस्थितियों में इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। कांस्टेबल अभिषेक कुमार की मौत किस तरह से हुई है इसकी जांच पुलिस कर रही है क्योंकि अभिषेक के गले में निशान मिले हैं।

### क्या है पूरा मामला

रांची पुलिस लाइन में पदस्थापित कांस्टेबल अभिषेक कुमार रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित विनोद कुमार के मकान में बतौर किरायेदार अपनी पत्नी के साथ रहा करते थे। अभिषेक की पत्नी अक्षरा कुमारी ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि मंगलवार की देर रात खाना खाने के बाद उनके पति को सांस लेने में तकलीफ होने लगी और वह कुछ ही देर बाद उल्टियां करने लगे। इसके बाद अक्षरा कुमारी के द्वारा ही अभिषेक कुमार को आनन-फानन में पास के अस्पताल में ले जाया। सेवा सदन अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज करने के ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

**हाईकोर्ट में सीएम के वकील ने कहा**

# समन में कोई स्पष्टता नहीं हैं



### कल ईडी रखेगा अपना पक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईडी के समन के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा दाखिल क्रिमिनल रिट याचिका पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान सीएम हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता और जाने माने राजनीतिज्ञ पी चिदंबरम ने पक्ष रखा। उन्होंने ईडी के समन पर सवाल खड़ा किया। मामले की अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को होगी।

सीएम हेमंत सोरेन की तरफ से पक्ष रख रहे अधिवक्ता पी चिदंबरम ने ईडी के समन पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन को दिए जा रहे समन में स्पष्टता नहीं है। ईडी के द्वारा उन्हें आरोपी के रूप में बुलाया जा रहा या गवाह के रूप में यह स्पष्ट नहीं है। सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पी चिदंबरम यह दलील कोर्ट के समक्ष रखते नजर आए। वहीं ईडी की ओर से एस के राजू ने भी वर्चुअल मोड में पक्ष रखा। दोनों पक्षों की ओर से सुनवाई होने के बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को निर्धारित की है।

अधिवक्ता धीरज कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि 13 अक्टूबर को ईडी को पक्ष रखने के लिए हाई कोर्ट ने कहा है। उन्होंने कहा कि सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से यह कहा गया कि ईडी ने जो समन जारी किया है वह वैध नहीं है, क्योंकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर ना तो कोई एफआईर दर्ज है और ना ही कोई आरोपी या गवाह वो हैं। ऐसे में ईडी समन क्यों भेज रहा है स्पष्ट नहीं है। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई 6 अक्टूबर को थी, जिसमें कोर्ट ने याचिका में पाये गए सभी डिफेक्ट दूर करने का निर्देश दिया था। हाई कोर्ट में ईडी के समन के खिलाफ दी गई चुन। ती में प्रार्थी द्वारा पीएमएलए एक्ट 2002 की धारा 50, 63 की वैधता को चुनौती दी गई है।

### हाईकोर्ट में माइनिंग लीज मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को

झारखंड हाईकोर्ट में खनन पट्टा आवंटन को लेकर दायर सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका पर बुधवार को मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की। उन्होंने अदालत को बताया कि यह केस दूसरे केस से अलग है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी और साली के नाम इंडस्ट्रियल यूज की जमीन ली है। मुख्यमंत्री की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल, महाधिवक्ता राजीव रंजन और पीयूष चित्रेश ने बहस की। उन्होंने अदालत को बताया कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहले ही खारिज किया जा चुका है। इसके बाद सरकार की ओर से याचिकाकर्ता के आरोपों से संबंधित शपथ पत्र पर जवाब दाखिल करने, काउंटर एफि डेविट दायर करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तिथि निर्धारित की गयी है।

### ईडी भेज चुका है पांच नोटिस

रांची जमीन घोटाला मामले में ईडी के द्वारा मुख्यमंत्री को पांच समन जारी किया जा चुका है। ईडी के इन समन के खिलाफ हेमंत सोरेन के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत सोरेन को इस मामले में हाई कोर्ट जाने को कहा था इसके बाद हेमंत सोरेन के द्वारा झारखंड हाई कोर्ट में क्रिमिनल रिट पिटीशन दाखिल की गई है।

# धर्मगुरु कार्डिनल टोप्पो का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



कैथोलिक ईसाइयों के बड़े धर्मगुरु कार्डिनल फादर तेलेस्फोर पी टोप्पो का बुधवार को रांची में हजारों की भीड़ के बीच राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। कार्डिनल टोप्पो का लंबी बीमारी के बाद 4 अक्टूबर को निधन हो गया था। उन्हें रांची के संत मारिया गिरिजाघर परिसर में मदर टेरेसा की प्रतिमा के पास दफनाया गया। अंतिम संस्कार से पहले झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के अंतिम संस्कार में देश के 25 राज्यों के 30 बिशप, 500 फादर और रोम से नियुक्त किये गये वेटिकन सिटी एंबेसी के सदस्य भी शामिल हुए। बता दें कि टोप्पो पूरे एशिया के पहले आदिवासी थे, जिन्हें कार्डिनल बनाया गया था। वह कार्डिनल के साथ-साथ लंबे समय तक ईसाइयों के रांची आर्चडायसिस (धर्मप्रांत) के आर्कबिशप भी रहे। कैथोलिक मिशन में सर्वोच्च धर्मगुरु पोप के बाद कार्डिनल का दर्जा ही सबसे ऊंचा होता है। वह कार्डिनल के पद से 24 जून 2018 को रिटायर हुए थे। रांची के लोएला ग्राउंड में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में करीब 30 हजार लोग जुटे। पिछले पांच दिनों में करीब एक लाख लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। जिस हॉस्पिटल में उन्होंने अंतिम सांस ली, वहां से रांची तक करीब 34 किलोमीटर दूर गिरजाघर में जब उनका शव लाया गया, तब करीब 34 किलोमीटर दूरी लंबी मानव शृंखला बनाकर उन्हें अंतिम विदाई दे गई। अंतिम संस्कार के पहले कार्डिनल को राजकीय सम्मान दिया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद महुआ माजी, राज्य के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, विधायक नेहा तिर्की, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत कई लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए।

**डीजीपी ने सभी रेंज डीआईजी व जिलों के एसपी के साथ की बैठक, कहा**

# सोशल मीडिया पर रखें नजर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीजीपी ने राज्यभर में संवेदनशील व सांप्रदायिक वारदातों के लिहाज से हॉट स्पॉट के चयन व प्रत्येक पूजा पंडाल में सीसीटीवी लगाना सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सभी जिलों के एसपी व रेंज डीआईजी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की। डीजीपी ने सभी जिलों में पर्व त्योहार को लेकर की गई प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान विधि व्यवस्था संधारण की तैयारी, शांति समिति की बैठकों, सांप्रदायिक सद्भाव में खलल डालने वाले असमाजिक तत्वों की पहचान, वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई के अपडेट, अवैध खनन, मादक द्रव्यों की तस्करी के विषयों पर जानकारी ली।

### हॉट स्पॉट के साथ-साथ संवेदनशील पंडाल भी होंगे चिन्हित

जिलों के एसपी को निर्देश दिया गया है कि वह जिलावार हॉट स्पॉट के चयन के साथ-साथ वैसे पंडालों को भी चिन्हित करें जो संवेदनशील हों। ऐसी जगहों पर रोशनी की समुचित व्यवस्था हो, सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। पंडालों के पास प्रतिनियुक्त बल को दंगा रोधी संसाधनों से लैस करते हुए प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया गया है। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखने का आदेश डीजीपी ने दिया है। आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों पर कार्रवाई का आदेश डीजीपी ने दिया है। बैठक के दौरान सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता, एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, आईजी विशेष शाखा प्रभात कुमार, आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज, डीआईजी विशेष शाखा माइकल राज भी मौजूद थे।

### एसपी ने रखा एजेंडा

बैठक के दौरान सभी जिलों के एसपी ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई तैयारियों का एजेंडा रखा। डीजीपी ने सभी जिलों के एसपी को आदेश दिया है कि प्रत्येक जिले में 24 घंटे पुलिस पदाधिकारी व बलों की प्रतिनियुक्ति करें। साथ ही प्रत्येक घटना की सूचना पुलिस मुख्यालय के वरीय पदाधिकारियों व डीजी कंट्रोलरूम को देने का निर्देश दिया गया है।

### लोकायुक्त नियुक्ति मामले की सुनवाई 22 नवंबर को

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति सहित नेता प्रतिपक्ष मामले को लेकर दाखिल विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए एक कमेटी गठित की गई है। जल्द ही लोकायुक्त की नियुक्ति कर ली जायेगी। राज्य सरकार के आग्रह को देखते हुए कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 22 नवंबर निर्धारित की है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा था कि चीफ इंफॉर्मेशन कमिश्नर अ।र लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए शीघ्र बैठक होगी। इससे पहले विधानसभा सचिव ने हाई कोर्ट द्वारा उठाए गये दो बिंदुओं पर हाई कोर्ट में शपथ पत्र दायर किया था, जिसमें कहा गया था कि हाई कोर्ट अपने क्षेत्राधिकार के तहत विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश नहीं दे सकता है।

**बीएचयू ने हाइड्रोजन उत्पादन की अत्याधुनिक क्वांटम-प्रौद्योगिकी विकसित की है**

# बड़ी मात्रा में ईंधन का उत्पादन संभव

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ने एक नई उच्चप्रवाह क्षमता क्वांटम समर्थित हरित हाइड्रोजन उत्पादन प्रौद्योगिकी विकसित की है। यह हरित हाइड्रोजन उत्पादन को बड़ी मात्रा में बढ़ावा दे सकती है। उत्पादन की गई हाइड्रोजन गैस की उच्च शुद्धता के कारण, ईंधन का उपयोग बिना अतिरिक्त शुद्धिकरण के किया जा सकता है। इससे प्रौद्योगिकी की लागत किफायती हो जाती है। यह परिवर्तनकारी नवाचार ऊर्जा उत्पादन से लेकर परिवहन और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अनुप्रयोग संभावनाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने अगली पीढ़ी के क्वांटम-संचालित फोटो-उत्प्रेरक को उच्च प्रोटॉन उपलब्धता और गतिशीलता वाले चार्ज ट्रांसफर सिस्टम के साथ प्रस्तुत किया और ऊर्जा उत्पादन के लिए क्वांटम उत्प्रेरक अनुप्रयोग भी प्रदान किए। विश्वविद्यालय की ग्रीन केपलरेट टीम द्वारा यह प्रौद्योगिकी विकसित की गई है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का कहना है कि डॉ सोमनाथ गराई और प्रोफेसर एस श्रीकृष्णा की टीम द्वारा विकसित इस प्रौद्योगिकी ने पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा विकल्पों के रूप में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग का प्रदर्शन किया। ग्रीन केपलरेट टीम ने भंडारण मुक्त प्रत्यक्ष हाइड्रोजन अंतर-दहन इंजन प्रौद्योगिकियों की परिकल्पना की है। इस टीम ने डीएसटी द्वारा वित्त पोषित इस चालू परियोजना के एक हिस्से के रूप में इंजन क्षमताओं और कार्यात्मकताओं की विभिन्न रेंज के ऑटोमोबाइल में भी इसका प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय का कहना है कि इस प्रौद्योगिकी का पेटेंट, हाइड्रोजन और फ्यूल सेल प्रोग्राम, स्वच्छ ऊर्जा अनुसंधान पहल के तहत बुस्टिंग द एच इकोनॉमी बाई हार्नेसिंग मैरिट ऑफ क्वांटम एनकैप्सुलेशन कैमिस्ट्री, आगमेंटिड काइनेटिक्स फॉर वॉटर स्प्लिटिंग रिएक्शन अंडर कन्फाइनमेंट नामक परियोजना के तहत लंबित है। अत्याधुनिक फोटोकैमिकल-रिएक्टर डिजाइन में सौर ऊर्जा को अधिकतम करने के लिए अंतर्निहित इलुमिनेशन असेंबली और बाहरी अवतल परावर्तक पैनल की सुविधा मौजूद है। इस टीम ने एक सतत इलेक्ट्रॉन युक्त प्रोटॉन ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

# जनजाति समुदाय भारतीय सभ्यता व संस्कृति का अभिन्न अंग : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम/रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि यह महोत्सव केवल हमारी संस्कृति तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे राष्ट्र की समृद्ध विविधता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही जनजाति समुदाय भारतीय सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न अंग रहे हैं। इस समुदाय का समृद्ध इतिहास और परंपरा प्रेरणादायक है और इसकी पूरे विश्व में एक अमिट छाप है।



राज्यपाल बुधवार को पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के गोपाल मैदान में आयोजित आदि महोत्सव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य वीरों की भूमि है। इस राज्य में भगवान बिरसा मुंडा सहित कई महान विभूतियां हुए हैं, जिन्होंने मातृभूमि व समाज के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को पूरे देश में 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया। भगवान बिरसा मुंडा एक समाज सुधारक और दूरदर्शी ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण



**रांची।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग के तत्वावधान में राज्य के कई विधान सभा क्षेत्रों से संबद्ध निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (ई.आर.ओ) को प्रशिक्षण दिया गया। शेष बचे हुए पदाधिकारियों को 14 अक्टूबर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से आये ई.आर.ओ. को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में विभिन्न पहलुओं जैसे जिला चुनाव प्रबंधन योजना, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, स्वीप आदि के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। वहीं दूसरी ओर कार्यालय द्वारा हाल ही में कराए गए कैप( ङअढ) सर्वे के आंकड़ों पर भी उन्होंने विस्तार से समझाते हुए सभी को अपने-अपने स्तर पर तदनुरूप काम करने को निर्देशित किया। नागरिकों के ज्ञान, दृष्टिकोण और व्यवहार के बारे में हुए सर्वे के परिणाम का मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उपयोग कैसे करें, इसकी जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि नागरिकों में निर्वाचन जागरूकता बढ़ाने के लिए पारंपरिक संचार माध्यमों के साथ-साथ नवाचारी समाचार माध्यमों जैसे इंटरनेट, सोशल मीडिया, मोबाईल टीवी आदि का भी सकारात्मक इस्तेमाल करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पता लगायें कि कहीं आपके निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन प्रणाली को लेकर नागरिकों के मन में भ्रांतियां या अज्ञानता तो नहीं है, यदि है तो इसे दूर करने के लिए हम सब को सम्मिलित रूप से प्रयास करना होगा। उन तक डोर टू डोर, सोशल मीडिया, माइकिंग, समाचार पत्र, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक, एल.ई.डी वैन आदि का उपयोग कर लोगों को जागरूक करना है।

### बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र का गांव-गांव में जन संपर्क जागरूकता अभियान चलाया गया



**कांके।** लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू एवं कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक के द्वारा बुढ़मू प्रखंड दौरा के क्रम में साड़म निवासी रामवृत नायक जो पिछले दिनों गंभीर बीमारी के इलाज कराकर घर पर स्वस्थ लाभ ले रहे हैं, मुलाकात कर हाल-चाल जानें। श्री साहू ने बताया रामवृत नायक एक अच्छे व्यक्तित्व के इंसान हैं। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता हैं और उनका पिछले 15 दिनो से गंभीर बिमारी से अस्वस्थ थे। इलाज के बाद फिलहाल उनके स्वास्थ्य में काफी सुधार देखा गया। रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू द्वारा पीड़ित रामवृत नायक को कुछ आर्थिक सहायता कर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिए। साथ ही सामाजिक न्याय के साथ घांसी समाज के प्रबुद्ध ग्रामीणों से उनके रोजी रोजगार आदि पर चर्चा करते हुए उनके समस्याओं को सुना गया और रोजगार बढ़ाने के लिए जिला एवं प्रखंड के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दिया गया। मौके पर कांके प्रखंड अध्यक्ष देवपुजन ठाकुर, संजय लोहरा, दीपक नायक, नारायण यादव, राजेंद्र नायक, संजय नायक सहित अन्य उपस्थित थे।

### हाईमास्ट लाइट लगाने को लेकर भुमि पुजन



**सिल्ली।** सिल्ली के बुढ़ाआम रघुनाथ चौक और सिल्ली के समुदायिक अस्पताल के समीप थाना चौक पर बुधवार को हाई मास्ट लाइट लगाने को लेकर भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह व सुनील सिंह ने किया। जयपाल सिंह ने बताया कि सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो की पहल पर ज्रेडा की ओर से हाई मास्ट लाइट लगाई जा रही है। वहीं उन्होंने बताया कि जल्द ही क्षेत्र के और कई चौक चौराहे हाई मास्ट की रोशनी से रोशन होंगी। इससे लोगों को चौक चौराहों पर अंधेरे से मुक्ति मिलेगी। इस मौके पर थाना प्रभारी आकाशदीप, आजसू प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली, सिल्ली नगर अध्यक्ष भरत देव साय, महावीर महतो, डबलु महली, परिक्षित महली, निर्मल मंडल, हेमंत नायक, जगदीश महतो, मंटु महतो, तरुण महतो, रामकुमार मोदक, करन महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

### मेकॉन कॉलोनी के गार्ड पर युवक की पीटकर हत्या करने का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

**रांची।** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र में मेकॉन के आवासीय परिसर स्थित गार्ड कंट्रोल रूम में स्थानीय बस्ती वालों ने जमकर बवाल काटा। जिसे देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई। लोगों का आरोप है कि गार्ड द्वारा एक व्यक्ति से इतनी मारपीट की गई कि उसकी मौत हो गई। बताया गया कि दो दिनों पूर्व ई-रिक्शा चालक रामनाथ महतो घायल स्थिति में अस्पताल में भर्ती हुए थे लेकिन इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। लोगों का आरोप है कि रामनाथ महतो के साथ मेकॉन के गार्ड के द्वारा मारपीट की गई थी जिस कारण ही उसकी मौत हुई। दरअसल, 02 दिन पूर्व रामनाथ महतो के ई-रिक्शा और एक कार की ठक्कर हुई थी हालांकि दोनों के बीच समझौता हो गया था लेकिन उसके बाद गार्ड रामनाथ को अपने साथ ले गए और मारपीट की और उसके बाद चालक रामनाथ को ई-रिक्शा के साथ पकड़ कर ले आए और उसकी पिटाई की जिस कारण उसकी मौत हो गई। स्थानीय बस्ती वाले घटना से आक्रोशित होकर मेकॉन के गार्ड कंट्रोल रूम पहुंच कर हंगामा करते रहे, लोगों ने पीड़ित को मुआवजा और नौकरी की मांग की।

### केंद्रीय मंत्री ने सांसद को 2779 करोड़ की योजनाओं का ब्यौरा उपलबध कराया

# रांची शहरी क्षेत्र में 32433 शहरी आवास हुए स्वीकृत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा रांची लोकसभा क्षेत्र में 2779 करोड रुपए की परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। इनमें कई और परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और कई पर कार्य चल रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्मार्ट सिटी मिशन, अटल नवीकरण शहरी परिवर्तन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, एनयुएलएम जैसी योजनाओं के माध्यम से बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। शहरी क्षेत्र में शहरी क्षेत्र में जीवन की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हुआ है। इस जानकारी को लेकर केंद्रीय शहरी कार्य और आवास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सांसद संजय सेठ को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में केंद्रीय मंत्री ने रांची लोकसभा क्षेत्र में चल रही योजनाओं का ब्यौरा उपलब्ध कराया है। रांची शहरी क्षेत्र में 32433 शहरी आवास स्वीकृत किए गए हैं जिसमें 16479 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इस कार्य के लिए भारत सरकार के द्वारा 526 करोड रुपए की स्वीकृति दी गई है और 376 करोड़ रूपया जारी भी कर दिया गया है। वही स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को लेकर केंद्रीय मंत्री ने बताया है कि यह प्रोजेक्ट 1980 करोड रुपए का है, जिसमें 24 प्रकार के कार्य होने हैं। 18 प्रकार के कार्य पूर्ण हो चुके हैं जबकि 699 करोड रुपए की लागत से 6 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। वहीं अमृत योजना के तहत रांची में 271 करोड रुपए की लागत से आठ परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, जिसमें 54 करोड रुपए लागत की छह परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। वहीं 221 करोड रुपए की लागत से भी परियोजनाएं पूर्ण हुई हैं। अमृत योजना के तहत 2.31 करोड रुपए की लागत की तीन परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत 6690 लोगों को लाभ दिया गया है। यह राशि 9.75 करोड रुपए की है। वही एनयुएलएम के तहत शहरी क्षेत्र की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को रोजगार के लिए कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाना है। इसके तहत रांची में 3305 और कपाली में 94 स्वयं सहायता समूह तैयार किए गए हैं। जिसमें रांची में 2100 स्वयं सहायता समूह को राशि उपलब्ध कराई गई है जबकि कपाली में 84 स्वयं सहायता समूह को राशि उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावे रांची शहर में 14128 लोगों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें 5224 लोगों का नियोजन विभिन्न संस्थाओं में किया गया है। कपाली में 786 लोगों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें 264 लोगों को विभिन्न संस्थाओं में नियोजित कर लिया गया है। स्ट्रीट वेंडर्स को भी चिन्हित किए जाने की योजना शहरी विकास मंत्रालय के द्वारा चलाई जा रही है। इसके तहत रांची में 10172 वेंडर्स को चिन्हित किया गया है, जिसमें 5880 लोगों को प्रमाण पत्र दिया गया है। जबकि कपाली में 377 वेंडर्स को चिन्हित किया गया है और 342 वेंडर को प्रमाण पत्र जारी किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने सांसद को बताया है कि इन सभी योजनाओं के माध्यम से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर करने की योजना है। यह सभी योजनाएं देश की युगांतरकारी यात्रा के एक अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच चुके है।

### आजसू नेता की आकस्मिक निधन सुप्रीमों ने दी श्रद्धांजलि




**सिल्ली/मुरी।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता पश्चिम बंगाल के बागमुंडी विधानसभा छेत्र के पूर्व प्रत्याशी आशुतोष महातो का आकस्मिक निधन हो जाने से छेत्र में शोक की लहर है।ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से वीमार चल रहे थे और उनका इलाज मुंबई में चल रहा था इलाज के क्रम में मंगलवार को देर रात निधन हो गया।उनके पार्थिव शरीर को वायुयान से रांची लाया गया और रांची से बागमुंडी ले जाने के क्रम में सिल्ली स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में आजसू सुप्रीमों सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो पश्चिम बंगाल प्रभारी सुनील सिंह,संजय सिद्धार्थ, लक्ष्मण महतो,राजेश महतो आदि ने फूलमाला देकर श्रधांजलि दी।आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि उनके निधन से पश्चिम बंगाल में हमारी पार्टी को काफी क्षति पहुंचा है इनकी कमी हमेशा पार्टी को खलेगी।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में लंबित दाखिल खारिज, राजस्व से संबंधित कार्यों की हुई समीक्षात्मक बैठक

# मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन करें



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बैठक में सर्व प्रथम नए पदभार ग्रहण किए अंचल अधिकारियों का स्वागत करते हुए, उन्हें मिलें हुए कार्यों और उनको दिए गए सभी कर्तव्यों को बेहतरी से निभाने को कहा एवं उन्हें कहा की शहरी क्षेत्र में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं में भूमि की आवश्यकता पडती है। सभी योजना एवं विभिन्न भवनों का निर्माण जल्दी हो सके इसके लिए सभी योजनाओं में भूमि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

उपायुक्त रांची ने सभी अंचल अधिकारी से विशेष रूप से कहा की भूमि का सीमांकन, दाखिल खारिज, रैयती जमीन पर लगान लगा कर सरकारी खजाने में लगान जमा कराना, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण ना हो इसके लिए इसे सहेज कर रखना, जितने भी भू-हस्तान्तरण के मामलें भारत सरकार या राज्य सरकार की योजनाओं में देना है, उसका भू-हस्तान्तरण कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त रांची ने सभी अंचल अधिकारी से कहा की उनके अंचलों में कुछ महत्वपूर्ण योजना बड़े पैमाने में चल रहें हैं, उसे पूरा कराने की दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उपायुक्त रांची, द्वारा विभिन्न परियोजना में भू-अधिग्रहण हो रहें है जिसमें कई अंचल अधिकारी अतरिक्त भू-अर्जन पदाधिकारी के रूप में कार्य कर रहें है, उन्हें आगे आ कर सभी परियोजना ससमय पूरा हो सकें इस दिशा में कार्य करें। उपायुक्त रांची, ने सम्बंधित अंचल अधिकारी को झारखण्ड केंद्रीय विश्वविद्यालय चेरी मनातू, बीआईटी मेसरा रांची, रांची हवाई अड्डा में आ रही भूमि की समस्या पर चर्चा करते हुए इसे दूर करने का भी निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया। उपायुक्त द्वारा लंबित दाखिल -खारिज (लंबित 30 दिन बिना (आपत्ति एवं लंबित 90 दिन आपत्ति) एवं भूमि सीमांकन के मामलों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित सभी अंचल अधिकारी को लंबित दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन के मामले का निष्पादन ससमय करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सम्बंधित सभी अंचल अधिकारी से अंचल में लंबित प्रमाण पत्र (जाति/आय/आवसीय) के बारें में जानकारी लेते हुए इसे ससमय बना कर देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के विभिन्न एजेंसियों के भूमि हस्तांतरण के संबंध में अघतन स्थिति आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की जमीन को चिन्हित करते हुए, जमीन ट्रांसफर होते ही इसका दाखिल खारिज तुरंत कर ले ताकि अधिग्रहित भूमि पर अतिक्रमण ना हो एवं भूमि हस्तांतरण हेतु प्राप्त अधियाचना की अंचलवार अद्यतन स्थिति की जानकारी संबंधित अंचल अधिकारी से लेते हुए उन्होंने कहा कि जिस अंचल में भूमि हस्तांतरण का कार्य हो चुका है वहाँ संबंधित अंचल अधिकारी भूमि का म्यूटेशन कराये। सरकारी भूमि जो किसी योजना के तहत ली गई हो।

## श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का किया गया आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 111 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। बुधवार को 112 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के सदस्य एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी श्रद्धालु श्रुती गोयल के जन्मदिवस के सुअवसर पर राँची निवासी उनके माता -पिता विष्णु संगीता गोयल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। आज के भंडारे में संस्था के द्वारा श्रुती गोयल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे आये हुए बच्चों महिलाओ एवं पुरूष श्रद्धालुओं के बीच पुडी, आलु लाल चना टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव एवं मिठाई में केसरिया खीर का वितरण किया गया। संस्था के कार्यक्रम सह संयोजक ओमप्रकाश सरावगी ने विष्णु जी गोयल एव उनकी धर्म पत्नी संगीता गोयल को अन्नापूर्णा भंडारे का स्मृति चिन्ह एव अंग वस्त्र प्रदान कर अन्नापूर्णा माता और राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान का आशिर्वाद प्राप्त किया। रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है।संस्था के सदस्यों एवं समाज के सेवाभावी धर्म प्रेमिजनों के सौजन्य से अभी तक लगातार 111 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण कर चुके है। रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) के प्रांगण मे संस्था के सदस्य विष्णु गोयल, संगीता गोयल,श्रुती गोयल लता केडीया, विशाल जालान के अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। प्रणामी निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा प्रत्येक रविवार को दोपहर 12:30 बजे से पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंदिर के प्रांगण में संस्था के द्वारा की जाती है। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,अनुप अग्रवाल,ओम प्रकाश सरावगी,नन्द किशोर चौधरी, वंदना जालान एवं इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

### केंद्रीय संचार ब्यूरो ने एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

## लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में कलाकारों की अहम भूमिका : डॉ पूनम




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बुधवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रांची के आड्रे हाउस में निजी पंजीकृत दलों का एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अखिल कुमार मिश्रा, अपर महानिदेशक, केंद्रीय संचार ब्यूरो एवं पत्र सूचना कार्यालय, रांची ; पत्र सूचना कार्यालय के संयुक्त निदेशक अब्दुल हमीद, रांची विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य व प्रसिद्ध थिएटर व फिल्म पर्सनालिटी डॉ सुशील कुमार 'अंकन' ; रांची विमेन्स कॉलेज की संगीत की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूनम धान व स्थानीय लोकगीत व नृत्य के प्रसिद्ध कलाकार सुनील कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची द्वारा अंग वस्त्र देकर किया गया। श्री शाहिद रहमान, कार्यालय प्रमुख, केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा अतिथियों व कलाकारों का स्वागत किया गया । कार्यशाला के प्रारंभ में सामूहिक तौर पर स्वच्छता शपथ लिया गया। कार्यशाला के शुभारंभ उपरांत पंजीकृत दलों द्वारा एक - एक कर नाटक /गीत / नृत्य का प्रस्तुतीकरण भारत सरकार के विभिन्न लोक जनकल्याणकारी योजनाओं पर दिया गया जिसमें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, स्वच्छता अभियान , टीकाकरण आदि शामिल है। मंच पर उपस्थित विशेषज्ञ अतिथियों ने प्रस्तुतीकरण को देखा और साथ ही साथ परामर्श एवं मार्गदर्शन दिया जिसमें श्री अखिल कुमार मिश्रा, अपर महानिदेशक ने कहा कि आज के दौर में भी कलाकारों की अहम भूमिका है और इनके मध्य से लगातार जन - जन तक जागरूकता फैलाने का कार्य सुंदर व सशक्त रूप हो रहा है। डॉक्टर पूनम धान , रांची विमेन्स कॉलेज की संगीत की सहायक प्राध्यापिका ने कहा कि कलाकारों के कारण ही आज सुदूर क्षेत्रों में भी सरकार के जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंच रही है।

### रातू में मेरी माटी मेरा देश के तहत कार्यक्रम आयोजित

**रातू।** प्रखंड के उत्तरी पंचायत स्थित डायट परिसर में बुधवार को मेरी माटी मेरा देश के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई।कार्यकम में बतौर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष निर्मला भगत के अलावा सीआरपीएफ 133 बटालियन के सहायक कमांडेड शशिभूषण सिंह, प्रखंड प्रमुख संगीता देवी व सांसद प्रतिनिधि पंचम महतो ने हिस्सा लिया। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की शुरूआत वीर शहीदों को समर्पित बिरसा कला केंद्र के कलाकारों द्वारा नुकड़ नाटक के साथ शुरू किया । इसके उपरांत माटी कलश में सभी पंचायतो ग्रामो की माटी को अमृत कलश में संग्रहित करते हुए पंच प्रण की शपथ रातु बी.डी.ओ. हरी शंकर बारीक द्वारा करवाई गयीककार्यक्रम में सभी गाँव की शेष माटी से पौधारोपण किया गया एवं परम्परिक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ डायट परिसर से काठीटांड चौक तक रैली का आयोजन किया गया। कार्यकम में संजय उरांव, दुर्गा उरांव, राजेश सिंह, इमरान खान, संजीव तिवारी, परमेश्वर गोप, जोसफ तिर्की का प्रमुख रूप से शिरकत किये क कार्यक्रम की सफलता में सहयोगी संस्था बंधन वेलफेयर फाउंडेशन गुटूवाटोली के सचिव रविंदर कुमार एवं अध्यक्ष जीतपहन मुंडा का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम का संचालन नेहरु युवा केंद्र, रांची के उपनिदेशक सर्वेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

पत्रांकः– दिनांक–

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा ई–निविदा संख्या–06/2023-24/RWD/RANCHI, P.R.No.-308674 REO (23-24)_D द्वारा दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। पुनः निविदा आमंत्रित की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR.NO.308889 REO(23-24):D

## चुनाव

### राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

# रुखसाना प्रदेश सचिव व संजीदा प्रदेश महासचिव मनोनीत



**रानी कुमारी ने कहा कि राज्य की जनता केन्द्र सरकार की महंगाई, बेरोजगारी व जन विरोधी नीतियों से त्रस्त है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी है। इस संदर्भ में राजद के प्रदेश कार्यालय, हरमू बायपास रोड में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में काफी संख्या में राजद महिला प्रकोष्ठ की पदधारी व कार्यकर्ता शामिल हुईं।

रानी कुमारी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का परचम लहराएगा। आगामी चुनाव को राष्ट्रीय जनता दल के सभी विंग की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। इस क्रम में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। रानी कुमारी ने कहा कि राज्य की जनता भाजपा गठबंधन की सरकार की जन विरोधी नीतियों से त्रस्त है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा देश की जनता को विभिन्न खेमों में बांटने और सामाजिक समरसता प्रभावित करने का ही काम किया है। बड़े-बड़े पूंजी पतियों और औद्योगिक घरानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से दशकों से स्थापित कई सार्वजनिक उपक्रमों को निजी क्षेत्र में बेचा जा रहा। रानी कुमारी ने कहा कि राज्य की जनता भाजपा के चाल, चेहरे और चरित्र से भलिभांति अवगत हो चुकी है। आगामी चुनाव में भाजपा को जनता सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में राजद महिला प्रकोष्ठ के पदधारियों और कार्यकताओं को निर्देशित किया गया है कि आईएनडीआईए गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने के लिए अभी से ही जुट जांय। इस अवसर पर राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव पिंकी देवी, जिला अध्यक्ष पूनम देवी, शारदा देवी, रूदा देवी, अमरजीत कौर, फुलवा देवी, उषा देवी, चांदनी कुमारी, पुष्पा सिंह, अंजू कुमारी, बबीता देवी, शबनम परवीन, नाजमा खातून, रोशनी खातून, लक्खी देवी, रजिया बानो, आशा देवी सहित काफी संख्या में महिला पदधारी मौजूद थे।

**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – 22/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 19.10.2023 को कार्यालय अवधि तक को (अपराह्न 1:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 20.10.2023 को 01:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 20.07.2021 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

| क्र. | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला परिषद परिसर के गैरेज शेड की जीर्णोद्धार कर एक अदद कमरा एवं बाथरूम का निर्माण कार्य। | 2,91,600.00 | 6000.00 | 750.00 | 01 माह |

नोट :1. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 308906 (District) 23-24 (D)

## गागर में सागर

### मुख्यमंत्री को पुरस्कार राशि वितरण समारोह के लिए किया आमंत्रित



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के डायरेक्टर सुशांत गौरव ने मुलाकात की। उन्होंने 12 अक्टूबर को मेगा स्पोर्ट्स, कॉम्प्लेक्स, होटवार में आयोजित खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) वितरण समारोह-2023 में उन्हें बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

### मुख्यमंत्री से जेसोवा के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एशोसिएशन (जेसोवा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने दो नवंबर से छह नवंबर 2023 तक मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले जेसोवा दिवाली मेला-2023 के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। मौके पर जेसोवा की अध्यक्ष मिनी सिंह, वरीय सदस्य रंजना स्वरूप, उपाध्यक्ष नमिता सिंह एवं प्रीति कुमार, सचिव मनु झा, सदस्य जगता कुमार तथा श्रेया चौरसिया उपस्थित थीं।

### जिला आपूर्ति पदाधिकारी के रुप में प्रदीप भगत ने दिया योगदान

**रांची।** प्रदीप भगत ने बुधवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची के रुप में योगदान दिया। निवर्तमान जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने उन्हें कार्यभार सौंपा। पदभार सौंपने के पश्चात अल्बर्ट बिलुंग ने प्रदीप भगत को शुभकामनाएं दीं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने कहा कि विभाग द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का बेहतर प्रयास होगा। प्रदीप भगत सरायकेला में जिला आपूर्ति पदाधिकारी के तौर पर अपनी सेवा दे चुके हैं।

### डीएसपी और थाना प्रभारी ने किया कई पंडालों का निरीक्षण

**रांची।** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस अलर्ट है। इसी क्रम में मंगलवार देर रात कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय और थाना प्रभारी शैलेश कुमार ने कई पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने राजस्थान मित्र मंडल पूजा समिति का निरीक्षण किया । इस दौरान समस्याओं को जाना और संदिग्ध लोगों को पकड़ कर पूछताछ भी की गई। डीएसपी ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस अलर्ट है, और हर छोटी बड़ी शिकायत पर पुलिस फौरन एक्शन ले रही है। साथ ही उन्होंने पूजा पंडाल के सदस्यों से अपील कि है कि संदिग्ध लोगों की सूचना तुरंत पुलिस को दे।

# बनाये जा रहे पंडालों के भौतिक सत्यापन का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**आयोजकों व पदधारकों को आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को निर्देश दिया गया है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दुर्गा पूजा के अवसर पर विभिन्न पूजा समितियों द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पूजा पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। जिला प्रशासन की टीम द्वारा इन पूजा पंडालों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने पूजा पंडालों की जांच/भौतिक सत्यापन के लिए जिलास्तरीय पदाधिकारियों और सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। पदाधिकारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से पंडालों की जांच/भौतिक सत्यापन करते हुए आयोजकों/पदधारकों को आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया है। थानावार पूजा पंडालों की जांच/भौतिक सत्यापन करने वाले पदाधिकारियों की सूची निम्न हैः 1. कोतवाली थाना -मुंशी राम, अंचल अधिकारी, सदर, रांची। 2. अरगोड़ा



थाना-अरुप कुमार चौधरी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, रांची। गोन्दा थाना-श्वेता भारती, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रांची। 4. चुटिया थाना-कौशलेन्द्र कुमार सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, रांची। 5. जगरनाथपुर थाना-संगीता शरण, जिला कल्याण पदाधिकारी, रांची। 6. डेलीमार्केट थाना-देवनीश होरो, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, रांची। 7.डोरंडा थाना-अंचल अधिकारी, अरगोड़ा। 8.धुर्वा थाना-स्मृति कुमारी, आवासीय दण्डाधिकारी, रांची। 9. पंडरा ओपी-उत्तम कुमार, सचिव, कृषि उत्पादन बाजार समिति, रांची। 10.बरियातु थाना-मनोज कुमार, अंचल अधिकारी, अरगोड़ा। 11. लालपुर थाना- मनीषा तिर्की, विशेष विनिमय पदाधिकारी, रांची। 12. लोअर बाजार थाना-रवि शंकर मिश्रा, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, रांची। 13.सदर थाना-एजी कुजूर, जिला सहकारिता पदाधिकारी, रांची। 14. सुखदेवनगर थाना-राज कुमार प्रसाद, अंचल अधिकारी, हेहल। 15. हिन्दपीढ़ी थाना-राम शंकरप्रसाद सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी, रांची। 16.नामकुम एवं टाटीसिलले थाना - अमित भगत, अंचल अधिकारी, नामकुम। अतिरिक्त थाना क्षेत्रों में संबंधित अंचल अधिकारियों को पूजा पंडालों की जांच/सत्यापन का निर्देश दिया गया है।

## दुर्गा पूजा में निर्बाध बिजली देने की तैयारी में जुटा जेबीवीएनएल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जेबीवीएनएल के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी दुर्गा पूजा के अवसर पर निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए विभाग लगातार तैयारियों में जुटा है। इसके साथ ही विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा विभिन्न स्थानों में बन रहे पूजा पंडालों का भी निरीक्षण किया जा रहा है ताकि पंडालों के आसपास किसी भी प्रकार की बिजली संबंधी समस्या न हो। इसको देखते हुए पूजा पंडालों के पदाधिकारियों से अपील की गई है कि पूजा पंडाल एवं बिजली के तारों के बीच कम-से-कम तीन मीटर की दूरी अवश्य बनाकर रखा जाय। पंडाल के भार के अनुरूप अस्थायी विद्युत संबंध ले लिया जाय, ताकि उनके भार के अनुरूप क्षमता अनुसार उचित क्षमता का सर्विस तार लगाकर विद्युत संबंध दिया जा सके। पंडालों के आस-पास लगे ट्रान्सफार्मरों के समीप प्रवेश एवं निकास द्वार का निर्माण नहीं किया जाय। पंडालों के समीप विद्युत नियंत्रण कक्ष के लिए भी स्थान निर्धारित किया जाय, ताकि पूजा के द्वारा विभाग के मिस्त्री को वहां प्रतिनियुक्त किया जा सके। पंडाल में पूजा के दौरान अस्थायी विद्युत संबंध लेने अथवा किसी भी प्रकार की विभाग से सहायता लेने की आवश्यकता है तो क्षेत्र के अनुसार निम्नांकित सहायक विद्युत अभियन्ताओं से सम्पर्क स्थापित किया **जा सकता है–**

| पदाधिकारी का नाम | फोन नंबर |
|---|---|
| सहायक विद्युत अभियंता मेन रोड5 | 9431135624 |
| सहायक विद्युत अभियंता अशोक नगर | 9431135646 |
| सहायक विद्युत अभियंता, हरमू | 9431135625 |
| सहायक विद्युत अभियंता, कोकर | 9431135627 |
| सहायक विद्युत अभियंता, लालपुर | 9431135626 |
| सहायक विद्युत अभियंता आर.एम.सी.एच. | 9431135602 |
| सहायक विद्युत अभियंता, डोरण्डा | 9431135623 |
| सहायक विद्युत अभियंता, दुपुदाना | 9431135632 |
| सहायक विद्युत अभियंता, एच.ई.सी. | 9431135633 |
| सहायक विद्युत अभियंता, अपर बाजार | 9431135628 |
| सहायक विद्युत अभियंता, कांके | 9431135629 |
| सहायक विद्युत अभियंता, रातु रोड | 9431135630 |
| सहायक विद्युत अभियंता, रातू चट्टी | 9431135679 |
| सहायक विद्युत अभियंता, माण्डर | 9431135635 |
| सहायक विद्युत अभियंता, ओरमांझी | 9431135634 |
| सहायक विद्युत अभियंता, टाटीसिलवे | 9431135631 |
| सहायक विद्युत अभियंता, बृण्डू | 9431135638 |

## रातू रोड स्थित आरआर स्पोर्टिंग क्लब दुर्गा पूजा समिति

# कलयुग और सतयुग का काल्पनिक थीम होगा विशेष आकर्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रातू रोड स्थित आरआर स्पोर्टिंग क्लब इस वर्ष दुर्गा पूजा को लेकर विशेष तैयारी में जुटा है। मां की प्रतिमा जहां बाहुबली के की थीम पर बनाई गयी है वहीं, श्रद्धालुओं को इस वर्ष स्पेशल लाइट इफेक्ट्स के जरिए कलयुग से लेकर सतयुग तक की अवस्था को दिखाया जाएगा। कैसे मनुष्य लोभ में पड़ कर अपना अस्तित्व भुलता जा रहा है। कैसे इंसान मोह माया के गिरफ्त में हैं। ऐसे दृश्यों का काल्पनिक चित्रण किया जाएगा। क्लब के कोषाध्यक्ष रोहित यादव ने बताया कि भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। 50 से अधिक कारीगर पिछले डेढ़ महीने से दिन रात काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंडाल बनाने में 30-35 लाख का खर्च किया जा रहा है। पंडाल 45 फीट ऊंचा और 55 फीट चौड़ा है। मां की



प्रतिमा 30 फीट को होगी। मां की प्रतिमा बाहुबलि की तरह बड़ी होगी जबकि अन्य देवताओं की प्रतिमा छोटी होगी। इसके अलावा लाइटिंग पर विशेष तौर पर ध्यान रखा जा रहा है। पंडाल के बाहर भी विशेष प्रकार के लाइट्स लगाए जाएंगे। दूर से ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे। पूरा परिसर भव्य रूप से सजाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पंडाल के बाहर और भीतर सभी आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखी जाएगी। दो दर्जन से अधिक वालंटियर के जिम्में सुरक्षा की कमान रहेगी, महिला और पुरूष दोनों वालंटियर रहेंगे। राहुल यादव ने बताया कि कपाट पंचमी को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा। क्लब के संरक्षक विक्की यादव, अध्यक्ष राहुल यादव भी पूजा के प्रबंधन में जोरशोर से जुटे हैं। इस बार दुर्गापूजा में अलग तरह के इंतजाम किये गये हैं। ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़। पर्व त्योहारों के मौके पर असामाजिक तत्वों को थोड़ा ज्यादा बोलबाल हो जाता है। अगर इस तरह कोई असामाजिक तत्व नजर आये उसे शीघ्र पकड़कर पुलिस के हवाले कर दें। ताकि पूजा में आने वालों लोगों को परेशानी न हो। वै प्रशासन की पूरी तरह से पैनी नजर रहेगी।

## झारखंड में डेंगू से एक और मौत

**रांची।** झारखंड के दुमका जिले में डेंगू से मंगलवार रात एक मरीज की मौत हो गई है। वह दुमका के अस्पताल में ही इलाजरत था। इसके साथ ही राज्य में डेंगू से मरने वालों की संख्या 7 हो गई है। पूर्वी सिंहभूम जिले में डेंगू से अब तक 6 लोग जान गंवा चुके हैं। गिरिडीह में मंगलवार को डेंगू के 34 मरीज मिले हैं। पूर्वी सिंहभूम में 3, रांची में 24 मरीजों की पहचान हुई है। धनबाद में 2, साहिबगंज में 9 और सिमडेगा में डेंगू के 1 मरीज मिला है। मंगलवार को राज्य भर में डेंगू के 73 मरीज मिले। राज्य भर में चिकनगुनिया के 233 संदिग्ध मरीज मिले है।



## गागर में सागर

### जमशेदपुरः जय प्रकाश नारायण की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** जय प्रकाश नारायण की जयंती पर मानगो स्थित जे.पी.स्कुल में लोकनायक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. मौजूद अतिथियों ने स्कूली छात्रों कों लोकनायक के जीवन से प्रेरणा लेने की सीख दी. जे.पी ट्रस्ट के सचिव अर्जुन शर्मा ने कहा कि जिस तरह लोकनायक जय प्रकाश नारायण ने देश के सरकार द्वारा किये जा रहे अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की थी और उनके मुहीम में समस्त देश के युवा जुड़ गए थे, उसी तरह हमें भी हमेशा अन्याय और जुल्म के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए, उन्होने कहा कि लोकनायक जय प्रकाश नारायण की चाहत थी की प्रत्येक बच्चों तक शिक्षा पहुंचे और इसी सोच कों लेकर उन्होंने इस स्कुल की स्थापना की थी और आज काफी कम खर्च मे छात्र इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते हैं. बता दें यह स्कुल लोकनायक जय प्रकाश नारायण के नाम पर ही स्थापित की गई है और हर वर्ष उनके जयंती समारोह कों स्कुल प्रबंधन मनाती है.

### शिव मंदिर में स्थापित 300 साल पुरानी बजरंगबली की प्रतिमा गायब

**धनबाद।** जिले के बाघमारा थाना अंतर्गत बक्सपुरा विष्णु-शिव मंदिर स्थित 300 साल पुराने भगवान बजरंगबली की प्रतिमा का असमाजिक तत्वों ने चोरी कर लिया है. साथ ही अन्य प्रतिमा के साथ भी छेड़छाड़ किया गया है. घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है. वहीं ग्रामीणों ने बताया कि नदखुरकी बस्ती का विस्थापित होने के बाद पांडेय बस्ती के लोगों ने बजरंगी की प्रतिमा को स्थापित किया था. घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की. वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस से असमाजिक तत्वो पर कार्रवाई की मांग की है. स्थानीय संतोष पाण्डेय और ह्दयानंद पाण्डेय ने बताया कि 300 साल पुराने भगवान बजरंगबली की प्रतिमा गायब है. साथ ही अन्य भगवान के मूर्ति के साथ छेड़छाड़ भी किया गया है. पुलिस से मांग है कि असमाजिक तत्वों पर कार्रवाई किया जाय और पता लगाया जाय की ये घृणित कार्य किस मकसद से किया गया है.

### 314 दिव्यांगों को बीएसएल ने बांटे 35.66 लाख के सहायक उपकरण




**बोकारो।** दिव्यांगों को सशक्तिकरण की दिशा में सशक्त बनाने को लेकर स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड बोकारो इस्पात संयंत्र की निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत सेक्टर 5 स्थित आशालता दिव्यांग विकास केंद्र में दिव्यांगजनों के लिए निशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया. इस समारोह का आयोजन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिमको जो दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारिता विभाग दिव्यांगजन सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के तहत कार्यरत एक मिनीरत्न सीपीएसयू है. इस उपकरण वितरण समारोह में जिले के उपायुक्त कुलदीप चौधरी डीडीसी कीर्ति श्री और बोकारो स्टील प्लांट के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर वीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ बीएसएनएल के कई अधिकारी उपस्थित हुए. इस सहायक उपकरण वितरण समारोह में बोकारो जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 314 दिव्यांगजनों के बीच कुल 35 लाख 66 हजार रुपये मूल्य के सहायक उपकरण का वितरण किया गया.

### बोकारो : 40 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बोकारो।** जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू बस स्टैंड के नजदीक लगभग 40 वर्षीय प्रदीप कुमार दुबे ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली. इसकी जानकारी तब लोगों को हुआ जब मृतक की सास व साली पेटरवार ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल पेटरवार में अपने बच्चों की रिजल्ट लेने आई थी. उन्होंने बताया कि बच्चों की रिजल्ट लेने का बाद अपनी बहन के घर का दरवाजा खटखताया तो कोई जवाब नहीं मिला. दरवाजे के फांक से हांथ डालकर खोला और अंदर देखा तो प्रदीप फांसी से लटके हुऐ है. वहीं बहन दो दिन से रामगढ़ बेटे के इलाज के लिए गई हुई थी. हमलोग भतीजे को देखने आये थे. पंचायत की मुखिया निहारिका सुकृति ने बताया कि फोन पर जानकारी मिली की एक व्यक्ति ने फांसी लगा लिया है. उसके बाद मामले की जानकारी थाने में दी गई.

# कार व ऑटो में टक्कर, एक की मौत, छह गंभीर रूप से घायल





नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** बरसोल थाना क्षेत्र स्थित एनएच 49 पर बारासती चौक के समीप आज बुधवार को कार और ऑटो की जोरदार टक्कर हो गयी. इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी. जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. इनमें तीन महिला, दो पुरुष और एक 10 वर्षीय बच्चा शामिल है. दुर्घटना के बाद एनएच 49 पर लंबी जाम लग गयी. कुछ ही देर बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू किया. वहीं पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि ऑटो से लोग पश्चिम बंगाल के फेंको से बहरागोड़ा आ रहे थे. इसी दौरान कोलकाता से जमशेदपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार कार (जेएच01ईजी 6792) ने ऑटो को ठोक दिया. इस टक्कर के बाद कार डिवाइडर पर चढ़ गयी. इस हादसे में बंगाल के बालियाबढ़ा थाना अंतर्गत जुगडीहा गांव निवासी और ऑटो चालक जगत दास (52) की मौके पर ही मौत ही गयी. वहीं ऑटो में बैठे पिंडरापाल निवासी गोपा महापात्र (50), तोपसिया निवासी माया दंडपाट (34), सुकमल दंडपाट (62), शिमदी गांव निवासी राहुल नायक (13), बरसोल निवासी मोनोरंजन नायेक (60) और पार्वती नायेक (35) गंभीर रूप से घायल हो गये. घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गयी. लोगों ने घटना की जानकारी बरसोल थाना को दी. सूचना पाकर हाईवे पेट्रोलिंग वाहन मौके पर पहुंची और सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा ले गयी. जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन निजी वाहन से अपने सभी को उड़ीसा व बंगाल के अस्पताल ले गये. आपातकालीन चिकित्सा में लगे 108 वाहन खराब होने से परिजनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

## रक्त पंप करने की ह्रदय की क्षमता को करता है प्रभावित : सीएचएफ



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कंजेस्टिव हार्ट फेलियर (सीएचएफ) एक दीर्घकालिक, प्रगतिशील स्थिति है जो शरीर के चारों ओर रक्त पंप करने की ह्रदय की क्षमता को प्रभावित करती है। इसके नाम के बावजूद, सीएचएफ का मतलब यह नहीं है कि ह्रदय पूरी तरह से विफल हो गया है। हालांकि, अगर इसका इलाज न किया जाए तो यह जीवन के लिए खतरा हो सकता है। सीएचएफ के साथ एक व्यक्ति की जीवन प्रत्याशा कई कारकों के आधार पर अलग-अलग होगी, जिसमें उनकी उम्र, उनकी स्थिति का चरण और उनके ह्रदय कार्य की ताकत शामिल है। ह्रदय को कमजोर करने वाले कई विकार सीएचएफ के विकास में योगदान कर सकते हैं, जिनमें दिल का दौरा, कोरोनरी ह्रदय रोग, जन्मजात ह्रदय रोग, दोषपूर्ण ह्रदय वाल्व, उच्च रक्तचाप, ह्रदय की मांसपेशियों में सूजन या क्षति शामिल हैं। हालांकि, कुछ मामलों में, कोई व्यक्ति जीवनशैली में बदलाव, दवाओं और सर्जरी के माध्यम से अपनी जीवन प्रत्याशा बढ़ा सकता है। मेडिका हॉस्पिटल रांची के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. धनंजय कुमार का कहना है कि निदान के समय किसी व्यक्ति की उम्र पूवार्नुमान पर प्रभाव डाल सकती है। कि 65 वर्ष से कम उम्र के लोगों के लिए 5 साल की जीवित रहने की दर लगभग 79% थी, जबकि 75 और उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए यह दर लगभग 50% थी। इसके अतिरिक्त, किसी व्यक्ति का ह्रदय प्रति धड़कन कितना रक्त पंप करता है, जिसे इजेक्शन फ्रैक्शन (ईएफ) के रूप में जाना जाता है, जीवन प्रत्याशा को प्रभावित कर सकता है। अंतर्निहित स्थितियों, या कोरोनरी ह्रदय रोग जैसी सहवर्ती बीमारियों की उपस्थिति, किसी व्यक्ति की जीवन प्रत्याशा को प्रभावित कर सकती है। एक आयु-समायोजित अध्ययन में पाया गया कि ह्रदय विफलता के रोगियों में सह-रुग्णताएं आम हैं और उच्च मृत्यु दर में योगदान करती हैं।

## डीपीएस के छात्रों का कला उत्सव प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना, राँची द्वारा जिला स्तरीय कला उत्सव 2023 का आयोजन दिनांक 10 एवं 11 अक्टूबर 2023 को दिल्ली पब्लिक स्कूल, राँची में किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में 50 विद्यालयों के 300 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अपनी उत्कृष्ट कला एवं कौशल का प्रदर्शन करते हुए, डीपीएस राँची के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में सफलता का परचम लहराया एवं विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। शाइना गुप्ता (कक्षा क्क) ने टू-डी पेंटिंग प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) में प्रथम पुरस्कार एवं वेद वत्सल (कक्षा क) ने टू-डी पेंटिंग प्रतियोगिता (बालक वर्ग) में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। एकल नाटक प्रतियोगिता में श्रेयोशी गांगुली (कक्षा क्क) ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। 3-डी पेंटिंग प्रतियोगिता में आदित्य (कक्षा क) को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ एवं टॉय-मेकिंग प्रतियोगिता में अर्चित (कक्षा क) ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। वहीं, एकल नृत्य प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) में तनीषा कुमार (कक्षा क) को द्वितीय पुरस्कार, एकल गायन प्रतियोगिता (बालक वर्ग) में दीपांशु नेगी (कक्षा क) ने द्वितीय पुरस्कार एवं आदर्श झा (कक्षा ) ने इंस्ट्रुमेंटल प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। शाइना गुप्ता, श्रेयोशी गांगुली,आदित्य एवं अर्चित का चयन राज्य स्तरीय कला उत्सव 2023 प्रतियोगिता के लिए हो गया है।

## यू-जीनियस क्विज में डीपीएस के विद्यार्थी हुए सम्मानित




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित ₹यू जीनियस₹ क्विज प्रतियोगिता में डीपीएस राँची के आदित्य कुमार वर्मा (कक्षा क) और मृणमोय कित (कक्षा क) राज्य स्तरीय विजेता बने। साथ ही, वे नवंबर माह में मुंबई में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर में भी अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराने के लिए क्वालीफाई हुए। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के 57 स्कूलों की 156 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से 4 टीमें डीपीएस राँची की थीं। इस अवसर पर डीपीएस राँची के विजयी प्रतिभागी आदित्य और मृणमोय को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं विद्यालय को ट्रॉफी से नवाजा गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों (लिखित एवं स्टेज राउंड) में किया गया था। सभी 156 टीमों के विद्यार्थी लिखित राउंड में उपस्थित हुए, जिनमें से 06 टीमों के विद्यार्थियों ने स्टेज राउंड के लिए क्वालीफाई किया। छात्रों की उपलब्धि से प्रसन्न होकर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, "यह विद्यार्थियों द्वारा किए गए कठिन परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प का परिणाम है जिसने उन्हें यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने में सक्षम बनाया।" उन्होंने आदित्य और मृणमोय को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

### दीपावली-छठ के मौके पर बिहार-यूपी जानेवाले यात्रियों के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेन

**धनबाद।** दीपावली एवं छठ के मौके पर बिहार और उत्तर प्रदेश जाने वाले यात्रियों के लिए यह खबर राहत देने वाली है. वर्तमान समय में चल रही ट्रेनों में अप्रत्याशित भीड़ और लम्बी प्रतीक्षा सूची को देखते हुए धनबाद रेल मंडल ने छठ के मौके पर बिहार के मुजफ्फरपुर सीतामढ़ी और यूपी के गोरखपुर के लिए कुछ नई पूजा स्पेशल ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया है जिसकी घोषणा शीघ्र की जाएगी. धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने मीडिया को बताया कि छठ के मौके पर लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए एवं सामान्य यात्रियों की बढ़ती भीड़ से निपटने के लिए बहुत जल्द छठ स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी. प्राथमिकता के तौर पर मुजफ्फरपुर, गोरखपुर एवं सीतामढ़ी के लिए ट्रेन चलाने की तैयारी है. इसके अलावा उन्होंने बताया कि धनबाद रेल मंडल देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाते हुए सबसे अधिक कोयला ढुलाई करने वाला डिवीजन बन गया है. टिकट चेकिंग में होने वाली अर्निंग 10% वृद्धि हुई है. 100 मिलियन टन ढुलाई का रिकार्ड भी एउफको गया है. ट्रैक पर दुर्घटना जागरूकता के कारण घटी है. लेवल क्रॉसिंग बन्द कर लिमिटेड हाइट सब वे (एलएचएस) 15,रेल ओवर ब्रिज(आरओबी) 08 और 15 फुट ओवर ब्रिज एफओबी बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है.

### विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत, ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

**गिरिडीह।** बेंगाबाद प्रखंड के खुटरीबाद गांव में मंगलवार की देर रात एक विवाहिता की मौत संदिग्ध अवस्था में हो गई. जानकारी के अनुसार, पीरटांड़ प्रखंड के सिमरकोडी निवासी सदाकत अंसारी की बेटी गुलजार बीबी (27) की शादी 2012 में बेंगाबाद प्रखंड के खुदरीबाद निवासी सलामत मियां के पुत्र कमरुद्दीन अंसारी के साथ धूमधाम से हुई थी. सदर अस्पताल में गुलजार के भाई आलम अंसारी ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात कमरुद्दीन के चाचा ने दूरभाष पर सूचना दी कि मियां झ्र बीवी के बीच तीखी नोकझोंक हो रही है. सूचना पर रात में ही गांव पहुंचा, तो बहन एक कमरे में रस्सी से झूलती नजर आई. आलम ने बताया कि यह आत्महत्या नहीं, हत्या का मामला है. बताया कि बहनोई कमरुद्दीन का एक महिला के साथ वर्षों से प्रेम संबंध चल रहा है. बहन को मार कर वह दूसरी शादी करना चाह रहा था. दूसरी शादी में बहन रोड़ा बन रही थी. उन्होंने बताया कि मामले को सुलझाने के लिए स्थानीय सदर कई बार बैठक कर शांत करना चाहा, पर तीन बच्चों के पिता कमरुद्दीन पर कोई असर नहीं पड़ रहा था.

### भूख हड़ताल पर बैठे होमगार्ड जवानों ने तोड़ा अनशन, 2 माह का मिला वेतन



**जमशेदपुर।** भूख हड़ताल पर बैठे होमगार्ड के जवानों का स्वास्थ्य विभाग ने अनशन तोड़वाया. वहीं दो माह का बकाया वेतन भी प्रदान किया गया. साथ ही विभाग द्वारा 12 जवानों को भी पुनः वापस काम पर ले लेने की सहमति जाहिर की है. बता दें कि सिविल सर्जन कार्यालय में कुल 42 जवान होमगार्ड के पदस्थापित थे, आउटसोर्स के माध्यम से इनका भुगतान किया जाता था, लेकिन पिछले दिनों आउटसोर्स में फंड उपलब्ध नहीं होने का हवाला देते हुए 12 जवानों को बैठा दिया गया था और फिर 5 माह का वेतन 30 होमगार्ड के जवानों का बकाया हो गया. जिसके बाद होमगार्ड के जवानों ने सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर आंदोलन की शुरूआत की. उनके आंदोलन से जिला स्वास्थ्य विभाग को बैकफुट पर आना पड़ा और 12 होमगार्ड के जवानों को पुनः बहाल करते हुए दो माह का बकाया वेतन का भुगतान किया गया. स्वास्थ्य विभाग के इस निर्णय का स्वागत करते हुए होमगार्ड संगठन के प्रतिनिधियों ने जूस पिलाकर इनका अनशन तुड़वाया.

### बोकारो स्टील प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी-प्रदर्शन

**बोकारो।** बीएसएल के खिलाफ आज प्रदर्शन का आयोजन था उसको स्थगित किया गया. विस्थापितों ने कहा कि विस्थापित अप्रेंटिश संघ द्वारा 11 अक्टूबर 2023 से ग्रेड एस-1 विज्ञप्ति संख्या-बीएसएल/आर/2023-01 का स्कील टेस्ट बोकारो मे होने वाला था, जिसको बाधित करने के लिए कार्यक्रम किया गया था. लेकिन बोकारो प्रबंधक द्वारा स्किल टेस्ट को चास नाला धनबाद कर दिया गया, जिसके कारण संघ के लोगों ने एच.आर.डी में पहुंचकर बोकारो प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी किया. साथ ही कार्यक्रम भी स्थगित कर दिया. संघ के प्रदीप सोरेन ने कहा कि बोकारो प्रबंधक विस्थापित विरोधी मानसिकता के तहत परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया, जबकि कुछलोगों का परीक्षा का रिजल्ट अभी तक जारी नही किया है. बोकारो प्रबंधक से सभी का रिजल्ट जल्द से जल्द जारी करते हुए नई बहाली का विज्ञप्ति जारी करने की मांग की है. नहीं तो आने वाले दिनो मे बोकारो स्टील प्लांट के प्रशासनिक भवन के सभी गेटो को जाम किया जायेगा.

### चिड़िया ओपी में दर्ज फर्जी कांड में एक गिरफ्तार, जेल

**चाईबासा।** चिड़िया ओपी क्षेत्र में फजीर्वाड़ा कांड के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी युवक रजत कुमार दलाई (38 वर्ष) साकिन सेक्टर 7 क्वार्टर नंबर अ/61 राउरकेला से गिरफ्तार किया गया है. चिड़िया पुलिस द्वारा गिरफ्तार युवक को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है. जानकारी के मुताबिक आरोपी रजत कुमार दलाई पर चिड़िया ओपी में 420 (फजीर्वाड़ा) करने का मामला दर्ज है. उसने एक व्यक्ति के बैंक एकाउंट से फर्जी तरीके से पैसा निकासी कर ली थी.

### यक्ष्मा मरीजों के बीच किया गया पोषाहार का वितरण

**चाईबासा।** सदर अस्पताल स्थित यक्ष्मा विभाग में प्रधानमंत्री यक्ष्मामुक्त भारत अभियान के तहत 25 यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषाहार का वितरण किया गया. मरीजों के बीच वितरण का यह कार्य जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर भारती मिंज ने किया. उन्होंने सभी रोगियों को खान-पान में सुधार रखने तथा इस बीमारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए. उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता के अभाव उन्हें बीमारी का पता नहीं चल पाता और वे पीड़ित हो जाते हैं. जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा यह पोषण आहार वितरण का कार्यक्रम गुरुवार को भी चलाया जाएगा, जिसमें चिन्हित किए गए मरीजों के बीच आहार का वितरण होगा.

## प्रदर्शन

### पूर्वी सिंहभूम जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई

# चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे सरकारी अस्पताल




नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड क्रांति सेना और हिंदू मुस्लिम एकता मंच ने व्यक्ति की डेंगू से मौत के बाद उपायुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया. पूर्वी सिंभूम जिले में चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के खिलाफ आक्रोश जाहिर करते हुए उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफा की मांग की. उन्होंने कहा कि जिले में डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है, मरीजों की मौत का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है जिससे स्थिति भयावाह होती जा रही है, निजी अस्पताल से सरकारी अस्पताल में मरीज का इलाज नहीं हो पा रहा है. गरीब जनता इलाज के अभाव में दर-दर भटक रही है. कोल्हान के सरकारी अस्पताल या फिर सदर अस्पताल में चिकित्सकों की कमी है, वार्ड बॉय की कमी, बेड की कमी, जीवन रक्षक दवा की कमी जैसी समस्याएं है. शहर में डेंगू के रोकथाम के लिए किसी तरह का कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है, इनका नेतृत्व कर रहे संजीव आचार्य ने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को सिर्फ स्वार्थ सिद्ध करने आता है. राज्य की जनता मर रही है उससे उनका कोई सरोकार नहीं. उन्होंने कहा कि समस्याएं बढ़ती जा रही है पर इन समस्याओं से वे अपने आप को दरकिनार कर रहे हैं. ऐसे में राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर उनके इस्तीफा की मांग की जा रही है.

# बेरमो में एरियर भुगतान की मांग को लेकर सप्लाई मजदूरों ने किया प्रदर्शन



नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** डीवीसी के बोकारो थर्मल स्थित न्यू एडीएम बिल्डिंग के निकट डीवीसी सप्लाई मजदूरों ने बुधवार को एरियर भुगतान की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. इस संबंध में संयुक्त मोर्चा के संयोजक ब्रजकिशोर सिंह ने कहा कि पिछले एक वर्ष से लगभग 540 सप्लाई मजदूरों का एरिया भुगतान नहीं हुआ है. इसी मांग को लेकर यहां प्रदर्शन किया जा रहा है. जब तक उनके साथ सकारात्मक वार्ता नहीं होती है तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा. उन्होंने यह भी कहा कि डीवीसी कर्मचारियों के लिए जिस प्रकार इंसेंटिव का घोषणा की गई है, उसी प्रकार सप्लाई मजदूरों के लिए भी इंसेंटिव की घोषणा की जाए. इसके साथ ही एक्सग्रेसिया की घोषणा नहीं हुई है. डीवीसी प्रबंधन शीघ्र सप्लाई मजदूरों के लिए एक्सग्रेसिया की घोषणा करें. वही मृत कर्मचारियों के आश्रितों को ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया गया है. इस संबंध में भी कई बार डीवीसी प्रबंधन के अधिकारियों के साथ वार्ता की गई है, लेकिन कोई भी सकारात्मक पहल नहीं हुई, जिसके कारण मजदूरों में निराशा व्याप्त है. उन्होंने कहा कि शीघ्र ही उक्त मांगों पर प्रबंधन वार्ता करे और मांगों को पूरा करे. अन्यथा प्रदर्शन जारी रहेगा. इस प्रदर्शन में नवीन पाठक, असीम तिवारी, संजय मिश्रा, अमरजीत सिंह, नागेश्वर महतो, रामचंद्र महतो, मिथिलेश सिन्हा, लक्ष्मी लाल, अनिल सिंह सहित अन्य मजदूर शामिल थे.

## गागर में सागर

### बरही: जमीनी विवाद में हुआ खूनी संघर्ष, नौ घायल, हजारीबाग रेफर



**बरही ।** प्रखंड के विजैया पंचायत में जमीन विवाद मामले में दो गुटों के बीच जमकर मार पीट हुआ. इस मार पीट में कुल नौ लोगो को गंभीर रूप से जख्मी होने की सूचना मिली है. जिन्हे अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां प्राथमिकी इलाज के बाद छह लोगों को हजारीबाग रेफर कर दिया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम पक्ष के मंजू देवी पति तेकलाल प्रसाद, संगीता देवी पति गोविंद साव, रेखा देवी पति ललाधारी महतो, गेंदिया देवी पति रूपलाल महतो, शकुती देवी पति होरिल महतो, शांति देवी पति रामेश्वर महतो, होरील महतो पिता स्व रूपलाल महतो शामिल है. वहीं दूसरे पक्ष के महेंद्र प्रसाद और कैलाश प्रसाद चोटिल हैं. इन दोनो सहित प्रथम पक्ष के होरिल महतो, गेंदीया देवी, रेखा देवी शांति देवी को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया है.

### हजारीबाग : अमृत कलश की रंगोली बना जगाई देश प्रेम की भावना



**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के प्रशिक्षुओं ने बुधवार को अमृत कलश पर आधारित रंगोली बनाकर देशप्रेम की भावना को उजागर किया. यह मनोहारी रंगोली मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत बनाया गया. गुरुवार को महाविद्यालय के प्रशिक्षु अमृत कलश यात्रा निकालेंगे और आसपास के गांवों से इसमें मिट्टी भरकर कॉलेज परिसर में बनाए गए अमृत कुंज में जमा करेंगे. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने प्रशिक्षुओं को देश के कण-कण से प्रेम करने का संदेश दिया. साथ ही लोगों को भी देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत करने की बात कही. उन्होंने कहा देश सबसे पहले है. देश है तभी हम और हमारी मिट्टी का मान-सम्मान है. मौके पर सहायक प्राध्यापिका डॉ बसुंधरा कुमारी, डॉ पुष्पा कुमारी, कुमारी अंजलि, महेश प्रसाद, पुष्पा कुमारी, रचना कुमारी, दीपमाला, एसएस माइटी, जगेश्वर रजक, अनिल कुमार, संदीप खलखो, गुलशन कुमार, दशरथ कुमार, कुणाल कश्यप, दिलीप कुमार सिंह, संदीप कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे.

### जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा मांडू के पुण्डी, हेसगड़ा एवं बोंगाहरा में पुंडी ओपन कास्ट परियोजना का विस्तारीकरण, बड़काचुम्बा हेसापोड़ा, राकुवा एवं लिपिया में भारतमाला परियोजना अंतर्गत वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे निर्माण के तहत एफआरए एनओसी संबंधित दो मामलों एवं बरलांगा-कसमार सड़क निर्माण के संबंध में वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता सहित समिति के अन्य सदस्यों के साथ चर्चा करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्णय लिया। बैठके में जिला परिषद सदस्य क्षेत्र संख्या 8 जयराम बेदिया , जिला परिषद सदस्य क्षेत्र संख्या 13 सरस्वती कुमारी, जिला परिषद सदस्य क्षेत्र संख्या 15 रेखा कुमारी, एसएमपीओ विक्रम सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

### झुरझुरी में वनाधिकार समिति गठित

**बरकट्ठा।** झुरझुरी पंचायत सचिवालय में मुखिया प्रियंका कुमारी के अध्यक्षता में ग्राम झुरझुरी, गंगटीयाही ,अल्पीटो और सकरेज में ग्रामसभा कर अबुआ बीर दिशोम अभियान 2023 के क्रियान्वयन तथा वन अधिकार समिति का गठन किया गया।वहीं ग्रामसभा कर सभी सदस्यों ने शांति पूर्ण तरीके से पांच गांव में से चार गांव का ग्राम सभा संपन्न हुई । एक ग्राम गुंजरा में ग्राम सभा को रद्द किया गया । ग्राम झुरझुरी से खगेंद्र प्रसाद को अध्यक्ष,उपाध्यक्ष बाबूचंद प्रसाद, गजाधर यादव को सचिव एवं ममता देवी को कोषाध्यक्ष बनाया गया, गंगटीयाही में बीरेंद्र बस्के अध्यक्ष,बिनोद प्रसाद सचिव बने । ग्राम अल्पीटो से तेजो महतो अध्यक्ष,चंदन कुमार भारती सचिव,अशोक कुमार उपाध्यक्ष एवम नारायण प्रसाद कोषाध्यक्ष बने । ग्राम सकरेज से संतोष मुर्मू अध्यक्ष,प्रमोद रविदास सचिव,उमेश कुमार यादव उपाध्यक्ष एवं अनिल रविदास को कोषाध्यक्ष बनया गया ।ग्राम गुंजरा को फिलहाल अगले आदेश तक के लिए ग्राम सभा को स्थगित किया गया है।मौके पर पंचायत सचिव प्रदीप मेहता,रोजगार सेवक प्रवीण वर्मा,उमेश प्रसाद बीएफटी आदि उपस्थित थे ।

# याद किए गए लोकनायक जयप्रकाश नारायण





**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर प्रखंड स्थित लोकनायक जेपी विद्या मंदिर नगवां में बुधवार को जयप्रकाश नारायण का जन्मदिन मनाया गया . छात्र-छात्राओं जन्मदिन के अवसर पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया. मौके पर संचालक उमेश प्रसाद ने कहा कि यह विद्यालय लोकनायक जेपी नारायण के ही नाम पर रखा गया. उन्होंने जेपी को राजनीतिक बदलाव का बड़ा वाहक बताते हुए प्रखर समाजवादी नेता बताया. भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि आज के नौजवान जेपी के कदमों का अनुशरण करें. उन्होंने कहा कि लोकनायक के संदेश को आत्मसात कर ही आज सामाजिक बदलाव की परिभाषा गढ़ी जा सकती है. उन्होंने जेपी को बड़े सामाजिक बदलाव का अग्रदूत बताया. साथ ही उन्हें जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जेपी ने नौजवानों को नई राह दिखाई थी. वर्तमान दौर में भी एक और जेपी सरीखे आंदोलन की जरूरत है.

वहीं दूसरी ओर महान देशभक्त, क्रांतिकारी व समाजवादी विचारक भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की की जयंती बुधवार को हजारीबाग जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में धूमधाम से मनाई गई. इस मौके पर जेल सुपरिटेंडेंट कुमार चंद्रशेखर, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग के जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय तथा जाने-माने युवा समाजसेवी बप्पी करण, अनिल कुमार लाल, अरुण कुमार वर्मा, नीरज कुमार, ललित मोहन प्रसाद, अरुण कुमार सिंह, शशि भूषण प्रसाद, सचिन पांडे, पवित्र गुप्ता, शुभम सिन्हा, शुभम सिंह आदि ने जेपी के माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया. इस मौके पर पूरे केंद्रीय कारा के प्रांगण में मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई गई और लोकनायक जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण जीवनी और उनके महान बलिदान पर चचाएं भी हुईं. केंद्रीय कारा का संपूर्ण प्रांगण लोकनायक भारत रत्न जयप्रकाश नारायण अमर रहे के नारे से गुंजायमान हो उठा.

## 15 अक्टूबर को रामगढ़ में होगा पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन का जिला अधिवेशन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन की बैठक जिला संयोजक श्याम किशोर महतो की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के समक्ष संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रवक्ता डॉ सुनील कुमार कश्यप, विशिष्ट अतिथि संयुक्त सचिव लोकेश कुमार, जिला संगठन सचिव जतरू महतो ,बुद्धदेव मुंडा ,सत्येंद्र रवि, विजय राम, मुकुल प्रसाद ,अजीत कुमार गुप्ता मौजूद थे । मौके पर बताया गया कि प्रदेश कार्यकारिणी के दिशा निर्देशानुसार झारखंड के सभी जिलों में महाधिवेशन होना सुनिश्चित है। उसी के तहत रामगढ़ जिला में 15 अक्टूबर को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय ,रामगढ में महाअधिवेशन 10:00 बजे से होगा । जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी के अलाव 45 विभाग के कर्मचारी भाग लेंगे। रामगढ़ में महाधिवेशन पहली बार होने जा रहा है। इसमें पुरानी पेंशन प्राप्त होने के बाद कर्मचारियों में काफी उत्साह है। डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा की एनएसडीएल का पैसा वापस लेने की जुनून और उत्सुकता हम सबों में बरकरार है। इसके लिए सभी प्रखंड के संयोजक और कोषाध्यक्ष के अलावे जिला कार्यकारिणी को जिम्मेवारी सौंपी गई है । पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन बैनर तले रामगढ़ में 5 साल पहले आंदोलन प्रारंभ हुआ और वर्तमान में 3000 के लगभग सदस्य बन चुके हैं। डॉ कश्यप ने कहा की रामगढ़ में पांच लोगों ने मिलकर इस आंदोलन का शुरूआत की थी। जिनमें डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप, लोकेश कुमार, श्याम किशोर महतो, जतरु महतो और अनुज खत्री शामिल थे।

### प्रज्ञा केंद्र संचालकों को मिला महेंद्रा फाइनेंस का प्रशिक्षण

**बरही ।** सीएससी के तत्वाधान में बरही पश्चिमी पंचायत भवन में महिंद्रा फाइनेंस की ओर से प्रज्ञा केंद्र संचालकों को ऋण उपलब्ध करवाने हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण कंपनी के डिविजनल मैनेजर नेहा खरवाल ने दी. प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रज्ञा केंद्र संचालकों को उन्होंने बताया कि महिंद्रा फाइनेंस की ओर से हर एक श्रेणी के लोगों के लिए ऋण सुविधा बिल्कुल ही आसान प्रक्रिया में उपलब्ध है. तीन पहिया, ट्रैक्टर, चार पहिया अथवा पुराने वाहनों पर भी ऋण दिए जाते है. उन्होंने सभी संचालकों को विभिन्न श्रेणियां के ऋण एवं उसे उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया की जानकारी दिया. प्रशिक्षण जिला समन्वयक निजामुद्दीन अंसारी के निगरानी में आयोजित की गई थी. उन्होंने उपस्थित सभी वीएलई को प्रज्ञा केंद्र पर आने वाले लाभुको को ऋण सुविधा की जानकारी देते हुए लाभ दिलवाने की सलाह दिया.

### कपका पंचायत में अबुआ वीर दिशोम अभियान के तहत वनाधिकार समिति का गठन

**बरकट्ठा।** झारखंड सरकार के निर्देशानुसार द्वारा चलाए जा रहे योजना अबुवा वीर दिशोम अभियान 2023 के तहत कपका पंचायत में क्रियान्वयन तथा वनाधिकार समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें पंचायत अंतर्गत आने वाले तीन गांवों में से दो गांव कपका और बसरिया गांव में ग्राम सभा आयोजित कर वन समिति का पुनर्गठन किया गया। प्रखंड कार्यालय बरकट्ठा से पचायत सचिव नागेश्वर यादव ,बी एफ टी दिलीप दास,स्थानीय मुखिया कमलेश कुमार ,पंचायत समिति सदस्य दिनेश प्रसाद डालेस्वर प्रसाद की उपस्थिति में सर्व प्रथम कपका गांव में जल जंगल की सुरक्षा हेतु सर्वसम्मति से 15 सदस्यीय टीम का गठन किया गया,जिसमें अध्यक्ष सुरेश सिंह तथा सचिव अर्जुन प्रसाद मनोनीत हुए। तत्पश्चात बसरिया गांव में भी सर्वसम्मति से पन्द्रह सदस्यीय टीम का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष रामेश्वर मंडल व सचिव कारू प्रसाद का चयन किया गया। मौके पर वार्ड सदस्य प्रतिनिधि छोटी रविदास, सुनिल प्रसाद इंद्रदेव प्रसाद, उदित यादव, रघुवीर महतो, रामेश्वर महतो ,राजेंद्र ठाकुर विंदेश्वर पाण्डेय, मंटू प्रसाद , रोहित ठाकुर, भोला दास , रामचंद्र मंडल , मोती प्रसाद, सीता राम प्रसाद, लालजीत प्रसाद, तारकेश्वर ठाकुर, समेत सैकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित हुए।

### बीआरसी बरकट्ठा में तीन दिवसीय बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम आयोजित

**बरकट्ठा।** प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा में शिक्षा विभाग और रूम टू रीड इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में बुनियादी साक्षरता सुदृद्धि कारण कार्यक्रम के दूसरे और तीसरे बैच का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमें प्रखंड के हिंदी भाषा के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार ने कहा इस कार्यक्रम से केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं निपुण भारत अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने में विद्यालय स्तर पर शिक्षकों को मदद मिलेगी। प्रखंड के 37 हिंदी भाषा कक्षा एक एवं दो के शिक्षक शिक्षिकाओं को बुनियादी साक्षरता के आठ घटकों पर विस्तार से समझ बनाने का कार्य किया गया इसमें बताया गया कि कैसे वह निपुण भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।इस प्रशिक्षण के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में साधन कुमार रवानी,छत्रु राम महतो, स्वामी रामतीर्थ, अशोक विश्वकर्मा और रूम टू रीड के प्रखंड समन्वयक अजय कुमार वर्मा उपस्थित थे।

### बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण के तीन दिवसीय कार्यशाला के तीसरे चरण में 36 शिक्षक प्रशिक्षित

**बरही ।** मंगलवार को शिक्षा विभाग और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंडस्तरीय बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण बीआरसी बरही में संपन्न हुआ. जिसके अंतर्गत प्रखंड के कक्षा एक एवं दो में हिंदी पढ़ाने वाले कुल छत्तीस शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया. कार्यशाला में शिक्षको को बुनियादी साक्षरता के आठ घटक मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, वर्णज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन के अलावा पुस्तकालय की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी गई. बतौर मुख्यातिथि प्रखड़ शिक्षा प्रसार अधिकारी रामशरण प्रसाद दांगी ने शिक्षकों को कक्षा में एफएलएन किट के उपयोग और शिक्षक संदर्शिका के अनुसार ही बच्चों को पढ़ाने का निर्देश दिया. उन्होंने बताया कि निपुण भारत के तहत आयोजित यह कार्यशाला शिक्षण की गुणवता को निखारने का काम करेगा.कार्यशाला में बतौर मुख्य प्रशिक्षक के रूप में किशोरी महतो, तुलसी कुमार दास, मुनिलाल राम, रामचंद्र यादव सहित रूम टू रीड संस्था से अशोक सकलानी व बीपीएम अरुण कुमार उपस्थित थे.

### बनवारी में 63 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बरकट्ठा।** प्रखण्ड के शिलाडीह पंचायत के बनवारी में जिप सदस्या प्रेरणा प्रिया, समाजसेवी सी के पाण्डेय, सुरेश कुमार पाण्डेय, कारू पंडित ने संयुक्त रूप से फीता काट कर 63 केवीए ट्रंसफॉर्मर का उद्घाटन किया। विदित हो कि बनवारी में एक माह से ट्रंसफॉर्मर जला पड़ा था।वहीं ग्रामीणों में युगल पंडित,राजकुमार पंडित, मुमताज अंसारी एवं अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा इसकी सूचना प्रेरणा प्रिया एवं सी के पाण्डेय को दी। उन्होंने अविलंब मामले को संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग के जेई, एसडीओ, एक्सक्यूटिव एवं जीएम से बात करके 3 दिनों के अंदर बनवारी को नया ट्रंसफॉर्मर उपलब्ध करवाया । इस कार्य हेतु जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय ने बिजली विभाग के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया।

## मांगों को लेकर राजद नेत्री का एक दिवसीय धरना



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** सफाई, ट्रैफिक, पानी और बस स्टैंड प्रारंभ करने जैसे चार सूत्री मांगो को लेकर राजद प्रदेश महासचिव पूनम यादव ने अपने समर्थको संग बरही चौक पर एकदिवसीय धरना दिया. इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रति दिन की जाम की समस्या से यहां के लोग परेशान है. ट्रैफिक की उचित व्यवस्था नही रहने से आए दिन दुर्घटनाएं देखने को मिलते है. प्रशासनिक उपेक्षा के कारण लाखों रुपए की लागत से बना जिला परिषद बस पड़ाव एक बार फिर जर्जर हो गया है. जिससे सरकार के राजस्व का दुरुपयोग हुआ है. साथ ही बस पड़ाव के अभाव में इसे सड़क किनारे खड़ा किया जा रहा है. नतीजतन ट्रैफिक की समस्या बनी हुई है. सफाई के संबंध में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक और प्रधानमंत्री स्वच्छता कार्यक्रम को लेकर सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में झाड़ू अभियान और शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे है. बाबजूद के पीएचडी कार्यालय परिसर, बरही चौक सहित विभिन्न जगहों पर कूड़े का अंबार लगा हुआ है. जिससे डेंगू, मलेरिया आदि जैसे रोगों का संक्रमण का भय बना हुआ है. उन्होंने पानी की समस्या को भी गंभीरता से बखान किया. बताया कि बरही चौक देश का सबसे बड़ा चौराहा माना जाता है. जहां हजारों लोगो का आना जाना लगा रहता है.

## विधायक ने तीन योजनाओं का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव ने पांच करोड़ राशि से प्रखंड के विभिन्न स्थानों में तीन अलग अलग विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें उत्क्रमित मवि गयपहाड़ी, उत्क्रमित मवि झिंगीबराय में करीब डेढ़ करोड़ के लागत से उन्नयन कार्य और करीब तीन करोड़ 57 लाख की लागत से आरईओ रोड कलहाबाद के डाक टोला से पारटांड तक कालीकरण रोड निर्माण कार्य शामिल है। मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य की गंगा बह रही है। जनता की समस्यायों को समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता है। कार्यक्रम में प्रमुख रेणु देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया कलावती देवी, पंस सदस्य महेंद्र प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, रीतलाल चौधरी, इंद्रदेव यादव, राजकुमार साव, अनिल कुमार आजाद, झब्बू चौधरी, वार्ड सदस्य सरिता देवी, सोनिया देवी, पूर्व मुखिया रामचंद्र राम, यमुना साव, कृष्णदेव प्रसाद, छोटेलाल मेहता, शिवकुमार प्रसाद, सिकंदर प्रसाद, संवेदक रीतलाल प्रसाद, बादल राम, बैजनाथ पांडेय, जागेश्वर प्रसाद, शंकर ठाकुर, मुरली प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, एचएम रामकृष्ण प्रसाद समेत आदि लोग मौजूद थे।

## विचार

### जिला महिला मोर्चा समन्वय समिति की बैठक

# ‘घर-घर जाकर संपर्क-जागरूक करें सदस्य’




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ जिला महिला मोर्चा समन्वय समिति की बैठक 11 अक्टूबर को मायाटुंगरी में आयोजित हुई । बैठक की अध्यक्षता रुकशान परवीन तथा संचालन प्रीति कुमारी ने किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि जिला के जितने भी महिला समिति सदस्य है सभी से महिलाओं से घर घर जाकर संपर्क करें और उन्हें जागरूक करें। कहा की जेबीकेएसएस के केन्द्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो के विचारो को जन जन तक पहुंचाना है। क्योंकि झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने से ही होगा। इस संगठन में सभी समुदायों को लेकर आगे बढ़ना है। सभी को अपने हक अधिकार के लिए एकजुट होने की जरुरत है । क्योंकि झारखंड के बने 23 साल हो गये लेकिन अभी तक कौन झारखंडी है परिभाषित नहीं हो पाया है, झारखंड के लिए दुर्भाग्य है। वर्तमान स्थिति में संगठन को जिला , प्रखंड, पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत करना है। गांव , टोला, मोहल्ला , कस्बा आदि जगहों पर जन जागरूकता अभियान चलाने की जरुरत है। बैठक में मुख्य रूप से लीलावती देवी, रूपा महतो, सुलेखा देवी, अनुपम देवी,शान्ति देवी, रेणु कुमारी, सुजांती देवी, बबिता देवी, विनीता कुमारी, दीपू देवी, ललिता देवी, रविता देवी, ममता देवी, गुडी देवी, बबिता देवी, रुक शान प्रवीन, मधु देवी, सीमा अख्तर, मेघो देवी, पनेश्वर महतो, आनंद केटियार, रवि महतो, देवानंद महतो, जिला मिडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, तुलेश्वर महतो, अरुण कुमार महतो,जलेश्वर महतो, लक्ष्मण महतो,अनिल कुमार महतो, शैल देवी, देवंती देवी, रूमा निगम आदि सैकड़ों लोग उपस्थिति थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय का धूमधाम से मनाया गया पांचवां स्थापना दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में 11 अक्टूबर 2023 को 5 वां विश्वविदालय स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में हवन एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की स्थापना 11 अक्टूबर वर्ष 2018 को राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट द्वारा शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को अपनी अजीविका कमाने में सक्षम बनाने के लिए विज्ञान, वाणिज्य, मानविकी, कला, यांत्रिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदय बी. एन. साह ने परम पूजनीय स्व राधा देवी एवं गोविन्द साह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होनें संकाय और छात्रो को विश्वविद्यालय के विकास के लिए उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी। उन्होनें इस बात पर भी जोर दिया कि विश्वविद्यालय अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और उन्हें व्यावसायिक और कौशल विकास प्रशिक्षण के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो० (डॉ०) शुक्ला महंती ने विश्वविद्यालय के विकास में योगदान के लिए सभी विभागों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होनें इस बात पर भी प्रकाश ड़ाला कि विश्वविद्यालय अपने छात्रों को समग्र शिक्षण अनुभव प्रदान करने और उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों के लिए तैयार करने के लिए हमेशा तत्पर है।

## गागर में सागर

### राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**कोडरमा।** राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय में बीएड प्रशिक्षु द्वारा स्वच्छ भारत पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. मौके पर स्वच्छता के महत्व को बतलाने के लिए नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत की गई. इसके माध्यम से साफ सफाई के महत्व को बताया गया. कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सर्वेश जैन ने स्वच्छता क्या है, क्यों जरूरी है, स्वच्छ गांव, स्वच्छ शहर और स्वच्छ राज्य के होने से क्या लाभ होगा, इस विषय पर प्रकाश डाला. साथ ही कार्यक्रम में स्वच्छ भारत को लेकर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. साथ ही विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया. कार्यक्रम में बीएड प्रशिक्षु सोनू कुमार, दिलीप कुमार, अनिल कुमार, कुसुम कुमारी, नीलम कुमारी, अनिता कुमारी, दिव्या कुमारी आदि का विशेष योगदान रहा.

### कोडरमा में डीडीसी ने की पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने डीआरडीए सभागार में पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक की. बैठक में 15वें वित्त के व्यय को बढ़ाने, पंचायत भवन को प्रतिदिन खोलने के साथ-साथ पंचायत भवन में पेयजल, बिजली कनेक्शन, इंटरनेट की व्यवस्था एक हफ्ते के अंदर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. जहां-जहां पंचायत भवन की मरम्मती का कार्य हो रहा है, वहां प्रखंड विकास पदाधिकारी को कार्य की गुणवत्ता की जांच करने का निर्देश दिया गया. बैठक में मुख्य रूप से जिला पंचायती राज पदाधिकारी हीरा कुमार, ईडीएम राजदेव महतो व पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व अन्य मौजूद रहे.

### कोडरमा : स्वावलंबी भारत अभियान के तहत युवा संवाद का आयोजन

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय तिलैयाडैम के सभागार में 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए स्वदेशी जागरण मंच ने स्वाबलंबी भारत अभियान के तहत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया. मुख्य वक्ता के तौर पर स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय कुमार शामिल हुए. विशिष्ट वक्ता के तौर पर डॉ अशोक अभिषेक, एसोसिएट प्रोफेसर जे जे कॉलेज, प्रान्त अधिकारी अजय चौधरी, एडवर्ड सोरेन, जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार तथा पी के सिन्हा शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरूआत आये हुए अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भारत माता, नानाजी देशमुख और दंतोपंत ठेंगड़ी की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी वक्ताओं का स्वागत विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने पौधा देकर किया.

### मछली मारने के क्रम में डूबने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**बोलबा।** बोलबा थाना क्षेत्र के शंख नदी में बलियाजोर लालटोली गाँव के पास मछली मारने के क्रम में एक व्यक्ति की नदी में डूबने से मौत हो गई।मृतक की पहचान जॉनसन डुंगडुंग के रूप में हुई। मामले की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा बोलबा पुलिस को दी जिसके बाद बोलबा पुलिस घटना स्थल पहुंची एवं शव को नदी से निकालने का प्रयास किया। बताया गया कि व्यक्ति मछली मारने के लिए गया था इसी दौरान गहरे पानी में चला गया और डूबने की वजह से उसकी मौत हो गई इधर समाचार लिखे जाने तक पुलिस के द्वारा मृतक के शव को पानी से नहीं निकल पाई थी। वही मामले की जानकारी परिवार वालों को हुई जिसके बाद परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल था।

### बानो बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी ने कनारोईया मवि. का किया निरीक्षण



**बानो।** बानो प्रखंड में नव पदस्थापित बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी ने बांकी पंचायत के दौरा के क्रम में कनारोईया मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने प्रभारी प्रधानाध्यापिका पीपी जोजो को शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया साथ ही मध्याह्न भोजन में भी आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया। बच्चों के बीच बैठकर उनके पढ़ाई लिखाई की जानकारी ली।उन्होंने बच्चों से बात करते हुए कहा कि सभी मन लगा कर पढ़ाई करे सभी को प्रतिदिन स्कूल आना है। आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करें, लगातार शिक्षा विभाग द्वारा सभी चीज मुहैया कराई जा रही है और आप आगे चलकर देश का नाम रोशन करते हुए देश की सेवा कर सकेंगे। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### दो दिवसीय दौरे पर सिमडेगा पहुंचे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

# जिलेवासियों को देंगे करोड़ों की सौगात



**सिमडेगा।** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा जिले के दो दिवसीय दौरे में आज सिमडेगा पहुंचेंगे।केंद्रीय मंत्री के सिमडेगा जिला दौरे से कार्यकताओं में भारी उत्साह है ।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने बताया की केंद्रीय मंत्री सर्वप्रथम दिशा की बैठक में भाग लेंगें, उसके बाद जिले के विभिन्न योजनाओं के तहत करोड़ों की सौगात जिले वासियों को देंगे।कोलेबिरा ठेठईटांगर में जहां एकलब्य मॉडल स्कूल का शिलान्यास करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत केरसई, कुरडेग, बोलबा ,ठेठईटांगर, जलडेगा बांसजोर, रेंगारिह ,मालसाड़ा ,बनदुर्गा ,लंगड़ाटोली प्रधानमंत्री सड़क का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे ।साथ हीसिमडेगा स्वामी विवेकानंद चौक में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा ,अटल पार्क में स्व अटल बिहारी वाजपेई एवं कुरडेग के लिए भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा का भी अनावरण करेंगे ।सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि इसको लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है।

## अर्जुन मुंडा आज करेंगे एकलब्य विद्यालय का शिलान्यास



**बोलबा।** ठेठईटांगर प्रखण्ड के करार्मुण्डा गाँव में आज केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा करोड़ों रुपए की लागत से बने एकलब्य विद्यालय का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बुधवार को सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर विधि व्यवस्था एवं अन्य चीजों को लेकर सभी प्रकार की जानकारी ली। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने बताया गया कि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज 3 बजे करार्मुण्डा गाँव मे एकलब्य आदर्श अवासीय विद्यालय का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही कई अन्य स्थानों में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास, उदघाट्न एवं सुदृढ़ीकरण किया जायेगा । उन्होंने यह भी बताया कि सिमडेगा जिले में कुल 10 एकलब्य आदर्श विद्यालय बनना है । इससे ग्रामीणों में काफी हर्ष का माहौल है ।मंत्री के आगमन पर स्वयं सहायता समूह के महिलाओं द्वारा जोरदार स्वागत करने की तैयारी की जा रही है वहीं मालसाडा के पैंकी नृत्य एवं करार्मुण्डा गांव के ग्रामीणों द्वारा राटा नृत्य प्रस्तुत करने की तैयारी की जा रही है। प्रशासन द्वारा विधि-ब्यवस्था चुस्त दुरुस्त की जा रही है ।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, नरेन्द्र बड़ाईक, विजय महतो, सुरजन प्रधान, नारायण सिंह, सुखदेव सिंह, शंभू सिंह , पैरबा सिंह एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### झापा के प्रखंड अध्यक्ष उंबलन कंडुलना का निधन, जताया शोक

**जलडेगा।** झारखंड पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष उंबलन कंडुलना की आकस्मिक निधन बुधवार को लगभग 60 वर्ष के आयु में हो गई।वे जलडेगा प्रखंड के सावनाजारा गिरजाटोली के निवासी थे, मिली जानकारी के अनुसार वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे तथा ईलाज के लिए विसेज पटेल, अस्पताल राऊकेला परिजन ले गए थे, जहां इलाज के दौरान उनका आकस्मिक निधन हो गया, आकस्मिक निधन होने से गांव तथा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि वे काफी मृदुभाषी, मिलनसार व्यकित्व के व्यक्ति थे तथा सबों से अच्छा व्यवहार रखते थे,उनका असमाययिक निधन से पार्टी एवं गांव घरों की अपूर्णीय क्षति हुई है।इस दौरान लोगों ने दिवंगत आत्मा के शांति के लिए तथा परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की,शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में झारखंड पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुजीत कुमार नाथ, विनोद बड़ाईक,आकाश साहु, ढोलो सिंह,गोडविन कंडुलना आदि शामिल हैं।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत निकाली जागरूकता रैली



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल सिमडेगा स्थित एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल की छात्राओं के द्वारा शहर में बुधवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली को हरी झंडी दिखाकर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी आनंद खाखा के द्वारा रवाना किया गया। रैली सदर अस्पताल से निकलकर सिमडेगा मुख्य पथ होते हुए नीचे बाजार से वापस आकर महावीर चौक कचहरी होते हुए पुणः सदर अस्पताल होकर समाप्त हुई। इसके पश्चात सदर अस्पताल में एएनएम ट्रेनिंग स्कूल के छात्राओं के द्वारा फूड स्टॉल लगाकर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर अलग-अलग काउंटर में अलग-अलग प्रकार की खाने-पीने की चीज प्रदर्शित करते हुए लोगों को जीवन शैली में मानसिक तनाव से दूर रहकर मनोरंजन के साधन एवं खाने पीने की चीजों को विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उपस्थित संतु बड़ाईक एवं शर्मिला बड़ाईक ने बताया साल विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम ह्यमानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानवाधिकार हैह्, रखी गई है. इस थीम को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाई जा रही है। मौके पर म ट्रेनिंग स्कूल की प्राचार्य सुषमा एक्का शिक्षिका प्रोमिला , एवं अस्पताल मैनेजर अलका कुल्लू सहित कई लोग मौजूद रहे।

### जलमीनार निर्माण को लेकर हुआ भूमिपूजन

**कोडरमा।** सरकार के महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत नवलशाही थाना क्षेत्र (डोमचांच प्रखंड)के खरखार पंचायत स्थित लहरियाटांड़ में जलमीनार का निर्माण कराया जाना है. बुधवार को स्थानीय मुखिया अंजू कुमारी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर व नारियल फोड़कर भूमि पूजन किया. उक्त योजना के अंतर्गत इस जलमीनार की क्षमता साढ़े चार लाख लीटर जल संग्रह की होगी. इस जलमीनार से खरखार पंचायत के सात गांव क्रमशः खरखार, नवलशाही, पहाड़पुर, लहरियाटांड, रतनपुर, पैसरा, उपरबाद में सुचारू रूप से पेयजल की आपूर्ति की जायेगी. उक्त कार्य को संवेदक द्वारा दो वर्षों में पूर्ण करते हुए घर-घर नल से जल पहुंचाया जाना है. भूमि पूजन के दौरान मुख्य रूप से मुखिया अंजू कुमारी के अलावा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारीगण, मुखिया प्रतिनिधि पिंटू यादव, उप मुखिया उमेश शर्मा, वार्ड सदस्य अर्जुन यादव, मुन्नी देवी, रामधनी यादव महंत, भुवनेश्वर दास, रंजीत यादव, ब्रह्मदेव यादव, विजय शर्मा, राजेंद्र यादव, अरुण शर्मा, राजेश राणा, अनुज सिंह, राजकुमार राणा, अजय मिस्त्री, रिंकू देवी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे.

### सिमडेगा एसपी ने सदर थाना का किया वार्षिक निरीक्षण

## आम जन के सहयोग से क्षेत्र में होगा अपराध पर अंकुश : एसपी



सिमडेगा। सिमडेगा एसपी सौरभ ने बुधवार को दोपहर में सदर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया।एसपी के पहुंचने के साथ ही सदर थाना में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया ।जिसके बाद एसपी ने स्थानीय लोगों के साथ बैठक की बैठक करते हुए उन्होंने विधि व्यवस्था आदि चीजों को लेकर चर्चा की ।उन्होंने कहा कि आम जनमानस के सहयोग से क्षेत्र में अपराध को पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सकता है। क्षेत्र में नशीली पदार्थ ,शराब आदि चीजों को लेकर पुलिस सभी के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने कहा शहर में जगह-जगह पर सीसीटीवी लगाया गया है, लेकिन अन्य जगहों पर स्थानीय लोग अपने-अपने घरों में प्रयास करें सीसीटीवी लगे, ताकि पुलिस को और भी मदद हो सके। उन्होंने कहा कि लगातार पेट्रोलिग के माध्यम से शहर के सभी जगह पर नजर रखने का प्रयास किया जा रहा है। वही इस मौके पर स्थानीय लोगों से भी राय मांगा जिस पर लोगों ने शहर में स्थानीय बाजार में विशेष नजर, भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की प्रति नियुक्ति ,सड़क जाम की समस्या को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था एवं सामुदायिक पुलिसिंग एवं अन्य चीजों को लेकर कई प्रकार के राय दिए जिस पर एसपी ने इन सभी चीजों को करने की बात कही। एसपी ने कहा कि सभी लोग किसी प्रकार की समस्या हो तो थाना में हिचक आए पुलिस आपके लिए 24 घंटा तैयार है। इसके बाद थाना में पदस्थापित एएसआई सब इंस्पेक्टर,चौकीदार, एवं जवानों का निरीक्षण करते हुए उन्हें व्यवस्थित ढंग से वर्दी एवं कार्यों में पूरी तरह से सजग एवं लापरवाही नहीं करने के निर्देश दिए। वही उन्होंने कई जेल से छूटे हुए लोग एवं दागी पूर्व में किसी मामले में संलिप्त लोगों का भी हाल-चाल जाना साथ ही उन्हें मुख्य धारा से लौटकर सामाजिक जीवन जीने की बात कही। इसके पश्चात उन्होंने थाना में दर्ज मामले लंबित मामले वर्तमान में थाना की सभी पंजी आदि चीजों की बारीकी से निरीक्षण करते हुए आवश्यक जानकारी हासिल कर कार्यों को बेहतर करने के निर्देश दिए।

## मदर टेरेसा कॉलेज में छात्रों को दी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता**

बानो। मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में आज सत्र 2021-23 के एएनएम द्वितीय वर्ष की छात्राओं को फेयरवेल दी गई जिसमें प्रथम वर्ष की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की और द्वितीय वर्ष की छात्राओं को गिफ्ट दिया। इस सत्र में बेस्ट मॉनिटर ग्लोरी भुईयां एवं स्टूडेंट ऑफ द ईयर अंजली भारती को सर्टिफिकेट और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया ।निदेशक डॉ. प्रहलाद मिश्रा ने कहा की आप सब यहां से एक अच्छे कार्य के लिए जिंदगी की नई उड़ान भरने के लिए जा रहे हो। आप सब हरेक लोगों के प्रति स्नेह प्रेम और दया का भाव रखकर उनकी सेवा करें आप हर समय आगे बढ़े ।सभी छात्राओं को कोर्स कंप्लीशन सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट देकर विदाई दी गई ।इस वर्ष राज्य में चौथा स्थान एवं जिले टॉपर रूबी कुमारी एवं हेमलता मुर्मू को बुके देकर स्वागत किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ सीमा टोप्पो कोऑर्डिनेटर रविकांत, डिप्टी डायरेक्टर बिल्लू अग्रवाल प्राचार्या संगीता कुमारी , रवि वर्मा वाइस प्रिंसिपल एरेन बैक, प्रभा सुरीन , ट्यूटर अलविना तोपनो ,निभा खलखो ,लीलावती साहू, मटिलदा तिर्की लीला कुमारी एवं सभी छात्राएं मौजूद थी।

### बानो बीडीओ ने बांकी क्षेत्र का किया दौरा

**बानो।** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नईमउद्दीन अंसारी ने प्रखण्ड के बांकी पंचायत का दौरा कर पंचायत में चल रहे बिकास योजना की जानकारी ली साथ ही पंचायत में प्रधानमंत्री आवास का भी निरीक्षण किया ।प्रखंड विकास पदाधिकारी बानो के द्वारा बांकी पंचायत में अपूर्ण आवास का निरीक्षण किया गया एवं सभी लाभुको को एक सप्ताह के अंदर आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पंचायत सचिव को आवास निर्माण में हो रही परेशानियों का समाधान करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने जिस उद्देश्य के साथ गरीबों को मकान दे रही है उसी उद्देश्य को समझते हुए लाभुक जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य को पूरा करें ताकि सरकार का लक्ष्य पूरा हो ,बाकी बचे हुए लोगों को भी योजनाओं का लाभ दिया जा सके ।

## बालिका दिवस पर जिप अध्यक्ष का स्कूल भ्रमण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत टूटिकेल पंचायत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सड़क टोली में जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग बालिका दिवस के अवसर पर स्कूल की बच्चियों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना एवं उन्होंने बालिका दिवस की शुभकामनाएं दीं। स्कूल के भ्रमण के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष ने देखा कि स्कूल में काफी समस्याएं हैं स्कूल के क्षेत्र में ना तो बच्चों के लिए पढ़ने की सही व्यवस्था है ना ही उनके मध्यान भोजन के लिए कोई जगह है। यहां तक की स्कूल भवन के एक कमरे को पड़ोस के ग्रामीण के द्वारा ताला बंद कर कब्जा किया हुआ है। जिसकी जानकारी वहां के शिक्षक अभी तक डर के कारण विभाग को नहीं दे पाए हैं ।स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं से बच्चों की उपस्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि स्कूल में 80 बच्चों का नामांकन है ।जिसमें से 56 बच्चे उपस्थित पाए गए। स्कूल में कल 6 कमरे हैं जिसमें से तीन कमरों पर ताला जड़ा हुआ था। एवं गया है दो कमरों पर बच्चों को शिक्षा दी जाती है, एवं एक कमरे को कार्यालय के लिए उपयोग किया जा रहा है वहां के बच्चों से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें पढ़ाई करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**मामला** | जलाशय के बन जाने सैकड़ों ग्रामीण होंगे लाभान्वित

# 40 वर्षों से अधूरा पड़ा केशो जलाशय



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड में बनने वाला केशो जलाशय पिछले 40 वर्षों से लंबित पड़ा हुआ है. इसका उद्धार कब होगा, इसका जवाब किसी के पास नहीं है. हजारों हेक्टयर भूमि पर सिंचाई सुविधा बहाल करने को लेकर एकीकृत बिहार में इस योजना की शुरूआत हुई थी. लेकिन झारखंड बनने के 23 वर्ष पूरा होने के बाद भी यह परियोजना अब तक अधूरी है. जानकारी के अनुसार, एकीकृत बिहार में वर्ष 1984 में तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रशेखर सिंह ने इलाके के किसानों को पटवन की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर दो महत्वपूर्ण योजना का शिलान्यास किया था. उस समय यह हजारीबाग जिले के मरकच्चो प्रखंड में आता था. पचखेरों जलाशय व केशो जलाशय दोनों मरकच्चो प्रखंड के किसानों के लिए वरदान साबित होना था. पचखेरो जलाशय का कार्य 8 वर्ष पूर्व 2015 में पूर्ण हो चुका है, जबकि केशो जलाशय परियोजना अब तक फाइलों में ही सिमटी है. दोनों जलाशय योजना पर काम विजेता कंस्ट्रक्शन रांची कर रही थी. एक योजना पूरी हुई, तो दूसरी योजना पर विजेता कंस्ट्रक्शन ने दोबारा काम शुरू किया था. लेकिन कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा योजना में भ्रष्टाचार का मामला सामने आने पर झारखंड मंत्रिमंडल निगरानी की तकनीकी समिति से जांच कराई गई थी. जांच में साढ़े 12 करोड़ की अनियमितता सामने आई थी. इसके बाद विजेता कंस्ट्रक्शन के खिलाफ वर्ष 2017 में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी. जांच रिपोर्ट में तकनीकी समिति ने कहा था कि कंपनी ने बगैर कार्य कराये ही भुगतान ले लिया. इस मामले में 13 अभियंता दोषी पाए गए थे. मामले की जांच 2016 से ही चल रही थी.

### 2017 से ही जलाशय का कार्य बंद पड़ा है

इससे पहले हजारीबाग जलपथ प्रक्षेत्र के मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में केशो जलाशय परियोजना से संबंधित विजेता कंस्ट्रक्शन कंपनी के क्रियाकलापों की जांच की गई थी. उन्होंने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि सिर्फ 25 करोड़ का काम हुआ और कंपनी ने 44 करोड़ का भुगतान ले लिया. ठेकेदार पर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद 2017 से ही केशो जलाशय का कार्य बंद पड़ा है. विजेता कंस्ट्रक्शन कंपनी पर एसीबी की ओर से मामला दर्ज किए जाने के बाद से ही केशो जलाशय परियोजना का कार्य बंद पड़ा है.

## जीईएल चर्च पेरिस काउंसिल महिला समिति का नौवां वार्षिक सम्मेलन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर के जीईएल चर्च पेरिस काउंसिल महिला समिति कहुपानी का 9वा वार्षिक सम्मेलन का हुआ आयोजन बुधवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का,युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से मौजूद रहे। जहां पर कहूपानी पेरिस अध्यक्ष पादरी निर्मल टिम्बो के द्वारा प्रभु भोज अनुष्ठान का आयोजन किया ।जिनके सहयोग तीन पादरियों के द्वारा किया गया। इसके पश्चात प्रवचन ,सामूहिक भजन ,साक्षी वाणी, गीत प्रतियोगिता, सामूहिक बाइबल क्वीज ,सिरनी दान संग्रह सहित अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर आए हुए अतिथियों को माला पहनकर स्वागत। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ने कहा की इतिहास गवाह है कि हमेशा से महिलाओं को उच्च श्रेणी में सम्मान देने का कार्य किया गया है आज महिलाएं सभी क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं समाज का प्रतिनिधित्व कर रही है, जिससे कि समाज आगे बढ़ रहा। महिलाएं कलीसिया समुदाय को मजबूत करने की अहम भूमिका है।समाज अंधविश्वास आदि चीजों को दूर करने के लिए महिला लोगों के बीच जागरूकता फैलाएं ।जिससे कि समाज आगे बढ़े, परमपिता परमेश्वर ईसा मसीह ने हमेशा कहा है कि दूसरों की सेवा करें पापियों को क्षमा करें, और हमेशा सामाजिक कार्यों में ध्यान दें ।आज वर्तमान समय की परिपेक्ष में हम सभी को इसको विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि प्रभु की सच्ची सेवा हो सके। इस मौके पर ललित समद, विश्राम कच्छप, अनिल बरला ,नोवेल जोजो, हबील बरला, कुवर समद, अस्थान जोजो, चिराग बाड़ा रसाल खलखो आदि उपस्थित रहे।

# प्रखंड कार्यालय कर्मियों की दबंगई चरम पर पहुंची

## पंचायत सचिव पर रिश्वत नहीं देने पर मास्टर रॉल फाड़ने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड कार्यालय के कर्मियों की दबंगई इन दिनों चरम पर है। मनरेगा योजना से संबंधित किसी भी कार्य के लिए अगर मास्टर रॉल पर हस्ताक्षर के लिए पंचायत सचिव या रोजगार सेवक के पास जाने पर पैसे की डिमांड की जाती है। ताजा मामला बुधवार का है। फुलवार गांव निवासी ब्रजेश यादव के खेत में मनरेगा के तहत हो रहे मेडबंधी योजना में जब लाभुक ब्रजेश यादव मास्टर रॉल पर पंचायत सचिव सतीश सिंह के पास हस्ताक्षर कराने पहुंचे तो हस्ताक्षर करने के नाम पर उनके द्वारा पांच सौ रुपये की मांग की गई। जब पैसा देने में असमर्थता जताई गई तो मास्टर रॉल फाड़कर फेंक दिया गया तथा कहा गया कि अगर पैसा नहीं दोगे तो तुम्हारा काम नहीं होगा। तुम्हें




जहां जाना है, जा सकते हो मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। इसे लेकर पीड़ित ब्रजेश यादव ने बीडीओ को लिखित आवेदन देकर मामले की जांचोपरांत दोषी पंचायत सेवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पंचायत सचिव सतीश सिंह ने बताया कि मैं किसी भी लाभुक का मास्टर रॉल छीनकर नहीं फाड़ा हूं। मेरे उपर लगाया गया आरोप निराधार है।

## गागर में सागर

### रामायण सीरियल का किया उद्घाटन

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड क्षेत्र के कोसलिबार में रामायण सीरियल का उद्घाटन समाजसेवी अरविंद पासवान ने किया। पासवान ने बताया कि रामायण सीरियल देखने से समाज मे सद्बुद्धि का विकास होगा। आज हम सभी को भगवान राम के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। इससे हमारा गांव, समाज में सुख शांति एवं समृद्धि आ सके एवं समाज का विकास हो सके। मौके पर सुरेन्द्र यादव, लालकुमार यादव, अजित यादव, राधेश्याम प्रजापति, संतोष ठाकुर, बंशीधर सिंह, मिथलेश सिंह, गंभीरा सिंह, शिवकुमार सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थिति थे।

### हंटरगंज प्रखंड प्रमुख ने की नए जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मुलाकात

**चतरा।** हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी ने बुधवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से प्रखंड में कार्डधारियों को समय से और मात्रा के अनुरूप राशन पीडीएस संचालकों द्वारा नही दिए जाने की बात कहीं। ऐसे में उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से आग्रह किया कि एक बार हंटरगंज पर प्रखंड के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का निरीक्षण कर सभी दुकानदारों को कार्डधारकों से बेहतर संबंध स्थापित कर उचित राशन देने का निर्देश दें ताकि कार्डधारियां को उचित राशन मिल सके। उनके साथ गिद्धौर प्रमुख अनिता यादव और पत्थलगड़ा की मनीषा कुमारी भी मौजूद थीं।

### आधा दर्जन घरों में बन रही अवैध जावा महुआ शराब की गई नष्ट

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न गांव में पुलिस ने बुधवार को अवैध जावा महुआ शराब विनष्टी करण को लेकर अभियान चलाया। इस क्रम में पांडेयबागी व जापुआ गांव के करीब आधा दर्जन घरों में बन रहे अवैध जावा महुआ शराब को नष्ट कर दिया। वही थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगली बार से अवैध शराब पकड़ी गई तो कड़ी कार्रवाई किया जायेगी। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की कई घरों में अवैध रूप से जावा महुआ का शराब बनाया जा रहा है। जिसके आलोक में कार्रवाई की गई।

### गरीब अनमोल की 10वीं तक की शिक्षा द विजन पब्लिक स्कूल में होगी

**इटखोरी(चतरा)।** द विजन पब्लिक स्कूल इटखोरी के संस्थापक नीरज सिन्हा ने बुधवार को हलमता पहुंचकर सड़क हादसे में दिवंगत उमेश राणा के परिवार से मिलाकर शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही दिवंगत के सुपुत्र अनमोल कुमार को गोद लिया और परिजनों को समझाया की चिंता न करें आप अपने बच्चे को रोज स्कूल भेजे विद्यालय आपके बच्चे कि कक्षा 10 तक की पढ़ाई मुफ्त में प्रदान करेगी। अभी अनमोल द विजन पब्लिक स्कूल में यूकेजी का छात्र है।

### गिद्धौर : एनडीपीएस के आरोपी होटल संचालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के जपुआ में संचालित वेलकम ढाबा के संचालक अरविंद दांगी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी कटकसांडी थाना में कांड संख्या 399/23 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में की गई। बुधवार को दोनों थानों के पुलिस पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाकर अरविंद को होटल से गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया कि गिरफ्तार आरोपी को हजारीबाग जेल भेजा जाएगा।

### शिविर लगाकर की 81 बच्चों के आंखों की जांच, 37 को दिया जायेगा चश्मा



**प्रतापपुर (चतरा)।** बुधवार प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय में असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 81 बच्चों के आंखों की जांच की गई एवं 37 बच्चों को चश्मा के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में बच्चों के आंखों की जांच करवाने व व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए मुख्य रूप से रिसोर्स शिक्षक छोटू राणा एवं डॉक्टर दिनेश कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

**सिमरिया(चतरा)।** सिमरिया डिग्री महाविद्यालय में बुधवार को मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य सुरेंद्र कुमार बक्सी द्वारा झंडोतोलन किया गया। इसके पश्चात अमृत कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण, महाविद्यालय समिति के सदस्यगण, छात्र-छात्राएं सहित राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं सदस्यों की सफल भूमिका रही।

## खरौंधी में दशहरा को लेकर शांति समिति की बैठक

**खरौंधी।** थाना परिसर में दुर्गा पूजा तथा दशहरा महापर्व को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने पंचायत प्रतिनिधियों से दुर्गा पूजा को लेकर जानकारी ली। वहीं मुखिया ने दुर्गा पूजा में शांति बहाल करने की मांग की। उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य ने कहा कि पहले की तरह इस बार भी दुर्गा पूजा प्रखंडवासी मिलजुलकर मनाएंगे। प्रमुख आभा रानी ने कहा कि त्योहार के दौरान प्रशासन भी अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए निगरानी करेगा ताकि दुर्गा पूजा पंडाल में व्यवधान उत्पन्न नहीं हो। थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने कहा कि प्रखंडवासी दुर्गा पूजा के दौरान क्षेत्र में किसी भी समस्या के लिए थाना को अवगत करायें। मौके पर सेवानिवृत शिक्षक राजकेश्वर प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, उपेंद्र दास, सांसद प्रतिनिधि राम खेलावन, पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी आदि मौजूद थे।

## बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**



मंडल इकाई के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक बुधवार को मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद की अध्यक्षता में विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश के आवास पर हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के गढ़वा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, लातेहार प्रभारी सह बूथ सशक्तीकरण प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, भाजपा के सभी मोर्चे के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, संयोजक आदि मौजूद थे। केसरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है।

सिन्हा ने हर बूथ मजबूत करने का मूल मंत्र बताया तथा मंडल के हरेक बूथ पर भाजपा को मजबूत करने के लिए बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रखंड के सभी 28 बूथों के लिए अध्यक्ष, संयोजक एवं सह संयोजक को दायित्व सौंप गया। बैठक में जिला मंत्री ठाकुर प्रसाद महतो, स्वाति तिर्की, जिला कार्यसमिति सदस्य सुरेश केसरी, सांसद प्रतिनिधि आनंद सोनी, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश, भंडरिया मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, सुनीता देवी, रामचंद्र सिंह, अरूण नगेशिया, इश्वरी प्रसाद, संतोष प्रसाद, रामनाथ केसरी, हरिलाल बढाईक, रामसेवक रजक, मुकेश सोनी, रंजन सोनी, रवि सोनी, अखिलेश पांडेय आदि उपस्थित थे।

# सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार : डीसी

## विधि व्यवस्था संधारण के लिए पूरी चौकसी बरतने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



आगामी त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दुर्गा पूजा को शांति एवं सदभावपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को दुर्गा पूजा पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरी चौकसी बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र में शांति समिति की बैठक कर लें। उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गई, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने अपील करते हुए कहा कि धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए शांति व सौहार्द से पर्व को मनायें। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक को निर्देश दिया कि अवैध शराब की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कारवाई करें। आगे उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो इसके लिए पूर्व में ही सभी तैयारी पूरी कर लें। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। सभी थाना तैयारी के साथ-साथ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रखें। सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी एवं गश्ती करने का निर्देश दिया गया। सभी पूजा पंडाल समिति के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार का भड़काऊ या अश्लील गाने का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। वहीं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि आगामी त्योहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी। साइबर सेल 24 घंटे सोशल मीडिया की निगरानी कर रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि दुर्गा पूजा के दौरान किसी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं दे और किसी तरह की समस्या होने पर सीधे पुलिस को जानकारी दें। विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने पूजा पंडाल में सीसीटीवी एवं लाइट की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरि शंकर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### गिद्धौर थाना प्रभारी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

**गिद्धौर।** थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बुधवार को विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान ना दें व सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखें।

## दो होनहार छात्राओं को छात्रवृत्ति देने की घोषणा

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**



प्रखंड क्षेत्र के जाखन्ड (कुम्हारी) में संचालित माध्यमिक शिशु शिक्षा निकेतन से मैट्रिक परीक्षा 2023 में छात्राओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांति किरण छात्रवृत्ति स्कीम के तहत दो छात्राओं का चयन किया गया है। ज्ञात हो कि इटखोरी थाना क्षेत्र के पिपरा निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर तीन भाई बहन स्वाति सिंह, रेशु सिंह तथा आभास कुमार द्वारा वर्ष 2021 उक्त स्कीम चलाई जा रही है। वर्ष 2023 मैट्रिक परीक्षा में इंदु कुमारी पिता सुबोध कुमार राम (कदगावां) ने सर्वाधिक (423) तथा निराली कुमारी पिता निर्भय सिंह (नरचाही) ने (422) अंक प्राप्त कर विद्यालय में अव्वल स्थान प्राप्त की, जिन्हें ग्रेजुएशन तक प्रति मास एक- एक हजार रुपये दिये जायेंगे। दूरभाष पर बातचीत के क्रम में सिंह ने कहा कि हम तीनों भाई बहन अपनी मेहनत से कमा कर इन छात्राओं को आगे की पढ़ाई में सहयोग करते हैं। यदि ये छात्राएं आगे चलकर शिक्षा के माध्यम से किसी मुकाम पर पहुंचती हैं तो हमारा नारी शिक्षा की सफलता का सपना साकार होगा। बताते चलें कि सिंह मुंबई में रेशु सिंह पुणे में दोनों के पति विदेशों में तथा भाई आभास कुमार सिंह बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। इन छात्राओं के चयन हेतु श्रीमती सिंह के द्वारा कन्जिया निवासी सहायक शिक्षक अभिराम सिंह को नियुक्त किया गया था। विद्यालय के निदेशक बिनय कुमार सिंह ने इनके जज्बे को नमन करते हुए इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है।

## दो महीने की पर्ची निकाल कर राशन नहीं देने का लगाया आरोप

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ गांव के डीलर राम बेलास बैठा पर दो माह का पर्ची निकाल कर राशन वितरण नहीं करने का आरोप लाभुकों ने लगाया है। इसको लेकर बुधवार को दर्जनों लाभुकों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ को आवेदन देकर शिकायत की है। लाभुकों ने बताया कि डीलर से राशन की मांग करने पर कम राशन मिलने का हवाला देते हैं, जबकि डीलर को गोदाम से प्रति माह आवंटन के अनुरूप राशन मिला है। लेकिन राशन वितरण करने में डीलर आनाकानी करता है। यहां लाभुक कम राशन लेने को तैयार नहीं है। लाभुकों ने डीलर का राशन दुकान का जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन देने वालों में मधु देवी, संजीव कुमार, आरती कुमारी, आशीष कुमार बैठा, बालेश्वर सिंह, विवेक कुमार, प्रमोद सिंह, दीपक सिंह, मनोज सिंह, सविता देवी, मनोज सिंह, छोटेलाल, नीतू देवी, मंजू देवी, पूजा देवी, विद्यार्थी देवी, अशोक ठाकुर आदि शामिल थे।

## नवरात्रि में शराब बिक्री पर मुखिया ने लगाई रोक

**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने 13 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक मुकुन्दपुर पंचायत क्षेत्र में पुर्ण रूप से शराबबंदी करने की घोषणा की है। मुखिया मुंगा साह ने कहा की नवरात्रि और दशहरा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाने में किसी भी ग्रामीण कोई विघ्न उत्पन न हो इसके मध्यनजर पंचायत के सभी गांवों में महुआ शराब निर्माण और बिक्री पर रोक लगाई गई है। इसके बावजूद जो लोग अपने घरों में महुआ शराब चुलाई और बिक्री करेंगे उनके घरों में प्रशासन से छापेमारी करवाते हुए कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने ग्राम वासियों से इस कार्य में सहयोग करने का आग्रह किया गया है।

## 'व्यवसाय और किसानों की बेहतरी के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प'

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को/लोहरदगा**



झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्रालय के झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड पहुंचे। उन्होंने किस्को स्थित बाजार शेड एवं मार्केट कॉम्पलेक्स का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों एवं व्यापारियों को बाजार हाट में मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि हम लोगों का प्रयास है कि जितने भी बाजार हॉट बाजार समिति के अंदर आने वाले हैं उन सभी को विकसित किया जाए। जिससे किसानों को उचित प्लेटफार्म मिल सके ताकि किसानों के द्वारा उत्पादित सामग्रियां को बाहर से व्यापारी जाकर सुगमता से खरीद सके और किसानों को उचित दाम मिल सके। इसके लिए सबसे पहले बाजार हाट को विकसित किया जाएगा। इसके लिए बाजार विपणन समिति किस तरह से विकसित करना चाहते हैं इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेजें। मौके पर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, किस्को प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, कुडू प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सदरूल अंसारी, प्रदीप विश्वकर्मा, रौनक इकबाल, उल्फत अंसारी, अजीज अंसारी, अलीमुद्दीन अंसारी, कबीर अंसारी, गुलजार अंसारी मौजूद थे।

## योजनाओं में अनियमितता की जांच की मांग

**भवनाथपुर।** जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर प्रखंड की बनसानी, मकरी, पंडरिया पंचायत में हो रहे जल नल योजना कार्य में अनियमितता की टीम गठित कर जांच कराने की मांग की है। कहा गया कि प्रखंड स्तर पर मैंने जांच कर विभाग के जे ई को कार्य में सुधार करने को निर्देश देने के बाद भी कोई भी सुधार नहीं किया गया। आवेदन में उल्लेख किया है कि पंडरिया पंचायत के गुड़गांव के शिव पहाड़ी स्थल पर हुए डीप बोरिंग, वनसानी पंचायत की सभी योजनाओं एवं मकरी पंचायत की सभी योजनाओं की जांच की जाए। सभी योजनाओं को ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों के विरोध के बाद भी फर्जी गठन करने का प्रयास विभाग द्वारा किया जा रहा है जिसकी जांच करना जनहित में आवश्यक है।

**कार्यक्रम** हेमराज विक्रमादित्य का विजय दिवस मनाया गया

# 'अच्छे योद्धा व कुशल प्रशासक थे हेमराज'

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**



झारखंड प्रदेश रौनियार समाज के तत्वावधान में प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद की अध्यक्षता में हेमराज विक्रमादित्य महाराज का विजय दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम रौनियार समाज के लोगों ने हेमराज विक्रमादित्य महाराज की प्रत्तिमा पर पुष्प अर्पित की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद ने हेमराज विक्रमादित्य महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

इस मौके पर रौनियार महासभा के संरक्षक रामविचार साहू ने कहा कि हेमराज विक्रमादित्य महाराज हरियाणा के रेवाड़ी के रहने वाले थे। उन्होंने मध्ययुगीन भारत में विरोधी मुस्लिम शासकों के बीच थोड़े समय के लिए ही एक 'हिंदू राज' स्थापित करने का काम किया। उन्होंने अपने पूरे करियर में कुल 22 लड़ाइयां जीतीं। इसकी वजह से ही उन्हें कुछ इतिहासकारों ने मध्य युग के समुद्र गुप्त का खिताब दिया। हेमराज विक्रमादित्य महाराज को मध्ययुग का नेपोलियन भी कहा गया जाता है। वे एक अच्छे योद्धा के साथ-साथ कुशल प्रशासक भी थे। उनके युद्ध कौशल का लोहा उनके साथियों के साथ-साथ उनके दुश्मनों ने भी माना था। इस मौके पर केतार मुखिया प्रमोद कुमार, विनोद प्रसाद, विकास प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, रामनायन प्रसाद, अशोक प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, अर्जुन प्रसाद सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस को लेकर हुई बैठक

**लोहरदगा।** 31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के सफल आयोजन हेतु साइंस फॉर सोसाइटी लोहरदगा की बैठक एम एल ए इंटर महिला महाविद्यालय में सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सचिव राहुल कुमार ने जानकारी दी कि जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा के निर्देशानुसार कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय लोहरदगा के सभागार में शनिवार को 10:00 बजे से जिला स्तरीय शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिले के सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी मध्य, उच्च तथा प्लस टू स्तरीय विद्यालयों के विज्ञान शिक्षक अथवा सामाजिक विज्ञान के शिक्षक भाग लेंगे जो प्रशिक्षण के बाद अपने-अपने विद्यालयों के 10 से 17 आयु वर्ग के बाल वैज्ञानिकों को प्रोजेक्ट निर्माण में मार्गदर्शन करेंगे।

## चतरा : प्रतिवर्ष करोड़ों खर्च के बावजूद विद्यालय में बूंद-बूंद को तरस रहे बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**




एक तरफ सरकार सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्कुलों में संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। वहीं दूसरी तरफ चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के मंझगावा भुईयांडीह प्राथमिक विद्यालय में पढने वाले नौनिहाल बच्चे बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। विद्यालय में दिखावे के लिए एक चापानल अधिष्ठापित की तो गई है, पर केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गई है।

इन दिनों बरसात के मौसम में बमुसकिल एकाध बाल्टी पानी निकल रहा। मध्याह्न भोजन संचालित करने के लिए लगभग एक किलोमीटर दूर से पानी लाना पडता है। विद्यालय में अनुसूचित जाति के लगभग तीस बच्चे नामांकित है और लगभग बच्चों की उपस्थिति प्रत्येक दिन रहती है। परंतु स्कूल में पीने का पानी मिलना दुर्लभ हो गया है। जिसके कारण बच्चों को रेलवे लाइन पारकर प्यास बुझाने के लिए दूर तक जाना पड़ता है। जिसके कारण कभी भी बड़ी घटना होने की संभावना बनी रहती है। विद्यालय के शिक्षक बालमुकुंद यादव ने बताया की पानी समस्या की जानकारी वरीय पदाधिकारी को दर्जनो बार दे चुका हूं पर आजतक समस्या का समाधान नहीं हो पाया। इस विषय में जिला शिक्षा अधिक्षक अभिषेक बडइक ने बताया की समस्या की जानकारी नहीं थी। अब समस्या का जानकारी हुई है जल्द ही समस्या का समाधान कर ली जाएगी।

कभी भी किसी को भला बुरा कहने से पहले यह अवश्य सोच ले कि यदि वही शब्द कोई आपसे कहे तो आपको कैसा प्रतीत होगा।

– अज्ञात




# पशुपालन विभाग की लाचारी

***झारखंड*** में पशु अस्पताल की स्थिति अत्यधिक खराब हो चली है। लगता है कि एकीकृत बिहार में अरबों रुपए के हुए पशुपालन घोटाले के दर्द से झारखण्ड का पशुपालन विभाग आज तक नहीं उबर सका है। इसकी बानगी पलामू का पशुपालन विभाग है। जहां पालतू पशुओं की देखरेख व इलाज की पुरानी व ध्वस्त हुई व्यवस्था की जगह नई व्यवस्था स्थापित नहीं हो सकी है। जिले के पशुपालन विभाग में आधारभूत संरचनाओं का घोर अभाव है। जिले में स्वीकृत पूर्व के पदों के आलोक में भी पशु चिकित्सकों की संख्या आधे से कम है। अन्य पद भी बड़ी संख्या में खाली पड़े हैं। पशु अस्पतालों के भवन या तो ध्वस्त हो चुके हैं या फिर जर्जर हो ध्वस्त होने की कगार पर हैं। इसमें भी जिले के पांच पशु अस्पतालों को मॉडल अस्पताल का कागजी तगमा दे दिया गया है। यह अलग बात है कि हाल के वर्षों में विभाग के जिला स्तरीय कार्यालयों के भवन सुविधायुक्त व चकाचक हुए हैं, लेकिन पशुपालकों की सुविधावाले अस्पतालों का हाल बेहाल है। कहा जा सकता है कि जिले के करीब आठ लाख पशुधनों के इलाज की व्यवस्था झोला छाप डाक्टरों पर निर्भर है। हालांकि जिले में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। पशुपालकों को सरकारी अनुदान दिये जा रहे हैं। पशुधनों को मौसमी व अन्य बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण व दवा वितरण के लिए गांव गांव में शिविर लगाने की योजना चलाई जा रही है, लेकिन डॉक्टर व अन्य कर्मियों के अभाव के कारण इसका पूरा लाभ पशुपालक किसानों को नहीं मिल पा रहा है। इस सम्बन्ध में जिला पशुपालन पदाधिकारी सह जिला गब्य पदाधिकारी डा. प्रभाकर सिन्हा ने बताया कि चिकित्सकों की कमी के कारण थोड़ी परेशानी तो हो रही है, लेकिन पशुपालकों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सारी जानकारी सरकार को दी गई है। विभागीय निदेशक काफी गंभीर भी हैं, जल्द ही जिले की कमियां दूर होने की संभावना है। उन्होंने जो बताया उसके अनुसार जिले में टीवीओ एवं बीएचओ के 27पद स्वीकृत हैं। इनके अलावे तीन अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों का पद है। लेकिन वर्तमान में महज 11पशु चिकित्सक कार्यरत हैं। योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरा विकास योजना एवं जोड़ा बैल योजना में 90एवं 75 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावे गब्य विकास योजना के तहत दो, पांच व दस दुधारू गायों की योजना के तहत किसानों को 50एवं 75 प्रतिशत अनुदान पर लाभ दिया जा रहा है। प्रगतिशील डेयरी के लिए मिकसिंग मशीन, खोवा, पनीर मेकिंग, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण आदि के लिए भी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इतना ही नहीं पशु चारा के लिए कुट्टी काटने की मशीन भी अनुदान पर दी जा रही है। पशुओं के इलाज के लिए गांवों में शिविर लगाकर टीकाकरण एवं दवा वितरण किया जा रहा है। बहरहाल कहने को तो राज्य व केंद्र की सरकार कृषि से जुड़े किसान व पशुपालकों पर मेहरबान है।

**जिले के पशुपालन विभाग में आधारभूत संरचनाओं का घोर अभाव है। जिले में स्वीकृत पूर्व के पदों के आलोक में भी पशु चिकित्सकों की संख्या आधे से कम है। अन्य पद भी बड़ी संख्या में खाली पड़े हैं। पशु अस्पतालों के भवन या तो ध्वस्त हो चुके हैं या फिर जर्जर हो ध्वस्त होने की कगार पर हैं।**

# बढ़ते नेत्र-रोगियों से दुनिया धुंधली हो रही है





ललित गर्ग

***विश्व*** दृष्टि दिवस प्रत्येक वर्ष अक्तूबर के दूसरे गुरुवार को वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है। इस साल यह 12 अक्टूबर गुरुवार को पड़ रहा है। यह दिन दृष्टि हानि, अंधापन के साथ-साथ दृष्टि संबंधी समस्याएं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है, सभी लोगों के लिए अच्छी दृष्टि के महत्व पर प्रकाश डालता है। विश्व दृष्टि दिवस 2023 की थीम है 'काम पर अपनी आँखों से प्यार करें: कार्यस्थल में आँखों की देखभाल!' यह विषय समग्र कल्याण के मूलभूत पहलू के रूप में कार्यस्थल में दृष्टि स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के महत्व को रेखांकित करता है, क्योंकि आधुनिक जीवनशैली एवं कार्यस्थलों पर कम्प्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बढ़ते प्रचलन में आंखें पर ही सर्वाधिक जोर पड़ता है। इस तरह जो लोग स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताते हैं, उनमें समय के साथ आंखों से संबंधित कई तरह की बीमारियां होने का खतरा रहता है। मोबाइल-कंप्यूटर या टेलीविजन की स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी आंखों के लिए बहुत हानिकारक होती है। विश्व दृष्टि दिवस नेत्र देखभाल सेवाओं तक समान पहुंच को बढ़ावा देता है, विशेष रूप से वंचित और हाशिए पर रहने वाली आबादी के लिए। यह आंखों की देखभाल को किफायती और सभी के लिए उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर देता है। विश्व दृष्टि दिवस इसलिये काफी महत्त्वपूर्ण है, दुनिया भर में नेत्र रोगों में बहुत अधिक बढ़ावा हो रहा है। दृष्टि हानि सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करती है और अधिकांश प्रभावित लोग 50 वर्ष से अधिक आयु के हैं। बढ़ते नेत्र-रोगियों से दुनिया धुंधली हो रही है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, एक अरब से अधिक लोग ऐसे हैं जो ठीक से देख नहीं सकते हैं क्योंकि उनके पास चश्मे तक पहुँच की सुविधा नहीं है। इनमें से एक अरब लोग निवारण किये जा सकने योग्य दृष्टि दोष से पीड़ित हैं। दृष्टि हीनता व्यक्तिगत गतिविधियाँ, घूमने-फिरने, स्कूली शिक्षा और कार्य, दैनिक दिनचर्या, सामाजिक मेलमिलाप व वातार्लाप जैसे जीवन के हर पहलू पर दीर्घकालिक प्रभाव छोड़ती है। शरीर की खूबसूरती में आंखें एवं उनकी दृष्टि-सम्पन्नता बहुत सहायक होती है। कवियों ने तो अपनी कविताओं, गजलों, गीता में उपमाएं देकर आंखों का बखान किया हैं। उनकी कल्पना में जब जुबान खामोश होती है तो आंखें बोलती है, इसलिये दृष्टि दिवस पर आंखों के बारे में जानना और उनकी सुरक्षा करना जरूरी है। यो तो हमारे शरीर का हर अंग हमारे लिए बहुत कीमती और महत्वपूर्ण है। यदि उनमें से कोई भी अंग खराब या कमजोर हो जाय तो हमें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं, हम इस जीवन का आनंद भी ठीक से नहीं ले पाते हैं। खासकर अगर आंखों की बात करें तो यह हमारे शरीर का सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग है। कुदरत का यह नायाब तोहफा है, जिससे सारी दुनिया की रंगीनी एवं अच्छी-बुरी सभी चीजें देखी जा सकती है। ऐसे में अगर आंखों को कुछ हो जाए तो दुनिया कितनी बेरंग हो जायेगी? यह किसी के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है, यह जीवन का अधूरापन है। आंखों का काम देखना और देखे हुए संदेश को मस्तिष्क तक पहुंचाना होता है।

**आंखों का काम देखना और देखे हुए संदेश को मस्तिष्क तक पहुंचाना होता है। शरीर का सबसे ज्यादा कोमल अंग आंखें ही होती है, इसलिए जरूरी है कि हम अपनी आंखों का खास ख्याल रखें। आंखों को सही रखने के लिए सही खान-पान का होना बहुत जरूरी है।**

## इन दिनों

शरीर का सबसे ज्यादा कोमल अंग आंखें ही होती है, इसलिए जरूरी है कि हम अपनी आंखों का खास ख्याल रखें। आंखों को सही रखने के लिए सही खान-पान का होना बहुत जरूरी है। आंखें शरीर का वह अंग हैं जो हमें दुनिया की खूबसूरती का एहसास कराती हैं। हालांकि, समय के साथ जीवनशैली और खान-पान में गड़बड़ी के कारण इससे जुड़े खतरे बढ़ते जा रहे हैं। चाहे वह मोबाइल एवं कंप्यूटर पर बहुत अधिक समय बिताना हो या शुगर और बीपी जैसी बीमारियां हों, इन सभी का आंखों के स्वास्थ्य पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अंधेपन और कमजोर नजर का मुख्य कारण मोतियाबिंद, डायबिटिक रेटिनोपैथी और ग्लूकोमा जैसी बीमारियों को बताया है। आँख या नेत्र जीवधारियों का वह अंग है जो प्रकाश के प्रति संवेदनशील है। अच्छी दृष्टि किसी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता पर गहरा प्रभाव डालती है। यह लोगों को दैनिक कार्य करने, शिक्षा प्राप्त करने और समाज में पूरी तरह से भाग लेने, समग्र कल्याण में योगदान करने में सक्षम बनाता है। दृष्टि दिवस संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के साथ जुड़ा है, जिसमें इस बात पर जोर दिया जाता है कि अच्छी दृष्टि सुनिश्चित करना व्यापक वैश्विक विकास उद्देश्यों को प्राप्त करने का एक अभिन्न अंग है। विश्व दृष्टि दिवस वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देता है, दृष्टि हानि और अंधापन को रोकने के लिए एक साझा मिशन में व्यक्तियों और संगठनों को एकजुट करता है। हर साल दुनिया भर में अंधापन और दृष्टि हानि के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर लायंस क्लब फाउंडेशन सक्रिय हुआ, इसकी प्रेरणास्रोत बनी अमेरिकी लेखिका, शांतिकर्मी, युद्ध विरोधी राजनीतिक कार्यकर्ता, समाजसुधारक एवं प्रेरक उद्बोधक हेलेन केलर, वो स्वयं अंधी होने के बावजूद दुनिया में अनूठे एवं विलक्षण कर किये। 1925 में, जब लायंस इंटरनेशनल केवल सात वर्ष का था, प्रसिद्ध हेलेन केलर ने अपने वार्षिक सम्मेलन में लायंस सदस्यों से अंधता निवारण पर प्रेरक उद्बोधन देते हुए 'अंधेरे के खिलाफ धर्मयुद्ध में अंधों के शूरवीर' बनने के लिए चुनौती दी। उस भाषण ने लायंस की एक नई दिशा तय कर दी और तब से साइट फर्स्ट अभियान की नैत्र-क्रांति से अंधता को दूर किया जा रहा है। दुनिया भर में लाखों लायंस सदस्यों ने दृष्टिबाधित लोगों की मदद करने के लिए अपने उल्लेखनीय उपक्रम कर रहे हैं। इस प्रयास में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ-साथ इंटरनेशनल एजेंसी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस (आईएपीबी) द्वारा सहयोग मिल रहा है। आईएपीबी एक वैश्विक संगठन है जिसमें 100 से अधिक देशों के विभिन्न धर्मार्थ संगठन और गैर सरकारी संगठन एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए मिलकर काम करते हैं जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अंधता रोकथाम और इलाज खोजने सहित अंधेपन के मुद्दे पर जागरूकता फैलाई जाती है। दुनिया के कुछ हिस्सों में बहुत से लोगों को अंधेपन और अन्य ऑप्टिकल समस्याओं का खतरा अधिक है क्योंकि उनके पास आंखों की देखभाल तक पर्याप्त पहुंच नहीं है। विश्व दृष्टि दिवस एक चैरिटी में दान करने के लिए एक आदर्श प्रेरणा प्रदान करता है जो उन लोगों की मदद करता है जो अपनी आवश्यक दृष्टि देखभाल पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। नेत्र स्वास्थ्य सबसे जरूरी है और दृष्टि हानि और अंधापन शिक्षा, रोजगार, जीवन की गुणवत्ता और बहुत कुछ को प्रभावित करता हैं।

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

***दिन*** भर पानी भी नहीं पीते और शाम को बेगुनाहों को मार कर माँस खाते हो। भगवान पूछते थे 'तुम किसके आदेश से जानवरों को मार रहे हो? आप अल्लाह को कैसे प्राप्त करोगे? जीव हत्या करने वालों को धर्मराज (यम) के दरबार में भारी शुल्क देना होगा। भगवान/अल्लाह जिसने छह दिनों में सृष्टि रची और सातवें दिन सिंहासन पर बैठे वह अल्लाहु अकबर है और आप उनके आदेश का उल्लंघन कर रहे हो। ऐसा करके आप केवल अपने कर्म को बर्बाद कर रहे हैं और यहां तक ? कि पिछले जन्म में किये गये पुण्यों को भी बर्बाद कर रहे हो। यह भक्ति का तरीका नहीं है, यह काल का जाल है और धर्मराज आपको इस जघन्य पाप की सजा अवश्य देगा। वैसे ही भगवान हिंदुओं को समझा रहे हैं कि **वेद पढ़े पर भेद न जाने, बाँचें पुराण अठारा ॥ जड़ कूँ अंधरा पान खवावे, बिसरे सिरजनहारा ॥**

**अर्थ :-** हिन्दू मूर्तिपूजा करते हैं, पत्थर को जल चढ़ाते हैं। अज्ञानी पंडित वेद और गीता पढ़ते हैं लेकिन वेदों में कहीं भी मूर्ति पूजा करने के लिए नहीं लिखा गया है। वे स्वयं भी मनमानी पूजा करते हैं और भक्तो को भी बताते है इस प्रकार पूरा संसार सृष्टि के रचयिता को भूल गये हैं। वे देवताओं को प्रसाद चढ़ाने के नाम पर जीव हत्या भी करते हैं। वे सभी परमेश्वर के दोषी हैं।

**उजड़ खेड़े बहुत बसाये, बकरा झोटा मारा ॥ जा कूँ तो तुम मुक्ति कहत हो, सो हैं कच्चे बारा ॥ मांस मछरिया खाते पांडे, किस विध रहे उचारा ॥ स्यों जजमान नरक कु चाले, बूड़े स्यूं परिवारा ॥ छाती तोरि हनें जम किंकर, लाग्या जम का लारा ॥**
**दास गरीब कहे बे काजी, ना कहीं वार न पारा ॥**

*(क्रमशः)*

# अर्थव्यवस्था पर विश्वास का प्रतीक है नये डीमैट अकाउंट



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***शेयर*** बाजार में जिस तेजी से नये डीमैट अकाउंट खुल रहे हैं, वह स्पष्ट रूप से लोगों के विश्वास का ही परिणाम है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के प्रति लोगों के विश्वास को आमजन के वित्तीय निवेश को लेकर देखा जा सकता है। देश के शेयर बाजार में लगातार इस मायने में बूम देखा जा रहा है। चालू कलैंडर वर्ष के हर महीने लाखों नये डीमैट खाते खुल रहे हैं। इसी कलैंडर वर्ष की बात की जाय तो जनवरी से अब तक दो करोड़ से अधिक नये डीमैट खाते खुले हैं। अकेले सितंबर में करीब 30 लाख 60 हजार नये डीमैट खाते अस्तित्व में आये हैं। इससे पहले अगस्त में इस साल के सर्वाधिक 31 लाख नये खाते खुले। इसी तरह से गये महीने 10 आईपीओ बाजार में आये हैं और इनमें निवेशकों ने दिल खोलकर पैसा लगाया है। इन 14 आईपीओ के माध्यम से कंपनियों ने 11868 करोड़ रुपये जुटाये हैं। यदि देखा जाय तो दिसबंर 2010 के बाद सबसे अधिक आईपीओ बाजार में आये हैं। समग्र रूप से देखा जाय तो इस साल जनवरी से सितंबर तक 34 आईपीओ के माध्यम से कंपनियों ने निवेशकों से 26913 करोड़ रुपये जुटाये हैं। सभी आईपीओ ओवर सब्सक्राइब रहे हैं। यह सब तो तब है तब है जब आज दुनिया के देश आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं। पर यह साफ हो जाता है कि शेयर बाजार में लगातार नये खाते खुलना और आईपीओ को अच्छा समर्थन मिलना इस बात का संकेत है कि देश की अर्थ व्यवस्था को लेकर लोगों में किसी तरह का नकारात्मक विचार नहीं है। बल्कि यह कहा जाना उचित होगा कि लोगों का देश की अर्थव्यवस्था व देश के आर्थिक हालातों के प्रति विश्वास कायम है। दरअसल कोरोना के बाद जिस तरह के हालात हुए और देश-दुनिया की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुईं उससे लोगों में अर्थव्यवस्था को लेकर अनेक आशंकाएं हुईं और इसमें भी कोई दोराय नहीं कि दुनिया के अधिकांश देश आर्थिक संकट के दौर से गुजरे और आज भी गुजर रहे हैं। कोढ़ में खाज का काम पिछले लंबे समय से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध ने किया। अब इजराइल और हमास के ताजा हमलों से नया संकट सामने आ गया है। इससे सबके साथ ही दुनिया के अधिकांश देशों में हालात अच्छे नहीं चल रहे हैं। चीन की नीतियों से दुनिया के देश त्रस्त है सो अलग। इसके अलावा आंतकवादी घटनाएं, जलवायु परिवर्तन के कारण आये दिन आने वाले तूफानों, अनावृष्टि, अतिवृष्टि, मौसम की बेरुखी आदि को किसी भी हालात में सब कुछ ठीक नहीं माना जा सकता है। इन सब हालातों के बीच देश की अर्थव्यवस्था के प्रति लोगों के रुख को दो दृष्टि से समझना होगा। एक ओर बैंकों में बचत की भावना में गिरावट दर्ज हो रही है। एक समय था जब हमारी परंपरा में बचत को खास महत्व दिया जाता था आज हालात ठीक विपरीत है। बचत की तुलना में वित्तदायी संस्थाओं से कर्ज लेने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दूसरी ओर शेयर बाजार जिसे हमेशा से अस्थिर समझा जाता रहा है और जो राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सर्वाधिक जोखिम भरा निवेश माना जाता रहा है, आज देश का मध्यम वर्ग खासतौर से युवा पीढ़ी

**समग्र रूप से देखा जाय तो इस साल जनवरी से सितंबर तक 34 आईपीओ के माध्यम से कंपनियों ने निवेशकों से 26913 करोड़ रुपये जुटाये हैं। सभी आईपीओ ओवर सब्सक्राइब रहे हैं।**


## डीमैट अकाउंट

जोखिम भरे शेयर बाजार में बेहिचक निवेश करने को आगे आ रही है। हालांकि इसके पीछे शेयर बाजार में एक कारण आकर्षक रिटर्न को माना जा रहा है तो दूसरी और अन्य क्षेत्रों में अधिक अस्थिरता देख रहे हैं। हालांकि इसमें कोई दोराय नहीं होनी चाहिए कि शेयर बाजार सबसे जोखिम भरा है, पर जिस तरह से प्रति माह नित नये डीमैट अकाउंट खोले जा रहे हैं और जिस तरह से आईपीओ को रेस्पांस मिल रहा है उससे साफ हो जाता है कि आज की पीढ़ी लाख रिस्क होने के बावजूद जोखिम भरे रास्ते को चुन रही है।

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# जातिगत जनगणना का मतलब वोट के लिये समाज को तोड़ने की सजिश



श्याम जाजू

***अगले*** वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार में जातिगत जनगणना के नतीजे जारी किये गये हैं। यह 17 साल से सत्ता पर काबि नीतीश कुमार की मंशा पर सवाल उठाते हैं। बिहार जैसे प्रदेश में जहां पहले लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व में कुल 32 वर्षों से पिछड़ों का ही राज हो, वहां आज भी पिछड़ों के पिछड़ा रह जाने का राग अलापा जाये तो सवाल खड़े ही होंगे। जाहिर है इतने वर्ष चुप रहने के बाद चुनावी फायदे की चाह में करवायी गई जाति जनगणना एक राजनीतिक षड्यंत्र और प्रपंच ही है। वैसे भी बिहार में व्यग्तिगत राजनीतिक स्वार्थों के लिए की गई ये प्रक्रिया संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन है, क्योंकि 1948 के जनगणना कानून में जातिगत जनगणना करवाने का कोई प्रावधान ही नहीं है। जनगणना का विषय संविधान की सातवीं अनुसूची की पहली सूची में आता है और इसलिए इस तरह की जनगणना को कराने का अधिकार केवल केंद्र सरकार को है। इसलिए बिहार सरकार द्वारा की गई जाति जनगणना न केवल असंवैधानिक है, बल्कि देश को राजनीतिक लाभ के लिए बांटने और तोड़ने की एक कुत्सित साजिश है। दरअसल इन जातीय गणना करवाने वालों का समाज की बेहतरी से कोई लेना देना नहीं है। इनके द्वारा जातिगत गणना को ऐसे अंतिम दांव के रूप में देखा जा सकता है जो लोगों को कुशासन, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुद्दों से भटका कर और जातियों में बांटकर उलझाना चाहता है, जिससे समाज बंट जाये और बंटे हुए वोट शायद इनकी चुनावी नैया पार लगा दें। देश, समाज और गरीबों के हालात से न इन्हें कभी सरोकार रहा है, न कभी रहने वाला है। जातीय जनगणना के समर्थक नेता कह रहे हैं कि जातियों की गणना से लोगों की स्थिति सुधरेगी। पर गरीबों का आंकड़ा तो सरकार के पास पहले से ही है। बिहार के कितने लोग गरीब और पिछड़े हैं, इसकी पूरी जानकारी शासन के पास है। तो क्यों नहीं सुधार किया अब तक? चाहे दलित हों, पिछड़े हों या मुसलमान हों, नीतीश कुमार और लालू-राबड़ी सरकार में उनकी हालत बद से बदतर ही हुई है। दरअसल, इनका दलित व पिछड़ा प्रेम सिर्फ जबानी जमा-खर्च है और कुछ नहीं। चाहे लालू यादव या नीतीश कुमार हों या कांग्रेस या स्व मुलायम सिंह यादव, इन्होंने हमेशा गरीबों का इस्तेमाल ही किया है। कभी जाति, कभी मजहब, कभी संप्रदाय के धागों में उलझा कर इन नेताओं ने उन्हें एक ऐसा वोट का एटीएम समझा है जिसमे कुछ बटन दबा कर जब चाहे अपने पाले में वोट डलवा लो। सच तो यह है कि इस बात का कोई ठोस आधार नहीं है कि सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की रफ्तार जाति और वर्ग-भेद के कारण थमी हुई है और जाति के खांचे में बटते ही सर्वव्यापी सुधार होने लगेगा। जाति जनगणना के बाद गरीब की स्थित में प्रभावी परिवर्तन आ जायेगा, इसका भी कोई प्रामाणिक आधार नहीं है। वैसे भी आज के जमाने में आरक्षण सहित हर क्षेत्र में बिना बाधा समान अवसर उपलब्ध हैं तो जातिगणना से कैसे कुछ नया हो जायेगा? जाति जनगणना के समर्थकों का यह तर्क कि इससे विभिन्न जातियों के मध्य व्याप्त विसंगतियों को समाप्त करने में सहायता मिलेगी भी संदेहास्पद है, क्योंकि यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि समाज में सब से अधिक विसंगतियां जाति-आधारित विभाजन से ही आई हैं और अगर मान भी लीजिए कि जातिगत जनगणना से यह पता चल भी जाता है कि फलां जाति संख्या में कम या ज्यादा है तो इससे सरकार की लोककल्याणकारी नीतियों को कैसे बदला जायेगा? इसके उलट, जातीय विभाजन लोक-विमर्श के केंद्र में आने से वास्तविक उपेक्षा की मार झेल रहे वर्गों के चिह्नित होने और प्रताड़ित होने की सम्भावना बढ़ जायेगी।

**देश, समाज और गरीबों के हालात से न इन्हें कभी सरोकार रहा है, न कभी रहने वाला है। जातीय जनगणना के समर्थक नेता कह रहे हैं कि जातियों की गणना से लोगों की स्थिति सुधरेगी।**

## जातिगत जनगणना

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### भारी मात्रा में मादक पदार्थों के साथ एसटीएफ के हत्थे चढ़ा तस्कर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज थाना अंतर्गत धुलियान में पुख्ता सूचना के आधार पर छापेमारी कर जाली नोटों के तस्कर को धर दबोचा है। उसकी पहचान तासीरूद्दीन उर्फ तौसीफ शेख (27) के तौर पर हुई है। वह मूल रूप से मालदा जिले के वैष्णवनगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसके पास से 98 हजार 500 के 197 जाली नोट बरामद किए गए हैं। सारे नोट 500 रुपये के हैं। एसटीएफ के एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु ने बताया कि पुख्ता सूचना के आधार पर मंगलवार रात औचक छापेमारी कर उसे घेर लिया गया। हिरासत में लेकर तलाशी लेने पर भारी मात्रा में जाली नोट बरामद हुए। उसके खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 120 बी, 489 बी और 489 सी के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

### घर में घुसकर दलित महिला के साथ दुष्कर्म, आरोपी फरार

**राजगढ़।** राजगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम करेड़ी में रहने वाली दलित महिला ने गांव के युवक पर घर में घुसकर जबरन गलत काम करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बुधवार को फरियादिया की रिपोर्ट पर मौके से फरार आरोपित के खिलाफ एससीएसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम करेड़ी निवासी दलित महिला ने बताया कि बीती रात गांव का जगदीश पुत्र पूरजी सौंधिया दीवार कूदकर घर में घुस गया और सने जबरन लगत काम किया। चिल्लाने पर आरोपित मौके से भाग गया। बताया गया है कि पीड़ित का पति गुजरात में रहकर मजदूरी करता है। पुलिस ने मौके से फरार आरोपित के खिलाफ धारा 376, 450, एससीएसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### आदिवासी महिला की धारदार हथियार से हत्या, शव बरामद

**नवादा।** नवादा जिले के उग्रवाद प्रभावित कौआकोल थाना इलाके में एक आदिवासी महिला की हत्या कर दी गई है। उसके गर्दन पर जख्म का निशान पाया गया है। बुधवार को शव की बरामदगी हुई है। महिला की पहचान मुन्नी किस्कू पति शंकर हेंब्रम के रूप में हुई। वह गयघाट गांव की रहने वाली बताई गई है।

सूचना के बाद पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंची। जहां मामले की जांच पड़ताल की गई। शव को बरामद कर कौआकोल लाया गया है। बताया गया कि महिला के गर्दन पर धारदार हथियार से किए गए प्रहार के जख्म का निशान है। घटना के बारे में फिलहाल परिजन और पुलिस द्वारा कुछ भी नहीं बताया जा रहा है। पुलिस परिजनों के बयान का इंतजार कर रही है।

वैसे, सूत्र बताते हैं कि महिला लकड़ी काटने की बात कह घर से तारकोल डैम के इलाके में जंगल की ओर निकली थी। जिसके बाद उसकी हत्या की गई। कुआं से उसका शव बरामद हुआ। संभावना यह भी व्यक्त की जा रही है कि उग्रवादियों ने हत्या कर लाश को कुएं में फेंक दिया ।हालांकि आसपास के लोग भी कुछ भी बताने से साफ तौर पर इंकार कर रहे हैं। पुलिस वैज्ञानिक जांच की बात कह रही है ।अब देखना है कि कब तक पुलिस इस हत्याकांड की गुत्थी को सुलझा पाती है।

### कार से मिला 97 लाख का सोना-चांदी, रायसेन में बरामद 21 लाख कैश

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही स्टेटिक सर्विलांस टीम भी सक्रिय हो गई। गाड़ियों और संदिग्ध लोगों की तलाशी ली जा रही है। महाराष्ट्र से लगी सीमा पर जांच चौकियां बनाई गई हैं। यहां तैनात एसएसटी वाहनों की जांच कर रही हैं। इसी के दौरान मंगलवार रात को बड़वानी जिले में एक कार से 97 लाख रुपये का सोना-चांदी मिला है, तो रायसेन में एक व्यापारी की कार से 21 लाख रुपये कैश और चांदी की कुछ ईंटें बरामद की गई हैं। तलाशी के दौरान स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) ने मंगलवार रात को एक कार से करीब 53 किलो चांदी और 994 ग्राम सोने के जेवर बरामद किए हैं। इनकी कीमत करीब 97 लाख रुपए बताई जा रही है। टीम ने कार चालक से सोने-चांदी का बिल मांगा तो वह नहीं दे पाया। कार चालक अशोक उत्तम ने खुद को इंदौर में सराफा व्यापारी बताया। कहा कि वह आभूषण बेचने इंदौर से महाराष्ट्र के शिरपुर गया था। परिवार में किसी के हादसे की सूचना मिली तो वापस लौट रहा था। एसएसटी ने आयकर और जीएसटी टीम को सूचना दी। पूछताछ करने के बाद व्यापारी को छोड़ दिया गया है, जबकि आभूषण जब्त कर लिए गए हैं।

रायसेन में बुधवार को स्टेटिक सर्विलांस टीम ने एक कार से 21 लाख 32 हजार कैश और चांदी की पांच ईंटें जब्त की हैं। यहां सांची-विदिशा रोड स्थित चेक पोस्ट पर एसएसटी टीम तैनात है। वहां से गुजर रही गंजबासौदा के व्यापारी आकाश जैन की कार की जांच की गई। तलाशी के दौरान कार से नकदी और चांदी की ईंटें बरामद की गई। व्यापारी से पूछताछ की जा रही है।

# चुनाव के समय विपक्षियों को आती है जाति की याद : योगी

**एजेंसी। मथुरा**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विपक्षी दलों में भगदड़ मची हुई है। चुनाव के समय विपक्षियों को जाति की याद आती है। बाकी साढ़े चार साल विपक्ष सोता रहता है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिना भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ दे रहे हैं।



मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला एवं विराट किसान संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विपक्षियों को चुनाव के समय जाति की याद आ जाती है। देश में स्किल डेवलपमेंट मिशन के माध्यम से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मिशन रोजगार के अंतर्गत युवाओं को सरकारी नौकरी और स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीयता के भाव के साथ भारत एक नई उचाइयों की ओर आगे बढ़ रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन अन्नदाता किसानों के लिए समर्पित था। उन्होंने 'हर हाथ को काम' और 'हर खेत को पानी' का नारा दिया था। डबल इंजन की सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी भाव के साथ कार्य कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि भारत को समृद्धि के पथ पर अग्रसित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने गांव, किसान, नौजवान और महिलाओं को माध्यम बनाया है, जिसके परिणाम आज हम सबके सामने हैं। धरती माता के स्वास्थ्य की चिंता प्रधानमंत्री मोदी ने की। इसके लिए केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद 2014 में स्वायल हेल्थ कार्ड की व्यवस्था की गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को उनकी फसल की क्षति पूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत सिर्फ उत्तर प्रदेश में छह वर्ष में 22 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनते ही लघु और सीमांत किसानों के एक लाख रुपये तक कर्ज माफ किया गया। किसान खुशहाल होगा तो देश समृद्ध होगा। आजादी के बाद पहली बार एमएसपी के जरिए किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना मूल्य दिया जा रहा है।

नगरपालिका भर्ती मामला

# ईडी की राइस मील सहित कई ठिकानों पर छापेमारी

**एजेंसी। कोलकाता**




राज्य की बहुचर्चित नगर पालिका नियुक्ति भ्रष्टाचार के सिलसिले में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अब नदिया जिले में चावल मिल सहित कई अन्य ठिकाने पर छापेमारी की है। बुधवार केंद्रीय एजेंसी की टीम अर्धसैनिक बलों की सुरक्षा साथ लेकर इन ठिकानों पर पहुंची और चारों तरफ से घेरकर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। नदिया जिले में एक साथ पांच जगहों पर छापेमारी हुई है। फिलहाल शांतिपुर, धुबुलिया, रानाघाट और कृष्णानगर में तलाशी चल रही है। इनमें शांतिपुर की एक चावल मिल भी शामिल है जिसे केंद्रीय बलों के जवानों ने घेर रखा है और तलाशी अभियान चल रहा है। फिलहाल ईडी की ओर से इस बारे में आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। सूत्रों ने बताया है कि यहां एक ड्राइवर का घर है तो तृणमूल नेता की गाड़ी चलाता है। उसी के जरिए चावल मिल में बड़ी धनराशि का निवेश हुआ है। उसी से संबंधित दस्तावेज ढूंढे जा रहे हैं। उधर, ईडी ने शिक्षक नियुक्ति मामले में भी जांच तेज कर दी है। सूत्रों की मानें तो ईडी को कई अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं। जिससे कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।

# विद्यार्थी हमेशा नए विचारों को आत्मसात करें: राज्यपाल

**एजेंसी। रायपुर**

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन बुधवार को राजभवन में श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर के दूसरे दीक्षांत समारोह में अध्यक्ष के रूप में वर्चुअल तरीके से शामिल हुए। उन्होंने डिग्री प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करें, एवं समाज और राष्ट्र की निरंतर सेवा करें। उन्होंने विद्यार्थियों से वंचित वर्गों की सहायता करने और संविधान की भावना के अनुरूप उन्हें अधिकार दिलाने के लिए प्रयत्न करने की अपील की। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रविशंकर, नीति आयोग के सदस्य डॉ.वी.के.सारस्वत, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो.उमेश कुमार मिश्रा, रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला उपस्थित थे। दीक्षांत समारोह में तीन प्रख्यात व्यक्तियों डॉ.वी.के.सारस्वत, जे.एस राजपूत और आशुतोष राणा को मानद उपाधि, 31 विद्यार्थियों को डॉक्टरेट की उपाधि, 36 को स्वर्ण पदक और 2664



विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की गई। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि स्नातकों के रूप में, अब आप अभूतपूर्व परिवर्तन और चुनौतियों के समय, दुनिया में कदम रख रहे हैं। दुनिया तेजी से विकसित हो रही है, आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस, डेटा-माइनिंग और रोबोटिक्स में नई प्रौद्योगिकी हमारे जीवन और समाज को नया आकार दे रही है। यह अपार अवसरों का समय है, लेकिन गहन जिम्मेदारियों का भी। हरिचंदन ने कहा कि विद्यार्थी हमेशा नए विचारों को आत्मसात करने के लिए तैयार रहें।

राज्य में मामा केंद्र में मोदी

# शिवराज के इस चुनावी प्रचार से विरोधी परेशान

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** मामा यानि शिवराज सिंह चौहान ने ऐसी चाल चली है कि उनको आगे मुख्यमंत्री पद पर नहीं देखना चाहने वाले चक्कर में पड़ गये हैं। क्योंकि इस बार केन्द्रीय भाजपा व सत्ता के हुक्मरानों द्वारा उनको मुख्यमंत्री प्रत्याशी नहीं प्रचारित किया जा रहा है। जिससे जनता के बीच यह संदेश जा रहा है कि यदि इस विधान सभा चुनाव में भी पार्टी जीती तो शिवराज सिंह चौहान के बजाय ज्योतिरादित्य सिंधिया या किसी और को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। इसको देखते , समझते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी चुनावी रैलियों, महिलाओं की रैलियों में कहना शुरू कर दिया कि अगली बार भी राज्य में मामा , केन्द्र में मोदी के लिए आप लोग आशीर्वाद दीजिए। यह कहते हुए वह अपनी सभाओं में आये या लाये गये लोगों से पूछने भी लगे हैं ,



आप ही बताइये मामा (शिवराज )को मुख्यमंत्री बनना चाहिए या नहीं ? उनके इस पूछे पर जनता जोर से कहती है - बनना चाहिए। शिवराज इसी तरह पूछते हैं - नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनना चाहिए या नहीं? भीड़ जवाब देती है - बनना चाहिए।

शिवराज सिंह चौहान इस तरह अपने हर चुनावी सभाओं में बहुत ही बारीकी से न केवल जनता को बल्कि पार्टी व केंद्रीय सत्ता के हुक्मरानों को भी तरीके से संदेश दे रहे हैं कि यदि केंद्र में मोदी को प्रधानमंत्री बनना है तो राज्य में शिवराज को मुख्यमंत्री बनना है।

चूँकि शिवराज सिंह चौहान बाद में जोड़े गये ओबीसी नहीं हैं बल्कि पहले से ही ओबीसी हैं , और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने जातीय जनगणना कराने तथा पिछड़ा व अति पिछड़ा के आरक्षण का जो मुद्दा बनाया है ,उससे भी शिवराज को लाभ मिल रहा है। एक और वजह यह है कि भाजपा दस राज्यों में शासन में है ,उनमें से मात्र एक शिवराज ही ओबीसी मुख्यमंत्री हैं। इसके कारण भी शिवराज सिंह चौहान की दावेदारी दमदार है। इनके विरोध में कांग्रेस की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार कमलनाथ हैं जिनको कोई पंजाबी खत्री बताता है, कोई ब्राह्मण बताता है। यह सब तो है ही , शिवराज अपने राज्य व लोगों में यह भी हवा बना रहे हैं कि मध्य प्रदेश में भाजपा शिवराज के चेहरे पर जीतती है, इसलिए इस चुनाव में भी जो जनादेश होगा, वह शिवराज के लिए होगा।

# सभी परिवारों की आर्थिक स्थिति का ब्यौरा सदन में रखा जाएगा : सीएम नीतीश

**एजेंसी। पटना**

लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर बुधवार को आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों की सहमति के बाद ही हमलोगों ने जाति आधारित गणना कराने का काम किया है। अब इसकी रिपोर्ट को सदन में रखा जाएगा। सभी परिवारों की आर्थिक स्थिति का ब्यौरा भी सदन में रखा जाएगा चाहे वे किसी भी जाति, धर्म के हों।




भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के इस आरोप पर कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के कहने पर यादव और मुस्लिम समाज की संख्या को बढ़ाकर दिखाया है, मुख्यमंत्री ने कहा कि ये कौन बोल रहा है। आप जिनका नाम ले रहे हैं उनके पिता को हमने इज्जत दी। सम्राट चौधरी को लालू प्रसाद यादव ने विधायक और मंत्री बनाया। जब वे राजद छोड़कर आए तो फिर हमने अपनी सरकार में उन्हें मंत्री बनाया। आज वे भाजपा में हैं। हर बार वे पार्टी बदलते हैं। कोई पार्टी बची है क्या, जिसमें वे नहीं गए हैं। उनको कोई सेंस नहीं है, उनकी बात क्यों करते हैं, उनकी चर्चा हमसे मत करिए। भाजपा ऐसे लोगों को ही आगे बढ़ा रही है जो हमको अपशब्द बोले हम ऐसे लोगों को कोई महत्त्व नहीं देते हैं।

आरक्षण का दायरा बढ़ाने से संबंधित प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हम इस पर कुछ नहीं बोलेंगे। जाति आधारित गणना की रिपोर्ट को सदन में रखने के बाद सभी की राय हम सुनेंगे, उसके बाद सरकार इसपर निर्णय लेगी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा क्षेत्रीय पार्टियों को खत्म करने के दिये गये बयान से संबंधित पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम शुरू से कह रहे हैं कि भाजपा वालों ने मीडिया पर कब्जा कर रखा है। वे लोग सरकार के पैसे का सही इस्तेमाल भी नहीं कर रहे हैं। वे लोग केवल अपना प्रचार-प्रसार करते हैं। हम उन लोगों का कोई स्टेटमेंट न देखते है और न ही पढ़ते हैं। उन लोगों के चाहने से कुछ नहीं होगा। आगामी चुनाव के लिए हम सब विपक्षी पार्टियों को एकजुट कर रहे हैं और जनता निर्णय लेगी। इनसे मुक्ति मिलेगी तो देश बहुत आगे बढ़ेगा। हम उन लोगों के ऊपर कुछ नहीं कहना चाहते हैं।

# इंडिया में शामिल होने की खबरें निराधार : मायावती

**एजेंसी। लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए में उनकी पार्टी के शामिल होने की खबर को बेबुनियाद बताया।



मायावती ने एक्स पर कहा कि सपा नेता प्रो. रामगोपाल यादव के हवाले से बसपा के आईएनडीआईए में शामिल होने से संबंधित बेबुनियाद खबर का एक टीवी चैनल पर प्रसारण पूरी तरह से गलत है। उन्होंने सवाल किया कि बार-बार ऐसी मनगढंत खबरों से मीडिया अपना इमेज खराब करने पर क्यों तुला है, कहीं ये सब किसी एजेंडे के तहत तो नहीं हो रहा है?

बसपा प्रमुख ने कहा कि ऐसी अनर्गल खबरों का सपा एवं उनके नेता द्वारा खंडन नहीं करना क्या यह साबित नहीं करता है कि उस पार्टी की हालत यहां उत्तर प्रदेश में काफी बदहाल है और वे भी उस घृणित राजनीति का हिस्सा हैं जो बसपा के खिलाफ लगातार सक्रिय है। मायावती ने ऐसी निराधार खबरों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को सावधान भी किया है कि इस प्रकार की चर्चा का कोई आधार नहीं है। और जो भी तय होगा वह पार्टी फोरम पर होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता संगठित होकर लोगों के बीच जाएं और सरकार की वादाखिलाफी को उजागर करें। बेरोजगारी और महंगाई को लेकर लोगों को बताएं की जनता को कैसे सपने दिखा कर ठगा गया है।

## राजनीति

### कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस नौ अक्टूबर से 26 नवम्बर तक कार्यक्रम चलाया जाएगा

# 'दलित गौरव संवाद' से दलितों को जोड़ेगी कांग्रेस

**एजेंसी। मेरठ**

दलितों को फिर से अपने साथ जोड़ने के लिए कांग्रेस ने दलित गौरव संवाद कार्यक्रम शुरू किया है। कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस नौ अक्टूबर से 26 नवम्बर तक कार्यक्रम चलाया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस सचिव व मेरठ प्रभारी नसीम खान, जिलाध्यक्ष अवनीश काजला, महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी, पशिमी के कांग्रेस दलित विभाग के अध्यक्ष योगी जाटव और प्रवक्ता हरिकिशन अम्बेडकर ने बुधवार को बुढ़ाना गेट कार्यालय पर पत्रकार वार्ता आयोजित की। उन्होंने कहा कि दलित गौरव संवाद की शुरूआत प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कांशीराम के परिनिर्माण दिवस नौ अक्टूबर को लखनऊ में की थी। दलित गौरव संवाद कार्यक्रम के तहत दलित अधिकार मांगपत्र दलित समाज के डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, शिक्षक, समाजसेवी,ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, जिला पंचायत के वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों से भरवाए जाएंगे। एक दिन में कोई भी पार्टी पदाधिकारी सात से अधिक मांग पत्र नहीं भरवाएगा। मांग पत्र भरवाने के उपरांत अपनी फोटो इंटरनेट मीडिया पर अपलोड करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष अपने प्रभार के प्रत्येक जनपद से पांच मांग पत्र भरेंगे।

प्रभारी प्रदेश महासचिव अपने प्रभार के प्रत्येक जनपद से 15 मांगपत्र भरेंगे। प्रभारी प्रदेश सचिव अपने प्रभार के जनपद के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक विधानसभा से पांच मांग पत्र भरेंगे। प्रत्येक




विधानसभा में 500 दलित अधिकार मांग पत्र भरवाए जाएंगे। इस प्रक्रिया में विधानसभा चुनाव लड़े प्रत्याशियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों को जिम्मेदारी दी जाएगी। कांग्रेस प्रवक्ता हरिकिशन अंबेडकर ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा में 10 रात्रि चौपाल का आयोजन होगा। प्रदेश प्रभारी उपाध्यक्ष को अपने प्रभार वाले क्षेत्र की प्रत्येक जिले में न्यूनतम दो रात्रि चौपाल में शामिल होना है। प्रत्येक प्रदेश प्रभारी महासचिव को अपने प्रभार क्षेत्र के प्रत्येक जनपद में चार रात्रि चौपाल में शामिल होना है। प्रत्येक प्रदेश प्रभारी सचिव को अपने प्रभारी पर भर क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक विधानसभा में दो रात्रि चौपाल में शामिल होना है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा प्रत्याशी एवं ब्लॉक अध्यक्ष को अपने विधानसभा ब्लाक में होने वाले प्रत्येक रात्रि चौपाल को आयोजित करना है, एवं उसमें शामिल होना है। जिन दलित बस्तियों में रात्रि चौपाल आयोजित होंगे, उसे बस्ती का आयोजन गण निर्माण को लोकसभा स्टार में कोर ग्रुप का सदस्य बनना है। जब रात्रि चौपाल पूरे होंगे। उसके बाद प्रत्येक लोकसभा पर एक बैठक करनी है एवं और गुप का गठन करना। रात्रि चौपाल की समाप्ति अधिकार मांग पत्र भरवा जाने एवं वह ग्रुप के गठन के उपरांत प्रदेश के 18 मंडलों में पदयात्रा निकाली जाएगी। जिसमें उसे मंडल के प्रत्येक कांग्रेस सदस्य की उपस्थिति अनिवार्य होंगी।

इस अवसर पर सलीम खान, ओंकार शर्मा, हरिकिशन प्रजापति, नईम राणा, मतलूब गौड़, राहत चौहान, अंसार अहमद आदि उपस्थित रहे।

### दो लाख रुपये के जाली नोटों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की सीआईडी ने करीब दो लाख रुपये के जाली नोटों के साथ दो तस्करों को धर दबोचा है। इनकी पहचान सबा सुल्तान (29) और हलीम शेख (19) के तौर पर हुई है। दोनों ही मालदा जिले के रहने वाले हैं। हलीम शेख जिले के वैष्णवनगर थाना क्षेत्र का निवासी है जबकि सबा सुल्तान कालियाचक की रहने वाली है। बुधवार को राज्य सीआईडी की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि मंगलवार देर शाम इनके आने की भनक लगने के बाद मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का थाना क्षेत्र में घेराबंदी की गई थी। जैसे ही दोनों पहुंचे, इन्हें हिरासत में ले लिया गया। इनकी तलाशी लेने पर एक लाख 99 हजार रुपये के जाली नोट बरामद किए गए। सारे नोट 500 रुपये के हैं। पता चला है कि यहां जाली नोटों की तस्करी करने के लिए दोनों पहुंचे थे।




## गागर में सागर

### जे पी नड्डा ने तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने तंजानिया के राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन से मुलाकात की। राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन सत्तारूढ़ पार्टी सीसीएम की अध्यक्ष भी हैं। बुधवार को जेपी नड्डा ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने अपने-अपने राजनीतिक दलों के कामकाज और पार्टी-दर-पार्टी संपर्क बढ़ाने के भविष्य के कदमों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन आठ अक्टूबर से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने अतीक अहमद के नाबालिग बेटों की रिहाई के मुद्दे को निपटाया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मारे गए गैंगस्टर अतीक अहमद के दो नाबालिग बेटों की हिरासत के मुद्दे से संबंधित एक याचिका का निपटारा कर दिया है। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने हाल ही में इस तथ्य पर ध्यान दिया कि दोनों को सात महीने की अवधि के बाद सोमवार को बाल संरक्षण गृह से रिहा कर दिया गया और उन्हें उनकी मौसी परवीन को सौंप दिया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने उमर अंसारी को दी अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को सरकारी संपत्ति के कथित दुरुपयोग के लिए अंसारी परिवार के खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले में अग्रिम जमानत दे दी। न्यायाधीश एम.एम. सुंदरेश और प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने छोटे अंसारी को यह कहते हुए राहत दी कि वह उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा शुरू की गई कार्यवाही में सहयोग कर रहे हैं। इससे पहले जुलाई में, शीर्ष अदालत ने उन्हें जांच प्रक्रिया में उनकी मेहनती भागीदारी की शर्त पर गिरफ्तारी के खिलाफ अंतरिम सुरक्षा प्रदान की थी।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्वायत्त संस्था मेरा युवा भारत के गठन को मंजूरी दी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने युवा विकास और युवा नेतृत्व वाले विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित एक व्यापक सक्षम तंत्र के रूप में कार्य करने और युवाओं को समान पहुंच प्रदान करने के लिए एक स्वायत्त निकाय मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) की स्थापना को मंजूरी दे दी है। इसका उदेश्य उनकी आकांक्षाओं को साकार करना और सरकार के संपूर्ण दायरे में विकसित भारत का निर्माण करना है। केंद्रीय मंत्री



अनुराग ठाकुर ने इस बात को लेकर जानकारी दी। मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) का प्राथमिक उद्देश्य इसे युवा विकास के लिए एक संपूर्ण सरकारी मंच बनाना है। नई व्यवस्था के तहत,

**इन मामलों में मिलेगा बढ़ावा**

- युवाओं में नेतृत्व विकास
- अलग-अलग शारीरिक संपर्क से प्रोग्रामेटिक कौशल में बदलाव करके अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से नेतृत्व कौशल में सुधार करें।
- युवाओं को सामाजिक नवप्रवर्तक, समुदायों में नेता बनाने के लिए उनमें अधिक निवेश करना।
- युवा नेतृत्व वाले विकास पर सरकार का ध्यान केंद्रित करना और युवाओं को विकास का सक्रिय चालक बनाना।
- युवा आकांक्षाओं और सामुदायिक आवश्यकताओं के बीच बेहतर तालमेल।
- मौजूदा कार्यक्रमों के अभिसरण के माध्यम से दक्षता में वृद्धि।
- युवा लोगों और मंत्रालयों के लिए वन स्टॉप शॉप के रूप में कार्य करें।
- एक केंद्रीकृत युवा डेटा बेस बनाएं।
- युवा सरकारी पहलों और युवाओं के साथ जुड़ने वाले अन्य हितधारकों की गतिविधियों को जोड़ने के लिए दोतरफा संचार में सुधार।
- एक भौतिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हुए पहुंच सुनिश्चित करना।

संसाधनों तक पहुंच और अवसरों से जुड़ाव के साथ, युवा समुदाय परिवर्तन एजेंट और राष्ट्र निमार्ता बन जाएंगे, जिससे उन्हें सरकार और नागरिकों के बीच युवा सेतु के रूप में कार्य करने की अनुमति मिलेगी। यह राष्ट्र निर्माण के लिए अपार युवा ऊर्जा का उपयोग करना चाहता है। मेरा युवा भारत (ट भारत), एक स्वायत्त निकाय, राष्ट्रीय युवा नीति में युवा की परिभाषा के अनुरूप, 15-29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं को लाभान्वित करेगा। विशेष रूप से किशोरों के लिए बनाए गए कार्यक्रम घटकों के मामले में, लाभार्थी 10-19 वर्ष के आयु वर्ग के होंगे। सरकार ने तेजी से बदलती दुनिया में, जहां तीव्र गति का संचार, सोशल मीडिया, नए डिजिटल अवसर और उभरती प्रौद्योगिकियों का वातावरण है, युवाओं को शामिल करने और 'संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण' के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित उनका सशक्तिकरण करने के लिए यह निर्णय लिया है कि एक नए स्वायत्तशासी निकाय, अर्थात मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) के रूप में एक व्यापक सक्षम तंत्र स्थापित किया जाए।

# युवा शांति, समृद्धि और अनुशासन के मार्ग पर चलें : राष्ट्रपति मुर्मू

**एजेंसी। श्रीनगर**

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि जब युवा शांति, समृद्धि और अनुशासन के मार्ग पर चलेंगे, तो राष्ट्र स्वतः ही समृद्ध और प्रगति करेगा। उन्होंने कश्मीर विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में 462 छात्रों में से 21 टॉपर्स के बीच स्वर्ण पदक वितरित किये। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में अपना भाषण, ये चे मौज कश्मीर से शुरू किया और कहा कि मैं यहां आकर खुश हूं। मैं विभिन्न दीक्षांत समारोहों और देश के विभिन्न संस्थानों और विश्वविद्यालयों में गई हूं, लेकिन मैं युवाओं को बता दूं कि यह परिसर दूसरों की तुलना में अधिक सुंदर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र तब और अधिक समृद्ध होगा, जब अधिक से अधिक युवा शांति और समृद्धि के मार्ग पर चलेंगे। उन्होंने कहा कि जब युवा अनुशासन का पालन करेंगे, तो राष्ट्र प्रगति करेगा। कश्मीर विश्वविद्यालय



को पहले भी हजरतबल का आशीर्वाद मिला है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा कि वह 2023 में गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने और उनकी सामाजिक सेवाओं के लिए नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में एक स्थानीय लड़के किफायतुल्ला को नियुक्त करके खुश हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं कश्मीर विश्वविद्यालय के छात्रों को उच्च शिक्षा के अलावा सामाजिक सेवाओं में भी भाग लेते देखना चाहती हूं, ताकि समाज में बदलाव आए। 462 छात्रों में से 21 टॉपर्स के बीच स्वर्ण पदक वितरित करने के बाद उन्होंने कहा कि मुझे यह देखकर खुशी हुई कि 55 प्रतिशत टॉपर्स लड़कियां हैं।

कश्मीर को दिए गए प्राकृतिक उपहारों, पर्यावरण की रक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कश्मीरी कहावत अन्न पोशे तेली येले वान पोशे कही। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है और इसमें युवाओं को अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि कश्मीर विश्वविद्यालय हिमालयन ग्लेशियरों की रक्षा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा है और मुझे पता चला है कि कई मोर्चों पर शोध की एक श्रृंखला चल रही है। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूर्ण रूप से लागू करने और अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आगे रहने के लिए जम्मू-कश्मीर को बधाई दी।

राष्ट्रपति मुर्मू का हवाई अड्डे पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्वागत किया, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। हवाई अड्डे से राष्ट्रपति मुर्मू युद्ध स्मारक पर बलिदानी सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए श्रीनगर में सेना के 15 कोर मुख्यालय पहुंचीं। वह एक रात श्रीनगर में रुकेंगी और स्थानीय आदिवासी समूहों और महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ बातचीत करेंगी। वह राजभवन श्रीनगर में अपने सम्मान में आयोजित एक नागरिक अभिनंदन समारोह में भी शामिल होंगी। राष्ट्रपति गुरुवार की सुबह जम्मू के कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए रवाना होंगी, जहां वे पुनर्निर्मित पार्वती भवन और स्काई वॉक का उद्घाटन करेंगी।

## अनुराग ठाकुर ने 'केटीबी भारत हैं हम' एनीमेशन शृंखला लॉन्च की



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारणमंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को ' कृष, ट्रिश और बाल्टीबॉय (केटीबी) भारत हैं हम ' एनीमेशन श्रृंखला को लॉन्च किया। यह श्रृंखला आजादी के गुमनाम नायकों की कहानियों पर केंद्रित है। इसे 15 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे दूरदर्शन के सभी चैनलों के साथ नेटफिल्किस और प्राइम वीडियो पर एक साथ प्रसारित किया जाएगा। 11 मिनट के इस एनिमेशन कार्यक्रम को हिन्दी और अंग्रेजी के साथ 12 भारतीय भाषाओं और सात अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में तैयार किया गया है। केन्द्रीयमंत्री ठाकुर ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में अहम भूमिका निभाने वाले गुमनाम नायकों की कहानी पूरे विश्व तक पहुंचाने के लिए इसे तैयार किया गया है। इसका मकसद यह है कि सारी दुनिया रानी अब्बक्का जैसे हमारे गुमनाम नायकों के बारे में जान सके। इस सीरीज के जरिए भारत की संस्कृति, इतिहास, जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है। इस सीरीज में करीब 30 फीसदी किरदार महिलाएं हैं। यह दशार्ता है कि आजादी की लड़ाई में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि भारत को साल 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। अगले 25 साल अमृतकाल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए मंत्र पंच प्रण के साथ उनके नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों पर जा रहा है।

# 'थिएटर कमांड' बनाने की प्रक्रिया सशस्त्र बलों के महत्वाकांक्षी सुधारों में से एक : सीडीएस

### सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने रूसी-यूक्रेन संघर्ष के चलते क्षेत्र में बढ़ी अशांति पर चिंता जताई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कहना है कि आजादी के बाद सशस्त्र बलों के पुनर्गठन के लिए 'थिएटर कमांड' बनाने की प्रक्रिया भारतीय सशस्त्र बलों के लिए सबसे महत्वाकांक्षी सुधारों में से एक है। सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने रूस-यूक्रेन संघर्ष के चलते क्षेत्र में बढ़ी अशांति पर चिंता जताई। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने वायु सेना के आधुनिकीकरण के लिए व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, जिसमें क्षमता विकास, प्रौद्योगिकी आत्मसात, संयुक्तता और एकीकरण पर जोर दिया गया।



नई दिल्ली में एक संगठन की ओर से आयोजित 'इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव' को सीडीएस जनरल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी ने संबोधित किया। सीडीएस ने तीनों सेनाओं में व्यापक परिवर्तन की योजना तैयार करने के लिए सेना प्रमुखों और स्वयं के बीच आम सहमति बनाने को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि परिवर्तन के प्रयास से नौ प्रमुख कार्य क्षेत्रों की पहचान हुई है, जिसमें परिचालन, परिचालन-लॉजिस्टिक्स, प्रशिक्षण, मानव संसाधन, प्रशासन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन शामिल हैं। भारत के दूसरे सीडीएस जनरल चौहान ने 'थिएटर कमांड' के बारे में इस बात पर प्रकाश डाला कि आम सहमति महत्वपूर्ण होने के साथ ही सामूहिक उद्देश्यों को हासिल करने में समझौते की बात भी महत्व रखती है।

कॉन्क्लेव में थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने घरेलू रक्षा उद्योग की प्रगति के बारे में विवरण साझा किया। उनके अनुसार कुल 340 स्वदेशी रक्षा उद्यम 2025 तक 230 अनुबंधों को साकार करने में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं, जिसमें 2.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। उन्होंने चल रहे रूसी-यूक्रेन संघर्ष पर चिंता जताते हुए कहा कि इसने क्षेत्र में अशांति को और बढ़ा दिया है। इन सबके बीच पूंजीगत खरीद के लिए आपातकालीन खरीद प्रावधानों कसे क्क्के तहत 17,500 करोड़ रुपये के परिव्यय वाले लगभग 68 अनुबंध पूरे हो गए हैं। आपातकालीन खरीद प्रावधान क्श् के तहत 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 73 अनुबंध किए गए हैं।

## पठानकोट हमले के मास्टरमाइंड शाहिद लतीफ की पाक में हत्या

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक और 2016 के पठानकोट हमले के मुख्य साजिशकर्ता शाहिद लतीफ की बुधवार को पाकिस्तान के सियालकोट शहर में एक मस्जिद के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों के मुताबिक, 41 वर्षीय आतंकवादी को शुक्रवार की नमाज के बाद नूर मदीना मस्जिद के पास मार दिया गया। हत्या के तुरंत बाद हमलावर मौके से भाग गए। पाकिस्तान पुलिस अभी तक बंदूकधारियों की पहचान नहीं कर पाई है। भारतीय एजेंसियों के अनुसार, लतीफ पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा था। उसने 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हमले को अंजाम देने के लिए चार आतंकवादियों को निर्देशित किया था। लतीफ को 2010 में 24 अन्य आतंकवादियों के साथ भारत




सरकार ने रिहा कर दिया था। 1999 में इंडियन एयरलाइंस विमान (आईसी 814) के अपहरण के मामले में जैश-ए-मोहम्मद के संस्थापक मौलाना मसूद अजहर के साथ रिहाई की मांग करने वाले जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों की सूची में लतीफ का नाम भी था। पिछले साल अदालत में दायर एनआईए के आरोप पत्र के अनुसार, लतीफ ने नए घुसपैठ करने वाले जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादियों को परिवहन और रसद सहायता प्रदान की थी, जो जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा बलों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर आत्मघाती हमले को अंजाम देने के लिए भारत में घुसे थे।




### राकेश मिश्रा का देवी भजन 'नवमी के पूजाई' हुआ रिलीज

**शक्ति** स्वरूपा मां दुर्गा का आगमन होने वाला है, इसी बीच सुपरस्टार राकेश मिश्रा का देवी भजन नवमी के पूजाई रिलीज हो गया है। इस देवी भजन में राकेश मिश्रा मां भगवती के 9वें अवतार की महिमा का बखान करते नजर आ रहे हैं। यह देवी भजन टी-सीरीज हमार भोजपुरी पर रिलीज हुआ है। राकेश मिश्रा का देवी गीत इससे पहले एक रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। अब एक बार फिर से टी-सीरीज हमार भोजपुरी पर उनका यह देवी भजन लोगों को पसंद आ रहा है। देवी भजन नवमी के पूजाई उस समय रिलीज हुआ है, जब राकेश मिश्रा के घर खुद कन्या रूपी बिटिया का जन्म हुआ है। राकेश मिश्रा इसे अपने लिए सौभाग्यशाली मानते हैं और इस भजन को लेकर कहते हैं कि माता रानी सबों की दुख हरती है और अपने भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करती है। इसलिए हमने अपने इस भजन में मां के नवें अवतार की महिमा का बखान किया है, जो यकीनन माता के भक्तों को पसंद आएगी।



### आमिर खान फिल्म 'सितारे जमीन पर' से करेंगे पर्दे पर वापसी



**बॉलीवुड** के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान का दर्शक काफी समय से इंतजार कर रहे हैं कि आमिर कब एक्टिंग में वापसी करेंगे। ऐसे में आमिर के अगले प्रोजेक्ट को लेकर नई जानकारी सामने आई है। आमिर जल्द ही फिल्म 'सितारे जमीन पर' का निर्माण करने वाले हैं, इतना ही नहीं बल्कि वह इसमें अभिनय भी करते नजर आएंगे। आमिर ने कार्यक्रम में अपने आने वाले प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी है। आमिर ने कहा, 'मैं सितारे जमीन पर' का निर्माण और अभिनय कर रहा हूं। 'तारे जमीन पर' से 10 कदम आगे बढ़कर यह फिल्म एक अहम विषय पर टिप्पणी करेगी। पिछली फिल्म ने आपको भावुक कर दिया था, लेकिन यह फिल्म आपको हंसाएगी।

## चुनावी चुनौतियां | पीएम पिथौरागढ़ से देशवासियों को देंगे कई अहम संदेश

# हिन्दुत्व, सुरक्षा और विकास पर रहेगा फोकस

**एजेंसी। देहरादून**

ऐसा कई बार हुआ है, जबकि चुनावी चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को संदेश देने के लिए उत्तराखंड की धरती को चुना। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भी मोदी का केदारनाथ धाम आना अभी तक सभी को याद है। अब पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के माहौल में मोदी एक बार गुरुवार को उत्तराखंड के सीमांत जिले पिथौरागढ़ में पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी यहां से पूरे देश को कई संदेश देंगे। यह संदेश पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में तो भाजपा को ताकत तो देंगे ही, अगले साल होने



वाले लोकसभा चुनाव के लिए भी ऊर्जा जुटाने का काम करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के पिथौरागढ़ दौरे से जो संदेश पूरी मजबूती से आगे निकलेंगे, उसमें हिन्दुत्व, सुरक्षा और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता पर माना जा सकता है। इस बार पिथौरागढ़ की धरती से मोदी भगवान शिव के आदि कैलाश का दर्शन करेंगे। जागेश्वर धाम में पूजा-अर्चना करेंगे। हिन्दुत्व के जिस दर्शन को अपने अंदाज से मोदी ने पिछले वर्षों में प्रचारित करने का काम किया है, उसे पिथौरागढ़ में विस्तार मिलना तय है।

मोदी का दौरा आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से भी अहम है। चमोली जिले की तरह ही, पिथौरागढ़ की सीमाएं भी चीन से सटी हैं। उनकी केदारनाथ यात्रा में भी जहां हिन्दुत्व, सुरक्षा और विकास का सीधा संबंध था वहीं पिथौरागढ़ के 12 अक्टूबर के प्रस्तावित प्रवास में भी ये तीनों ही मजबूती से उपस्थित है। इसी क्रम में मोदी का सीमांत जिले में रहने वाले लोगों और वहां तैनात सेना और सुरक्षा बलों के जवानों से सीधे संवाद का भी कार्यक्रम है। साथ वे ही, 4200 करोड़ की योजनाओं का तोहफा भी देंगे।

पिथौरागढ़ में गुरुवार को मोदी की जनसभा भी प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि जनसभा में मोदी का जो भाषण होगा, उसके दूरगामी चुनावी निहितार्थ भी होंगे। उत्तराखंड में लोकसभा की सिर्फ पांच सीटें हैं, लेकिन मोदी और भाजपा इस छोटे से राज्य के महत्व को कभी कम आंक कर नहीं चले हैं। मोदी का पिथौरागढ़ दौरा उत्तराखंड भाजपा को चुनावी तैयारी के हिसाब से चार्ज करने वाला भी साबित होगा।

## महादेव ऑनलाइन ऐप मामले में संजय दत्त, सुनील शेट्टी समेत 34 अभिनेता हैं ईडी के रडार पर

**महादेव** ऑनलाइन गेमिंग ऐप मामले में नई जानकारी सामने आई है। 18 सितंबर को यूएई में आयोजित जन्मदिन समारोह और पार्टी में शामिल होने वालों में सुनील शेट्टी, संजय दत्त, रश्मिका मंदाना सहित 34 बॉलीवुड अभिनेताओं के नाम बताए गए हैं। ये सभी कलाकार अब ईडी की रडार पर हैं। यूएई में आयोजित पार्टी में एक यूट्यूब इन्फ्लुएंसर शामिल हुआ। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर किया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें शामिल हुए एक्टर्स की भी चर्चा होने लगी है इसीलिए ये अभिनेता ईडी के रडार पर आ गए हैं। बताया जाता है कि आरोपी सौरभ चंद्राकर ने अपनी शादी पर 200 करोड़ रुपये और




अपने जन्मदिन पार्टी पर 60 करोड़ रुपये खर्च किये थे। सामने आए वीडियो में कई कलाकार नजर आ रहे हैं। कौन से कलाकार हैं ईडी के रडार पर? दीप्ति साधवानी, रफ़्तार, सोनू सूद, सुनील शेट्टी, संजय दत्त, हार्डी संधू, सुनील ग्रोवर, रश्मिका मंधाना, सोनाक्षी सिन्हा, गुरु रंधावा, टाइगर श्रॉफ, सारा अली खान, सुखविंदर सिंह, कपिल शर्मा, मलाइका अरोड़ा, डीजे चेतस, नोरा फतेही, नुसरत भरूचा, मौनी रॉय, अमित त्रिवेदी, सोफी चौधरी, आफताब शिवदासानी, डेजी शाह, नरगिस फाखरी, उर्वशी रौतेला, इशिता राज, नेहा शर्मा, स्नेहा उलाल, प्रीति जंगियानी, शमिता शेट्टी, एलनाज, सोनाली सहगल, इशिता दत्ता, जियोर्जियो एंड्रियानी। एक वीडियो सामने आया है कि ये सभी कलाकार उस पार्टी में गए थे। सूत्रों ने बताया है कि महादेव बुक ऐप का विज्ञापन और प्रचार करने वाले इन सभी कलाकारों और गायकों को भारी रकम दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब न केवल सौरभ चंद्राकर की शादी और बर्थडे पार्टी में शामिल होने और परफॉर्म करने वाले सेलिब्रिटीज बल्कि महादेव बुक ऐप का विज्ञापन और प्रचार करने वाले बॉलीवुड कलाकार भी ईडी के रडार पर हैं।

## गागर में सागर

### सोने-चांदी की चमक बरकरार



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की वायदा कीमतों में तेजी देखी जा रही है। हालांकि आज सोने के वायदा भाव हल्की गिरावट के साथ खुले जरूर लेकिन बाद में इसकी कीमतों में तेजी आने लगी। चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ ही खुले। चांदी के वायदा भाव 69,600 रुपए के करीब से और सोने के वायदा भाव 57,800 रुपए के ऊपर कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट, जबकि चांदी की वायदा कीमतों में तेजी देखने को मिली।

**चांदी चमकी :** चांदी के वायदा भाव में आज तेजी देखने को मिली। एमसी पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 69,146 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह 69,580 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। बुधवार सुबह सोने की वैश्विक कीमतों में ज्यादा फर्क देखने को नहीं मिला। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.05 फीसदी या 0.90 डॉलर की गिरावट के साथ 1874.40 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय 0.02 फीसदी या 0.28 डॉलर की बढ़त के साथ 1860.68 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड

### सेबी ने कंपनियों के लिए नियम पालन करने की समयसीमा बढ़ाई



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (रएइक) ने निवेशकों के हितों को ध्यान में रखकर एक नोटिफिकेशन जारी किया है। यह सर्कुलर बाजार में उड़ रही अफवाहों पर कंपनियों के द्वारा रुख साफ करने से जुड़े नियमों को लेकर है। सेबी ने सर्कुलर के जरिए लिस्टेड कंपनियों के लिए नए नियमों का पालन करने की समयसीमा को अगले साल तक के लिए बढ़ा दिया है। बता दें कि निवेशकों की हितों की रक्षा करने के लिए और उन्हें किसी भी अफवाह से बचाने के लिए सेबी ने लिस्टेड कंपनियों को समयसीमा का अनुपालन करने का समय दिया था। सर्कुलर के अनुसार, मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 100 लिस्टेड कंपनियों के लिए मेनस्ट्रीम मीडिया में रिपोर्ट की गई किसी भी बाजार अफवाह की पुष्टि, खंडन या स्पष्टीकरण की समय सीमा 1 फरवरी, 2024 तक बढ़ा दी गई है। इससे पहले यह नियम इसी साल 1 अक्टूबर से लागू होने वाला था। इसी तरह, टॉप 250 लिस्टेड कंपनियों के लिए, नियम 1 अप्रैल, 2024 के बजाय 1 अगस्त, 2024 से लागू होगा। सोमवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, इस आशय को देने के लिए, नियामक ने लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं नियमों में संशोधन किया है। इस नोटिफिकेशन में कहा गया है कि इस नियम का उद्देश्य लिस्टेड कंपनियों के कॉर्पोरेट प्रशासन को मजबूत करना है।

### युद्ध के बीच इजरायली करेंसी में आई भारी गिरावट

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में इजरायल और फिलिस्तीन के बीच बुधवार 5वें दिन भी युद्ध जारी है। हमास के हमले के बाद शुरू हुए इस युद्ध का फिलहाल कोई समाधान नहीं नजर आ रहा है। इस बीच इजरायल की करेंसी शेकेल को तगड़ा नुकसान हुआ है और उसकी वैल्यू कई सालों के निचले स्तर पर आ गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार यानि 9 अक्तूबर को इजरायल की करेंसी शेकेल में 2.5 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई थी। वह मार्च 2020 के बाद किसी एक दिन में शेकेल के भाव का सबसे बड़ा उतार-चढ़ाव है। आज (11 अक्तूबर) भी शेकेल के भाव पर दबाव बना हुआ है। अभी एक डॉलर के मुकाबले शेकेल की वैल्यू कम होकर 4 के करीब पहुंच गई है। यह 7-8 साल में शेकेल की सबसे कम वैल्यू है। इजरायल की करेंसी शेकेल की वैल्यू में इस साल अब तक 11 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं की तुलना में इस साल डॉलर के भाव में पहले से तेजी देखी जा रही है। इसके चलते लगभग सारी एशियाई करेंसी 2023 में दबाव में हैं। उसके बाद पश्चिमी एशियाई देश के युद्ध में उतरने से शेकेल की वैल्यू पर असर हुआ है और अब वैल्यू 2016 की शुरूआत के बाद के सबसे निचले स्तर पर है।

### इन्वेस्टर्स को रिटर्न देने में आगे हैं ये 5 आईटी कंपनियां

# 4 साल में लौटाए 3.28 लाख करोड़ रुपये

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों को कई तरह से कमाई होती है। शेयरों के भाव में आने वाली तेजी के अलावा कंपनियां अपने शेयरहोल्डर्स को डिविडेंड और बायबैक के जरिए रिटर्न देती हैं। आंकड़े बताते हैं कि इन तरीकों से शेयरहोल्डर्स को रिटर्न देने में आईटी कंपनियां काफी आगे हैं।

**ये हैं टॉप 5 आईटी कंपनियां :** फाइनेंशियल एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, टॉप-5 लिस्टेड आईटी कंपनियों ने लाभांश और शेयरों की पुनर्खरीद के जरिए पिछले चार वित्त वर्ष के दौरान अपने शेयरहोल्डर्स को 3.28 लाख करोड़ रुपये लौटाए हैं। पांचों टॉप आईटी कंपनियों को औसत पेआउट 79.6 फीसदी है। आपको बता दें कि शेयर बाजार में लिस्टेड पांच बड़ी आईटी कंपनियां टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक हैं। इनमें टीसीएस सबसे बड़ी कंपनी है,



जो घरेलू शेयर बाजार की सभी कंपनियों में बाजार पूंजीकरण के हिसाब से दूसरे नंबर पर है और सिर्फ रिलायंस इंडस्ट्रीज से ही पीछे है।

**पहले नंबर पर टाटा की टीसीएस :** आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2018-19 से वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान टीसीएस ने डिविडेंड के रूप में शेयरहोल्डर्स को 1,17,087 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वहीं कंपनी ने इस दौरान 50 हजार करोड़ रुपये के शेयरों की पुनर्खरीद की है। इस तरह टीसीएस 94 फीसदी के पेआउट रेशियो के साथ शेयरहोल्डर्स को रिटर्न देने में सबसे आगे है।

**इंफोसिस ने किया इतना रिटर्न :** दूसरे नंबर पर इंफोसिस है, जिसने पिछले 4 वित्त वर्ष के दौरान 58,131 करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया है और 26,756 करोड़ रुपये के शेयरों की पुनर्खरीद की है। इंफोसिस का पेआउट रेशियो 87 फीसदी है। 72.5 फीसदी के पेआउट

**आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2018-19 से वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान टीसीएस ने डिविडेंड के रूप में शेयरहोल्डर्स को 1,17,087 करोड़ रुपये का भुगतान किया है**

रेशियो के सथ टेक महिंद्रा तीसरे स्थान पर है, जिसने आलोच्य अवधि में 14,832 करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया है और 1,956 करोड़ रुपये की पुनर्खरीद की है। पिछले 4 वित्त वर्षों में एचसीएल टेक ने 30,045 करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया है, जबकि 4000 करोड़ रुपये के शेयरों की पुनर्खरीद की है। कंपनी का पेआउट रेशियो 56.1 फीसदी है। वहीं विप्रो ने इस दौरान 5,393 करोड़ रुपये के डिविडेंड के साथ-साथ 20 हजार करोड़ रुपये के शेयरों की पुनर्खरीद की है। विप्रो का पेआउट रेशियो 47.8 फीसदी है।

### मेट्रो सिटीज को मात दे रहे हैं देश के छोटे शहर

## फेस्टिव सेल में कर रहे हैं जमकर खरीदारी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

त्योहारी सीजन की खुमारी पूरे देश में जोर पकड़ने लगी है। इसके साथ ही फेस्टिव सीजन सेल भी रफ्तार पकड़ रही है। इस साल त्योहारी बिक्री में एक अलग ट्रेंड ये देखने को मिल रहा है कि छोटे शहर खरीदारी करने में मेट्रो शहरों पर भारी पड़ रहे हैं। पीटीआई की एक हालिया रिपोर्ट में फेस्टिव सीजन सेल के रुझान के बारे में बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो जैसी ई-कॉमर्स कंपनियों को छोटे शहरों से ज्यादा बिक्री मिल रही है। रिपोर्ट के अनुसार, मीशो को सेल के पहले 3 दिनों में 80 फीसदी ऑर्डर टिअर-2 और छोटे शहरों से मिले हैं। वहीं फ्लिपकार्ट को बिग बिलियन डेज सेल के पहले दिन 60 फीसदी से ज्यादा ऑर्डर नॉन-मेट्रो शहरों से मिले हैं। रिपोर्ट में फ्लिपकार्ट के हवासे से कहा गया है कि इस बार की बिग बिलियन डेज सेल में पहले दिन उसके 60 फीसदी से ज्यादा ऑर्डर टिअर-1, टिअर-2 और टिअर-3 शहरों से आए। यही हाल अमेजन के साथ भी है। अमेजन का कहना है कि उसकी ग्रेट इंडिया फेस्टिवल सेल के शुरूआती दिनों में 80 फीसदी से ज्यादा ऑर्डर नॉन-मेट्रो शहरों से आए हैं। ई-कॉमर्स कंपनियों को इस साल फेस्टिव सीजन सेल में ग्राहकों का बंपर रिस्पॉन्स मिल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, बिग बिलियन डेज सेल के पहले दिन फ्लिपकार्ट प्लेटफॉर्म को 9.1 करोड़ विजिट मिले।

### चीन की स्मार्टफोन वीवो के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय-एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने चीनी स्मार्टफोन मेकर वीवो के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की अपनी जांच के तहत बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत लावा इंटरनेशनल मोबाइल कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी), चीन के एक नागरिक, एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) और एक अन्य व्यक्ति को ईडी ने हिरासत में ले किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है कि इन चारों व्यक्तियों को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है। उन्हें यहां एक अदालत में पेश किये जाने की उम्मीद है, जहां एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट उन्हें अपनी हिरासत में देने का अनुरोध करेगा।

**वीवो पर टैक्स चोरी का भी आरोप :** ईडी ने कंपनी और इससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर पिछले साल जुलाई में छापा मारा था। उस समय चीनी नागरिकों और कई भारतीय कंपनियों की संलिप्तता वाले एक बड़े मनी




लॉन्ड्रिंग गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया था। ईडी ने तब आरोप लगाया था कि वीवो ने भारत में टैक्स की अदायगी से बचने के लिए 62,476 करोड़ रुपये 'अवैध रूप से' चीन भेज दिए थे। हालांकि वीवो और एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने इस बारे में पूछे गए किसी भी सवाल का आधिकारिक जवाब नहीं दिया है। साल 2022 के इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग सहित टैक्स चोरी के भी मामले की जांच चल रही है। इन एक्जीक्यूटिव्स को हिरासत में लेने के बारे में पीटीआई पर एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जानकारी दी गई थी। वीवो इंडिया, वीवो कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी की सब्सिडियरी कंपनी है और इसका हेडक्वार्टर चीन में है।

### आईएमएफ ने भारत के जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया, चीन का घटाया

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल मॉनेटिरी फंड (आईएमएफ) ने मौजूदा फाइनेंशल ईयर के लिए भारत के ग्रोथ अनुमान को 0.2 प्रतिशत बढ़ाकर 6.3% बढ़ा दिया है। उसका कहना है कि जून तिमाही के दौरान खपत में काफी तेजी देखने को मिली है। दूसरी ओर उसने चीन के ग्रोथ अनुमान को घटा दिया है। आईएमएफ ने जुलाई में भारत की \आरजीडीपी ग्रोथ रेट के 6.1% रहने का अनुमान जताया था। यह आंकड़ा इस अवधि में भारतीय रिजर्व बैंक के 6.5 प्रतिशत के अनुमान से कम था। आईएमएफ ने कहा कि मॉनेटिरी पॉलिसी अनुमानों के मुताबिक मध्यम अवधि में भारतीय रिजर्व बैंक इंफ्लेशन के लक्ष्य को हासिल कर सकता है। आईएमएफ ने कहा कि भारत ने अप्रैल-जून, 2023 के दौरान 35 से 40 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात रूस से किया, जबकि यूक्रेन युद्ध से पहले यह आंकड़ा पांच प्रतिशत से भी कम था।

## म्यूचुअल फंड्स में निवेश पहली बार 2023 में 16,000 करोड़ रुपये के पार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सितंबर महीने में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश में 30 फीसदी की कमी देखने को मिली है। सितंबर 2023 में ओपेन एंडेड इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में 14091.26 करोड़ रुपये का निवेश आया है जो अगस्त 2023 में 20,245.26 करोड़ रुपये रहा था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इ इंडिया ने ये डेटा जारी किया है। वहीं सिस्टमैटिक इंवेस्टमेंट प्लान के जरिए म्यूचुअल फंड्स में आने वाले निवेश अपने ऐतिहासिक रिकॉर्ड हाई 16,000 करोड़ रुपये के पार जा पहुंचा है। एम्फी के मुताबिक मार्च 2021 के बाद से लगातार 31 महीनों से इक्विटी फंड्स में आने वाला नेट इंफ्लो में तेजी देखने को मिली है। सितंबर महीने में लार्ज कैप फंड्स और इएलएसएस को छोड़ दें तो ज्यादातर फंड्स में निवेश बढ़ा है। सेक्टोरल या थिमैटिक कैटगरी के इक्विटी




म्यूचुअल फंड्स में सबसे ज्यादा 3146 करोड़ रुपये का निवेश आया है। दूसरे नंबर पर स्मॉल कैप फंड्स है जिसमें निवेश लगातार बढ़ा है। स्मॉल कैप फंड्स में 2678.47 करोड़ रुपये का निवेश आया है। हालांकि ये अगस्त के 4264.82 करोड़ रुपये के इंफ्लो से कम है। एम्फी के मुताबिक मल्टीकैप फंड 2234.52 करोड़ रुपये, मिड कैप फंड्स में 2000 I88 करोड़ रुपये और फ्लेक्सी कैप फंड्स में 1353.91 करोड़ रुपये का निवेश आया है। एम्फी ने बताया कि सिस्टमैटिक इंवेस्टमेंट प्लान के जरिए किया जाने वाला निवेश सितंबर महीने में पहली बार किसी एक महीने में 16,000 करोड़ रुपये के पार जा पहुंचा है। अगस्त महीने में SIP के जरिए 15,245 करोड़ रुपये का निवेश आया था। छोटे निवेशकों में SIP के जरिए बाजार में निवेश करने को लेकर जागरूकता बढ़ी है। वहीं सितंबर महीने में 16 न्यू फंड ऑफरिंग के जरिए म्यूचुअल फंड्स ने 7795 करोड़ रुपये जुटाये हैं।

## विदेश

### अमेरिका में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े हिंदू मंदिर अक्षरधाम का हुआ उद्घाटन

## 'यह मंदिर भारत व अमेरिका के दोस्ती का संगम है'



**एजेंसी। न्यूयॉर्क सिटी**

दुनिया में दूसरे सबसे बड़े और पश्चिमी गोलार्द्ध में सबसे बड़े हिंदू मंदिर का अमेरिका के न्यू जर्सी शहर में उद्घाटन किया गया है। न्यूयॉर्क सिटी से 99 किलोमीटर दक्षिण में न्यू जर्सी की रॉबिन्सविले सिटी में 185 एकड़ भूभाग में स्थित यह अक्षरधाम मंदिर 191 फुट ऊंचा है। बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण' (बीएपीएस) के नेता महंत स्वामी महाराज की मौजूदगी में आठ अक्टूबर को इस मंदिर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में हजारों लोग शामिल हुए। उद्घाटन के दिन मंदिर के दर्शन करने वाले जैन आध्यात्मिक नेता आचार्य लोकेश मुनि ने कहा कि यह मंदिर भारत के संदेश को बाकी दुनिया तक लेकर जाता है। यह मंदिर भारत और अमेरिका के बीच के संगम का संदेश देता है। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल ने मंदिर के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से बधाई संदेश दिया। महंत स्वामी महाराज ने कहा, उत्तर अमेरिका में ऐसे अक्षरधाम मंदिर का निर्माण करना प्रमुख स्वामी महाराज की दिव्य इच्छा थी जहां सभी जाति, नस्ल या धर्म के लोग आ सकते हैं।" उद्घाटन समारोह में डेलावेयर के गवर्नर जॉन कार्नी और कांग्रेस सदस्य स्टेनी होयर भी शामिल हुए। बीएपीएस के वरिष्ठ नेता और प्रेरक वक्ता ज्ञानवत्सलदास स्वामी ने कहा, ह्यह्ययह इस ग्रह पर दूसरा सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है और जाहिर तौर पर पश्चिम गोलार्द्ध में यह सबसे बड़ा मंदिर है जिसका आठ अक्टूबर को महंत स्वामी महाराज के 90वें जन्मदिन पर उद्घाटन किया गया। यह इस समाज और मानवता को समर्पित है। उन्होंने कहा, मंदिर बनाने का मूल उद्देश्य लोगों को मूल्यों के साथ प्रेरित करना है। भारतीय ग्रंथों के अनुसार एकांतिक धर्म के चार स्तंभ - धर्म, ज्ञान, वैराग्य और भक्ति को भगवान स्वामीनारायण ने अच्छी तरह से स्पष्ट किया है। इसलिए यह भारतीय संस्कृति और परंपरा को समर्पित एक स्मारक है।

### आई.एस.आई.एस. व अल कायदा से अलग नहीं

## हमास चाहता है यहूदी राज्य का विनाश



**एजेंसी। न्यूयार्क**

संयुक्त राष्ट्र में इसराईल के स्थायी प्रतिनिधि गिलाद एर्दान ने कहा कि हमास एक 'नरसंहारक इस्लामवादी जेहादी आतंकवादी' संगठन है। यह आई. एस. आई. एस. व अल कायदा से अलग नहीं है। वह बातचीत नहीं चाहता है, केवल यहूदी राज्य का विनाश चाहता है। हमास के 'नरसंहार चार्टर' का उल्लेख करके उन्होंने कहा कि यह उनके चार्टर का सीधा उदाहरण है किमुसलमान यहूदियों से लड़ते रहेंगे और जब तक उन्हें मार नहीं डालेंगे, तब तक न्याय का दिन नहीं आएगा। हमास का चार्टर यह भी कहता है कि जब भी किसी मुस्लिम का सामना एक यहूदी से होता हो तो उसे अवश्य ही मार देना चाहिए। उन्होंने इसराईल पर हमास के हमले की निंदा की और कहा कि यह इसराईल का '9/11' है और संकल्प जताया कि उनका देश बंधक बनाए गए लोगों को घर वापस लाने के लिए सब कुछ करेगा। 7 अक्तूबर को गाजा पट्टी में हमास - इसराईल संघर्ष शुरू होने के बाद से कम से कम 12 थाई नागरिक मारे गए और 11 अन्य का अपहरण कर लिया गया।

### यूएनएचआरसी में रूस को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में नहीं मिली एंट्री

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में रूस को बेइज्जती का सामना करना पड़ा है। रूस संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष मानवाधिकार इकाई में सीट पाने की कोशिश में नाकाम रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में मंगलवार को इस सिलसिले में मतदान हुआ था। पिछले वर्ष यूक्रेन पर हमले के बाद रूस की सदस्यता समाप्त करने के लिए महासभा में मतदान हुआ था। बहरहाल मंगलवार के मतदान में पूर्वी यूरोपीय क्षेत्रीय समूह का प्रतिनिधित्व करने वाली दो सीटों के लिए रूस का मुकाबला अल्बानिया और बुल्गारिया से था। गोपनीय तरीके ये हुए मतदान में बुल्गारिया को 160, अल्बानिया को 123 और रूस को 83 वोट मिले। रूस ने दावा किया कि उसे बहुमत का समर्थन प्राप्त है और 83 मत उसे संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यीय देशों में से आधे से भी कम देशों से प्राप्त हुए हैं, जो गौर करने वाली बात है।

### मचा कोहराम | हमास के बीच लगातार चौथे दिन भी भीषण युद्ध जारी

# 3000 से अधिक लोगों की हुई मौतें, सैकड़ों हुए घायल

**एजेंसी। तेल अवीव**

इजरायल और फिलीस्तीनी चरमपंथी समूह हमास के बीच लगातार चौथे दिन भी भीषण युद्ध जारी है। इजराइल के मुताबिक हमलों में अब तक दोनों तरफ से युद्ध में मरने वालों की संख्या 3000 से अधिक हो गई है और सैकड़ों लोग घायल हो गए हैं। इजरायल ने गाजा को चारों ओर से घेरने का आदेश दिया है। गाजा में हर तरह की सप्लाई को रोका जा रहा है। गाजा में शासन करने वाले चरमपंथी समूह हमास द्वारा शनिवार को इजराइल पर अचानक भीषण हमलों के बाद दशकों में पहली बार जंग सड़कों पर आ गई। इजराइल ने मंगलवार को कहा कि उसने गाजा सीमा क्षेत्रों को हमास के आतंकवादियों से वापस ले लिया है। इजराइली सरकार ने कहा कि हमास के हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया है. गाजा के कुछ हिस्सों को ध्वस्त कर दिया है और अपने नियंत्रण में ले



लिया है। गाजा के बिजली प्राधिकरण ने कहा है कि इजराइल के आपूर्ति ठप करने के बाद उसके इकलौते बिजली संयंत्र में ईंधन समाप्त हो जाएगा, जिससे गाजा में बिजली की आपूर्ति बंद हो जाएगी। इजराइल ने कहा है कि हमास ने सप्ताहांत में जो कहर बरपाया है उसका बदला लेने के लिए वह क्षेत्र की बिजली काट देगा। गाजा के लिए सभी रास्ते बंद हैं, जिससे बिजली संयंत्र के लिए ईंधन या जेनरेटर ला पाना असंभव है। बिजली प्राधिकरण ने बुधवार को कहा कि दोपहर तक बिजली संयंत्र बंद हो जाएगा। जंग के कारण लोग भूख-प्यास से बेहाल हैं। सप्लाई चेन ठप से होने आने वाले दिनों में खाने की किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। इजरायल का कहना है कि युद्ध तभी खत्म होगा, जब हमास का आखिरी आतंकी नहीं मारा जाता है। इस बीच, ईरान के शीर्ष अधिकारी अयातुल्ला अली खामेनेई ने स्पष्ट किया कि तेहरान, हमास के हमले में शामिल नहीं था, हालांकि उन्होंने इजराइल को नुकसान पहुंचाने वालों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। इजरायल का आरोप है कि हमास के आतंकियों ने 40 बच्चों को मार डाला। इसके लिए उन्होंने इन बच्चों के गले काटे। इजरायल में 1500 हमास आतंकियों के शव मिले हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को उसी की भाषा में जवाब देने का ऐलान किया है। इस बीच हमास ने धमकी दी है कि अगर इजरायल ने आम नागरिकों पर हमला जारी रखा तो इजरायली बंधकों को फांसी पर चढ़ा देगा। हमास के कब्जे में 100 के आसपास इजरायली बंधक हैं।

## पाक में भारत का मोस्ट वांटेड आतंकी शाहिद लतीफ की हुई हत्या

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पठानकोट हमले के मास्टरमाइंड मोस्ट वांटेड आतंकी शाहिद लतीफ की हत्या की खबर सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान में आतंकी शाहिद लतीफ की हत्या की गई है। ऐसी जानकारी है कि अज्ञात हमलावरों ने सियालकोट में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। एनआईए ने यूएपीए के तहत शाहिद के खिलाफ केस दर्ज किया था। वो भारत सरकार की लिस्ट में वह मोस्ट वांटेड आतंकी था। बताया जाता है कि गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत नामित आतंकवादी लतीफ उर्फ बिलाल को उसके दो सहयोगियों के साथ तीन बंदूकधारियों ने गोली मार दी थी। शाहिद तलीफ पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गुजरांवाला का रहने वाला था. वो जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा हुआ था। शाहिद लतीफ पठानकोट में 2 जनवरी, 2016 हमले का मास्टरमाइंडथा. इसके अलावा शाहिद इंडियन एयरलाइंस के विमान हाईजैक करने के मामले में भी आरोपी था। लतीफ ने 1993 में कश्मीर घाटी में घुसपैठ की थी और एक साल बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया था।

## पेज एक के शेष

### पुलिस कांस्टेबल की ...

बाद अभिषेक को और बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी, जिसके बाद अक्षरा कुमारी अपने पति अभिषेक को रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में ले गई जहां इलाज के दौरान अभिषेक की मौत हो गई।

### जनजाति समुदाय भारतीय...

स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजों द्वारा किए गए अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष किया। राष्ट्र के लिए उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि जनजाति समुदाय की कला जीवंत हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'वोकल फॉर लोकल' का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 24 जिलों की विभिन्न पंचायतों के भ्रमण के दौरान, लोगों से संवाद किया और उनके कौशल को निकट से देखा। यहां के आदिवासी समाज की महिलाएं परिश्रमी हैं और विकास के लिए लालायित हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं और आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हैं।

### बड़ी मात्रा में ईंधन...

आपूर्ति प्रणाली का निर्माण किया है, जो औद्योगिक धातु-अपशिष्ट का उपयोग करके एक इलेक्ट्रॉन इंजेक्टर तंत्र से प्रेरित है, जिसके द्वारा कठिन अनुकूलन के बाद, प्रयोगशाला पैमाने पर ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन की अधिकतम दर लगभग एक लीटर मिनट प्रति 10 ग्राम तक अर्जित की गई है।




# भारत ने अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया



## रोहित का शतक, विराट का अर्धशतक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टीम इंडिया ने क्रिकेट विश्व कप में जीत का क्रम जारी रखा है। ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराने के बाद अब भारतीय टीम ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान को भी 8 विकेट से धूल चटा थी। अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए कप्तान शाहिदी के 80 रनों की मदद से 272 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी टीम इंडिया की ओर से रोहित शर्मा ने 131 तो विराट कोहली ने 55 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले अफगानिस्तान की शुरूआत खराब रही। जसप्रीत बुमराह ने 7वें ओवर में अफगानी ओपनर इब्राहिम जादरान (22) का विकेट निकाला। जादरान बुमराह की अंदर आई गेंद को समझ नहीं पाए और राहुल को कैच थमा बैठे। इसके बाद रहमानउल्लाह गुरबाज 28 गेंदों पर 21 रन बनाकर हार्दिक पांड्या का शिकार बन गए। तभी भारतीय गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने भी स्ट्राइक की। उन्होंने 22 गेंदों पर 16 रन बनाने वाले रहमत शाह को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। 63 रन पर तीन विकेट गिर जाने के बाद अफगानी मध्यक्रम में कप्तान शाहिदी और उमरजई ने मोर्चा संभला और चौथे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को पांड्या ने 34.2 ओवर में तोड़ते हुए अजमतुल्लाह उमरजई (62) को बोल्ड किया। भारत को पांचवीं सफलता कुलदीप यादव ने दिलाई जब 42.4 ओवर में उन्होंने शाहिदी को अपने जाल में फंसाते हुए एलबीडब्ल्यू किया। शाहिदी ने 88 गेंदों पर 8 चौकों और एक छक्के की मदद से 80 रन बनाए। बुमराह ने 45वें ओवर में अफगानिस्तान को दो झटके दिए। पहले 45वें ओवर की दूसरी गेंद पर बुमराह ने नजीबुल्लाह जादरान (2) को कोहली के हाथों कैच आउट करवाया और फिर मोहम्मद नबी (19) को छठी गेंद पर एलबीडब्ल्यू किया। बुमराह ने अपना चौथा और कुल 8वां विकेट लेते हुए राशिद खान (16) को शिकार बनाया और 48.1 ओवर में कुलदीप के हाथों कैच आउट हुए।

## स्कोर बोर्ड

| अफगानिस्तान | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहमानउल्लाह गुरबाज | 21 | 28 | 3 | 1 |
| इब्राहिम जदरान | 22 | 28 | 4 | 0 |
| रहमत शाह | 16 | 22 | 3 | 0 |
| हशमतउल्लाह शहीदी | 80 | 88 | 8 | 1 |
| अजमतउल्लाह ओमरजाई | 62 | 69 | 2 | 4 |
| मोहम्मद नबी | 19 | 27 | 1 | 0 |
| नजीबउल्लाह जदरान | 2 | 8 | 0 | 0 |
| राशिद खान | 16 | 12 | 1 | 1 |
| मुजीब उर रहमान नाबाद | 10 | 12 | 2 | 0 |
| नवीन उल हक | 9 | 8 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त** : 15, **कुल** : 272/8 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-32, 2-63, 3-63, 4-184, 5-225, 6-229, 7-235, 8-261 . डीआरएस
**गेंदबाजी** : जसप्रीत बुमराह 10-0-39-4, मोहम्मद सिराज 9-0-76-0, हार्दिक पंड्या 7-0-43-2, शार्दुल ठाकुर 6-0-31-1, कुलदीप यादव 10-0-40-1, रवींद्र जाडेजा 8-0-38-0

| भारत | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 131 | 84 | 16 | 5 |
| इशान किशन | 47 | 47 | 5 | 2 |
| विराट कोहली | 55 | 56 | 6 | 0 |
| श्रेयस अय्यर | 25 | 23 | 1 | 1 |

**अतिरिक्त** : 15, **कुल** : 273/2 (35 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-156 , 2-205. डीआरएस
**गेंदबाजी** : फजलहक फारूकी 6-0-50-0, मुजीब उर रहमान 8-0-64-0, नवीन उल हक 5-0-31-0, अजमतउल्लाह ओमरजाई 4-0-34-0, मोहम्मद नबी 4-0-32-0, राशिद खान 8-0-57-2

# रोहित शर्मा ने सर्वाधिक छक्के उड़ाने में गेल का रिकॉर्ड तोड़ा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ यहां अरुण जेटली स्टेडियम में आतिशी बल्लेबाजी का नजारा पेश करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के उड़ाने में वेस्ट इंडीज के क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रोहित ने मात्र 30 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। रोहित ने नवीन उल हक पर तीसरा छक्का उड़ाने के साथ यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। रोहित के अब 554 छक्के हो गए हैं और उन होने गेल का 553 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के : 554 - रोहित शर्मा 553 - क्रिस गेल 476 - शाहिद आफरीदी 398 - ब्रेंडन मैकुलम 383 - मार्टिन गुप्तिल

## वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | एनआरआर | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 2 | 2 | 0 | +1.958 | 4 |
| पाकिस्तान | 2 | 2 | 0 | +0.927 | 4 |
| अफगानिस्तान | 2 | 0 | 2 | -1.907 | 0 |
| ऑस्ट्रेलिया | 1 | 0 | 1 | -0.883 | 0 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | -0.653 | 2 |
| भारत | 2 | 2 | 0 | +1.500 | 4 |
| साउथ अफ्रीका | 1 | 1 | 0 | +2.040 | 2 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | -1.161 | 0 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 0 | 2 | -1.800 | 0 |
| इंग्लैंड | 2 | 1 | 1 | +0.553 | 2 |

### एशियन गेम्स 2023

# कांस्य पदक जीत झारखंड लौटीं तीन महिला खिलाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीतकर रांची लौटे भारतीय महिला हॉकी टीम में शामिल झारखंड की तीन खिलाड़ियों का बुधवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। 23 सितम्बर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांगझोऊ में आयोजित 19वीं एशियन गेम्स के महिला हॉकी प्रतिस्पर्धा में भारतीय महिला हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीता है। इस टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ी




निक्की प्रधान, सलीमा टेटे और संगीता कुमारी शामिल थीं। टीम में शामिल झारखंड की तीनों खिलाड़ी हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह के साथ बुधवार को रांची लौटीं।

### भारत-पाक मैच को लेकर खास प्रोग्राम

# मुकाबले से पहले होगा भव्य समारोह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार 14 अक्टूबर को एक नया अध्याय लिखेंगे क्योंकि दोनों क्रिकेट दिग्गज अहमदाबाद में वनडे विश्व कप 2023 में एक-दूसरे के सामने होंगी। लोगों को भी कट्टर प्रतिद्वंदियों को एक दूसरे के खिलाफ देखने का बहुत उत्साह है। अब यह उत्साह और भी बढ़ने वाला है क्योंकि भारत-पाक मैच से पहले सेरेमनी की जानकारी सामने आई है। वनडे विश्व कप 2023 का उद्घाटन समारोह रद्द



कर दिया गया था लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले से पहले एक कार्यक्रम की संभावना है।

दुनिया के सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत जैसे भारतीय सिनेमा के दिग्गज इस बहुप्रतीक्षित टकराव को देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। दूसरी और 'मास्टर ब्लास्टर' सचिन तेंदुलकर भी इस हाई-ऑक्टेन गेम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इसके अलावा मशहूर बॉलीवुड गायक अरिजीत सिंह के भी इस भव्य अवसर पर लाइव प्रस्तुति देने की उम्मीद है। गौर हो कि भारत ने अपने विश्व कप अभियान की शुरूआत ऑस्ट्रेलिया पर जीत के साथ की जबकि पाकिस्तान को बड़े मुकाबले की ओर बढ़ने के लिए दो मैचों में दो जीत की जरूरत है। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सचिन तेंदुलकर, रजनीकांत और अमिताभ बच्चन को गोल्डन टिकट दिए। भारत बनाम पाकिस्तान मैच के लिए बहुत सारे वीआईपी लोगों के आने की उम्मीद है।

# हरभजन और बिपिन होंगे 37 वें राष्ट्रीय खेल के डिप्टी सीडीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन ने बुधवार को गोआ में आयोजित किये जाने वाले 37वे राष्ट्रीय खेल के लिए अपने डिप्युटी सीडीएम की घोषणा कर दी। बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक ने बताया कि झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के वरीय पदाधिकारी सह ओलंपियन हरभजन सिंह और कब्बडी एसोसिएशन के सचिव बिपिन कुमार सिंह झारखंड दल के डिप्टी सी डी एम बनाये गए है।



उन्होंने बताया कि ये गेम्स गोआ के विभिन्न जगहों पर दिनांक 25 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक आयोजित होंगे। ज्ञातव्य है कि शिवेंद्र नाथ दुबे कोषाध्यक्ष झारखंड दल के सी डी एम नियुक्त किये जा चुके हैं।

### यूईएफए ने की यूरो 2028 और 2032 के मेजबानों की घोषणा

**न्योन।** यूईएफए ने मंगलवार को यहां आयोजित एक समारोह में यूरो 2028 और 2032 के मेजबान संघों की घोषणा की। इंग्लैंड, उत्तरी आयरलैंड, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स यूरो 2028 की मेजबानी करेंगे, जबकि 2032 संस्करण इटली और तुर्किये में आयोजित किया जाएगा। यूरो 2032 की मेजबानी के लिए शुरू में इतालवी और तुर्की फुटबॉल संघों ने अलग-अलग बोली लगाने का निर्णय लिया था, लेकिन दोनों देशों ने अंततः टूर्नामेंट के लिए संयुक्त बोली प्रस्तुत करने का फैसला किया। यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, मैं बोली लगाने वालों और मेजबान संघों को बधाई देना चाहता हूं, जिनके समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को आज विधिवत मान्यता दी गई है। साथ मिलकर, हम इस महान टूर्नामेंट के अविस्मरणीय संस्करण बनाएंगे जो हमें एकजुट करेंगे और खेल भावना का जश्न मनाएंगे।

### शंघाई मास्टर्स क्वार्टर फाइनल में पहंचे ह्यूबर्ट हुरकाज

**शंघाई।** ह्यूबर्ट हुरकाज ने झांग झिझेन को 7-6(6), 4-6, 7-6(4) से हराकर टेनिस के शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। हुरकाज का अगला मुकाबला हंगरी के फैबियन से होगा, जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 7-6 (3), 3-6, 6-4 से हराया। फैबियन ने मैच के बाद कहा, मैच खत्म करना कभी आसान नहीं होता। वह शीर्ष 10 खिलाड़ी में हैं और मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। मैं मैच जीतकर बहुत खुश हूं। संयुक्त राज्य अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा ने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को पर 7-5, 7-6 (6) से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोर्डा ने कहा, जिस तरह से मैंने टाईब्रेक में खेला उससे मैं बहुत खुश हूं।

# राफेल नडाल ऑस्ट्रेलियन ओपन-2024 में करेंगे वापसी : क्रेग टिली



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलियाई ओपन-2024 राफेल नडाल के फैंस के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि लंबी चोट के बाद स्पेन के खिलाड़ी की वापसी होने वाली है। टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिली ने बुधवार को इस बात की घोषणा की। चैनल नाइन टुडे से बात करते हुए, टिली ने खुलासा किया कि 22 बार का ग्रैंड स्लैम चैंपियन साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी कर रहे हैं। वह अपने आखिरी सीजन के लिए तैयार हैं। नडाल ने दो बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता है। उन्होंने 2009 के फाइनल में रोजर फेडरर को हराया और 2022 में अपने 21वें ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए डेनियल मेदवेदेव को हराया था। 37 वर्षीय स्पैनियार्ड जनवरी में लगी चोट के बाद से प्रतिस्पर्धी टेनिस से दूर हैं। नडाल ने ठीक होने के लिए पूरे सीजन से बाहर रहने का फैसला लिया। नडाल ने मई में कहा था, मैं सिर्फ खुद को फिर से प्रतिस्पर्धा करने का मौका देना चाहता हूं जो मेरा आखिरी साल होगा। मुझे उम्मीद है कि 2024 में जब मैं वापसी करुंगा तो वह मेरे करियर का एक यादगार साल रहेगा।

# झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम घोषित, 27 से टूर्नामेंट शुरू

**एजेंसी/नई दिल्ली**

रांची में 27 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच खेली जाने वाली झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की घोषणा बुधवार को कर दी गई। टूर्नामेंट में भारत के अलावा जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमे हिस्सा लेंगी। भारतीय महिला टीम ने हाल ही में 19वें एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। सविता टूर्नामेंट में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी जबकि दीप ग्रेस एक्का उपकप्तान की भूमिका में होंगी। भारत टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरूआत 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगा जिसके बाद 28



अक्टूबर को उसका मुकाबला मलेशिया से होगा। भारत अपने तीसरे गेम में सोमवार यानी 30 अक्टूबर को चीन से भिड़ेगा जबकि 31 अक्टूबर को जापान के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेगा। भारत अपना अंतिम पूल मैच दो नवंबर को कोरिया के खिलाफ खेलेगा। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल चार नवंबर को और फाइनल पांच नवंबर को खेला जाएगा।

टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, एक टीम के रूप में हमारी गति और निरंतर सुधार को जारी रखने के लिए यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। हमने एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया था। आगामी टूर्नामेंट हमें अपने एशियाई चैलेंजर्स के खिलाफ अपनी स्थिति में और सुधार करने का मौका देगा।

**भारतीय टीम**

**गोलकीपर :** सविता और बिचु देवी खारीबाम
**रक्षा पंक्ति :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी और दीप ग्रेस एक्का रक्षा पंक्ति
**मिडफील्ड लाइन-अप :** निशा, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, मोनिका, ज्योति और बलजीत कौर
**फॉरवर्ड :** लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका और वंदना कटारिया
**बैकअप :** शर्मिला देवी और वैष्णवी विट्ठल फाल्के

### अबू धाबी टी10 — सातवें संस्करण के लिए न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने बनाई मजबूत टीम

# कुसल परेरा, मोहम्मद हारिस का चयन

**एजेंसी। अबू धाबी**

सागर खन्ना के स्वामित्व वाले न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने प्लेयर ड्राफ्ट के माध्यम से अबू धाबी टी10 के सातवें संस्करण के लिए एक मजबूत टीम बनाई है। दिलचस्प बात यह है कि न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स की टीम ने पिछले साल अबू धाबी टी10 का अपना पहला सीजन खेला और उपविजेता रही।

न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने कार्ल क्रो को अपने मुख्य कोच बरकरार रखा है, जिन्होंने पहले टूर्नामेंट के 2021 संस्करण में डेक्कन ग्लेडियेटर्स को जीत दिलाई थी। क्रो की कोचिंग विशेषज्ञता विश्व स्तर पर विभिन्न क्रिकेट फ्रेंचाइजी तक फैली हुई है, जिसमें आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ उनका कार्यकाल भी शामिल है। क्रो को दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी एल्बी मोर्कल की सहायता मिलेगी, जो टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में काम करना जारी रखेंगे।

प्लेयर ड्राफ्ट शुरू होने से पहले ही, न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने पहले ही अपने रोस्टर में महत्वपूर्ण बदलाव



कर दिए थे। उन्होंने पूर्व विंडीज कप्तान कीरोन पोलार्ड को अपने आइकन प्लेयर के रूप में बरकरार रखा। पोलार्ड ने कहा, मुझे फिर से न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स का नेतृत्व करने और इस असाधारण रूप से प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करने का सौभाग्य मिला है। इस टीम के भीतर हम जिस मानक की आकांक्षा रखते हैं वह उत्कृष्टता से कम नहीं है और परिणामस्वरूप, हम पिछले साल की तुलना में एक कदम आगे जाने और अबू धाबी टी10 चैंपियनशिप जीतने के लिए अपना सब कुछ देंगे।

पोलार्ड के साथ हमवतन सुनील नरेन (प्लेटिनम), पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शोएब मलिक (एशियाई सुपर स्टार), और तेजतर्रार बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर (कैट ए) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, टीम ने अपने लाइनअप को और मजबूत करते हुए त्रिनिदाद के स्पिनर अकील होसेन और यूएई के बल्लेबाज मुहम्मद वसीम को भी बरकरार रखने का फैसला किया।

न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने ड्राफ्ट में कुछ रणनीतिक चयन किए, जिससे अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा और उभरती संभावनाओं का मिश्रण सामने आया। श्रीलंका से, उन्होंने चार होनहार खिलाड़ियों - लाहिरू कुमारा (कैट सी), चमिका करुणारत्ने (कैट सी), कुसल परेरा (कैट सी) के साथ-साथ युवा लसिथ क्रूसपुले (उभरते हुए) का चयन किया है। इनके अलावा अफगान बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (कैट ए), और हार्ड-हिटिंग पाकिस्तानी सनसनी मोहम्मद हारिस (कैट बी) भी टीम में शामिल हैं।

खिलाड़ियों के ड्राफ्ट के सफल समापन के बाद, मुख्य कोच कार्ल क्रो ने कहा, मैं ड्राफ्ट से वास्तव में खुश हूं। हमें वे खिलाड़ी मिल गए जिनकी हम तलाश कर रहे थे। हम उत्साहित हैं और आने वाले सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और हमारे पास टूर्नामेंट में एक महत्वपूर्ण छाप छोड़ने का पूरा मौका है।

टीम के मालिक सागर खन्ना ने कहा, हम इस बात से बहुत खुश हैं कि खिलाड़ियों का ड्राफ्ट हमारे लिए कैसा रहा क्योंकि हमें वह मिला जो हम चाहते थे। यह हमारी योजनाओं के अनुसार हुआ। हमें विश्वास है कि हमारी टीम मुख्य कोच क्रो और गेंदबाजी कोच मोर्कल के मार्गदर्शन में बेहतर करेगी। हम पिछले साल खिताब जीतने के बहुत करीब थे, लेकिन नहीं जीत सके, हालांकि, इस साल हम प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

**न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स की टीम**

**ड्राफ्ट के द्वारा चुने गए खिलाड़ी :** रहमानुल्लाह गुरबाज (कैट ए), ओडियन स्मिथ (कैट बी), मोहम्मद हारिस (कैट बी), लाहिरू कुमारा (कैट सी), चमिका करुणारत्ने (कैट सी), कुसल परेरा (कैट सी), मुहम्मद जवादुल्लाह (यूएई-) आरईएस), चुंदंगापोयिल रिजवान (यूएई-आरईएस), लसिथ क्रूसपुले (उभरते हुए), विल जैक्स (ऑप्ट 1), अली खान (ऑप्ट 2)।
**बरकरार रखे गए खिलाड़ी :** कीरोन पोलार्ड (आइकन), अकील होसेन (कैट बी), मुहम्मद वसीम (यूएई-आरईएस)।
**पूर्व-करार :** सुनील नरेन (प्लैटिनम), मोहम्मद आमिर (कैट ए), शोएब मलिक (एशियाई सुपर स्टार)।

# मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता एक नवंबर को



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खेलकूद व युवा कार्य निदेशालय रांची की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। यह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में होगी। प्रतियोगिता की शुरूआत एक नवंबर से जिले के सभी 194 पंचायतों में होनी है। प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाले खिलाड़ियों की आयु सीमा 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। यह जानकारी जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता पंचायत स्तर से शुरू होकर राज्य स्तर तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता के अंतर्गत सभी मैच नॉकआउट आधार पर खेले जायेंगे। उन्होंने बताया कि जिले भर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के संचालन के लिए पंचायत स्तर पर गठित कमेटी के अध्यक्ष मुखिया होंगे। उनके अलावा कमेटी में बीइइओ, पंचायत सचिव, संबंधित प्रखंड का उत्कृष्ठ खिलाड़ी और विद्यालय के प्रधानाचार्य शामिल होंगे। आयोजन के लिए पंचायत कमेटियों को मिलेंगे पांच-पांच हजार, दूसरे चरण में प्रखंड स्तर पर होगी प्रतियोगिता, खर्च के लिए मिलेंगे दस-दस हजार रुपये, तीसरे चरण में होगी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता।